# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1575 :** भारतीय मुगल बादशाह अकबर ने बंगाली सेना को तुकरोई की लड़ाई में पराजित किया।

**1839 :** भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति और टाटा समूह के संस्थापक जमशेद जी टाटा का जन्म हुआ।

**1845 :** फ्लोरिडा अमेरिका का 28वां राज्य बना था।

**1847 :** टेलीफोन का आविष्कार करने वाले अलेक्जेंडर ग्राहम बेल का जन्म।

**1939 :** महात्मा गांधी ने 1939 में 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' का प्रारम्भ किया।


• 3 मार्च 2024 रविवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 07 • अंक : 303 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 2.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


# 93 करोड़ की लागत से गढ़वा की पांच महत्वपूर्ण योजनाओं का आज लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

## कल्याणपुर में 60 करोड़ की लागत से बने नये समाहरणालय भवन का भी सीएम करेंगे उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार को एक दिवसीय दौरे पर गढ़वा आयेंगे और 93 करोड़ की लागत से गढ़वा शहर की पांच महत्वपूर्ण योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। सर्वप्रथम वे कल्याणपुर में 60 करोड़ की लागत से बने नये समाहरणालय भवन का उदघाटन करेंगे। इसके साथ ही वे कल्याणपुर में ही समाहरणालय के ठीक सामने 15 करोड़ की लागत से बने बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, गोविंद उवि के मैदान में सात करोड़ रूपये से बने बहुप्रतीक्षित नीलांबर-पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन, सोनपुरवा मेंचार करोड़ की लागत की नवनिर्मित अंतर्राज्यीय पालिका परिवहन



पड़ाव और सदर अस्पताल के सामने राजकीय कन्या मवि के मैदान में सात करोड़ की लागत से बने फुटबॉल स्टेडियम का भी उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर गोविंद उ.वि. के मैदान में मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सर्वप्रथम 12.10 में कल्याणपुर में समाहरणालय भवन परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। तत्पश्चात 12.20 बजे समाहरणालय भवन का उदघाटन करेंगे। 12.30 बजे समाहरणालय परिसर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद 12.40 में समाहरणालय के सामने बने बिरसा मुंडा पार्क का उदघाटन करेंगे। एक बजे अंतर्राज्यीय पालिका परिवहन पड़ाव का उदघाटन करेंगे। 1.20 बजे फुटबॉल स्टेडियम का उदघाटन करेंगे। इसके बाद 1.30 बजे बहुउद्दशीय सांस्कृतिक भवन का उदघाटन करेंगे। 1.40 बजे सांस्कृतिक भवन स्थित शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके पश्चात 1.50 बजे सामने गोविद उवि के मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन के साथ गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पथ निर्माण, भवन निर्माण व जल संसाधन मंत्री बसंत सोरेन और अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन कला एवं संस्कृति, खेलकूद, युवा कार्य एवं निबंधन मंत्री हफीजुल हसन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह के मौके पर चार दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाना है। इस कार्यक्रम में देश भर के बड़े-बड़े नामी गिरामी कलाकार शामिल होंगे।

# बिहार का तेज विकास मोदी की गारंटी : प्रधानमंत्री



- **बिहार के औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया साढ़े 21 हजार करोड़ की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में विकसित बिहार बनाएंगे। इसके लिए वे कृतसंकल्प और प्रतिबद्ध हैं। बिहार को अब किसी भी हालत में पुराने दौर में वापस नहीं जाने दिया जाएगा। बिहार आगे बढ़ेगा। बिहार का विकास होगा- यह मोदी की गारंटी है। श्री मोदी ने आज औरंगाबाद के रतनुआ में आयोजित कार्यक्रम में करीब साढ़े 21 हजार करोड़ की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उदघाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए कहा कि एक बार फिर बिहार ने डबल इंजन सरकार के जरिए विकास की रफ्तार पकड़ ली है और आज औरंगाबाद की धरती से बिहार के विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की गंगा बहने वाली है और यह आपके विश्वास, उत्साह और संकल्प की ताकत से ही संभव हो रहा है। इसी विश्वास के लिए मैं आपको धन्यवाद देने के लिए यहां आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ बिहार आगे बढ़ेगा। आज शुरू की जा रही विकास योजनाएं नए बिहार की नई दिशा की परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं विकसित हो रही हैं और इसी के तहत वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी बड़ी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। दरभंगा एवं बिहटा में बनने वाला नया एयरपोर्ट नई रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ेगा जिससे लोगों को आसानी होगी। उन्होंने कहा कि एक वह दौर था जब लोगों को घरों से निकलने में डर लगता था। आज बिहार में पर्यटन की संभावनाएं विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब बिहार को अशांति, अराजकता और आतंक की आग में झोंक दिया गया था। युवाओं को प्रदेश छोड़कर पलायन करना पड़ा था। लेकिन आज का दौर है कि युवाओं का कौशल विकास किया जा रहा है। हम हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ की लागत से माल की नींव रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार तभी आगे बढ़ेगा जब गरीब आगे बढ़ेगा।

# अंबाजीत एवं मोतरा में जमीन खरीद बिक्री पर रोक, सीएम से मिले ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखण्ड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अंबाजीत एवं मोतरा के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि बड़कागांव अंचल अंतर्गत थाना नंबर 136 एवं थाना नंबर 139 में स्थित निजी भूमि को जिला प्रशासन हजारीबाग के द्वारा जमीन खरीद बिक्री पर रोक लगाने संबंधी आदेश सब रजिस्ट्रार कार्यालय हजारीबाग को भेजा है। इस संबंध में अंचल कार्यालय बड़कागांव और ना



ही संबंधित रैयतों को कोई सूचना है। ग्रामीण रैयत जब अपनी भूमि को किसी को केवाला करने के लिए इच्छुक हुए तब उन्हें यह बोलकर मना कर दिया गया कि भूमि की खरीद बिक्री पर जिला प्रशासन द्वारा रोक लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को आवेदन देकर रैयतों की जमीन खरीद बिक्री पर लगी रोक हटाने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि यह कदम एनटीपीसी एवं जिला प्रशासन के द्वारा मिलीभगत से लोगों को परेशान करने के लिए किया गया है। इस दौरान सतीश नारायण दास, अशोक सिंह, संजय दास मौजूद थे।

# भाजपा ने जारी की 195 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी सहित 195 प्रत्याशियों के नाम हैं। जारी सूची के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके अलावा लखनऊ से राजनाथ सिंह, मोहनलालगंज से कौशल किशोर, अमेठी से स्मृति ईरानी, इटावा से रामशंकर कठेरिया, संभल से परमेश्वर लाल सैनी, गौतमबुद्ध नगर से डॉ. महेश शर्मा, बुलंदशहर से डॉ. भोला सिंह, मथुरा से हेमामालिनी, फैजाबाद से लल्लू सिंह, गोंडा से कीर्तिवर्द्धन सिंह, लखीमपुर खीरी से अजय मिश्र टेनी को चुनाव मैदान में उतारा गया है। वहीं झारखंड के राजमहल (सु.) से ताला मरांडी, दुमका (सु.) से सुनील सोरेन, गोड्डा से डॉ निशिकांत दुबे, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, रांची से संजय सेठ, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, सिंहभूम (सु.) से गीता कोड़ा, खूंटी (सु.) से अर्जुन मुंडा, लोहरदगा (सु.) से समीर उरांव, पलामू (सु.) से विष्णु दयाल राम एवं हजारीबाग से मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है।

## राज्य की 14 में से 11 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान, हजारीबाग और लोहरदगा में कैंडीडेट बदले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/ नयी दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को राज्य की 14 में से 11 (चतरा , धनबाद और गिरिडीह छोड़कर ) लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया। राजमहल से ताला मरांडी प्रत्याशी होंगे वहीं दुमका से सुनील सोरेन, गोड्डा निशिकांत दुबे, कोडरमा अन्नपूर्णा देवी, रांची संजय सेठ, जमशेदपुर विधुत वरन महतो, सिंहभूम गीता कोड़ा, खूंटी अर्जुन मुंडा, लोहरदगा समीर उरांव, पलामू वी डी राम और हजारीबाग से मनीष जायसवाल प्रत्याशी होंगे। भाजपा ने इस बार हजारीबाग और लोहरदगा में कैंडिडेट बदले हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शनिवार को कुल 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रेदशों में से 195 सीटों पर निर्णय हुआ है। 34 केंद्रीय और राज्य मंत्री इस सूची में शामिल हैं।

# सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के पांकी-मेदिनीनगर रन्नेभरी छलका पुल के नीचे तेज रफ्तार बाइक सवार चार छात्र पेड़ से टकराते हुए नीचे गिर गए। इस घटना में एक छात्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी जबकि एक छात्र ने इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में दम तोड़ दिया। छात्र दीपक को रिम्स रेफर कर दिया गया है। एक अन्य छात्र भी हादसे में घायल है। बताया जा रहा है कि नौवीं की परीक्षा देने के बाद एक ही बाइक पर चार छात्र घूमने निकल गए थे। इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए। बताया जाता है कि मृतक लाल सूरज कुमार अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ नौवीं कक्षा की परीक्षा देने पांकी रन्नेभरी स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय गया था। परीक्षा देने के बाद मृतक लाल सूरज कुमार समेत चार छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर सलगस की ओर घूमने चले गए थे। घर लौटने के दौरान रन्नेभरी छलका पुल के नीचे बाइक सवार सभी छात्र नीचे गिर गए। दुर्घटना में लाल सूरज कुमार नामक छात्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पांकी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पांकी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सड़क हादसे में लाल सूरज कुमार व छोटू कुमार की मौत हो गयी, जबकि दीपक कुमार की हालत नाजुक है। सभी परसिया के हैं।

# बीपीएससी ने 40,247 प्रधान शिक्षकों की भर्ती निकाली

## प्रिंसिपल के 6061 पदों पर भी निकली बहाली, 11 मार्च से कर सकेंगे आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 40,247 पदों पर प्रधान शिक्षकों की भर्ती निकाली है। इस संबंध में आयोग ने विज्ञापन जारी किया है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 11 मार्च से 2 अप्रैल 2024 तक निर्धारित की गई है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आयोग के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इन पदों के लिए अप्लाई कर सकते हैं। इसके साथ ही उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रिंसिपल के 6061 पदों पर भर्ती निकली है। प्रधान शिक्षक प्रिंसिपल होंगे, लेकिन वो क्लास 1 से 8 तक के लिए होंगे। वहीं, प्रधानाध्यापक के लिए जो बहाली निकली है, उसमें जो प्रिंसिपल बनेंगे, वह क्लास 9 से 10 और 11 से 12 के लिए होंगे। प्रधान शिक्षकों के लिए जो नियुक्ति निकाली गई है उनमें अनारक्षित वर्ग के लिए 10081 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 4028, अनुसूचित जाति के लिए 8041, अनुसूचित जनजाति के लिए 808, अति पिछड़ा वर्ग 10056 और पिछड़ा वर्ग के लिए 7245 पद शामिल है। प्रधान शिक्षकों को प्रारंभिक वेतन 30,500 रुपए मिलेगा। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से समय-समय पर किए जाने वाले वेतन पुनरीक्षण के समय वेतन बढ़ाया जाएगा। इन पदों पर चयन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। पहले पाठ में सामान्य अध्ययन की परीक्षा होगी। दूसरे पाठ में डीएलएड विषय की परीक्षा होगी। कुल 150 अंकों की परीक्षा होगी। इसके लिए शिक्षकों को 2.30 घंटे का समय दिया जाएगा। लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय आधारित होगी। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। गलत उत्तर के लिए नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं है। विज्ञापन के अनुसार कोई भी शिक्षक आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में भाग ले सकता है। बशर्ते उसके पास सरकारी प्रारम्भिक विद्यालयों में न्यूनतम 8 वर्षों का शिक्षण अनुभव हो और दिनांक 01.08.2024 को 58 वर्ष या उससे कम आयु के हो। इस परीक्षा में अनुशासनिक कार्रवाई वाले शिक्षक शामिल नहीं होंगे। वहीं ऐसे शिक्षक भी शामिल नहीं होंगे, जिनका प्रमोशन हो चुका है। वहीं, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रिंसिपल के 6061 पदों पर भर्ती निकली है। अभ्यर्थी 11 मार्च से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। इसमें अनारक्षित वर्ग के लिए 1340 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 576, अनुसूचित जाति के लिए 1283, अनुसूचित जनजाति के लिए 128, अति पिछड़ा वर्ग 1595, पिछड़ा वर्ग के लिए 1139 पद शामिल है।

# हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा नहीं लड़ना चाहते हैं लोकसभा चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** बीजेपी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। सीटिंग सांसद अपने-अपने क्षेत्र में वोटरों से मिल रहे हैं। इसी बीच हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का इरादा जाहिर किया है। इस बात की जानकारी जयंत सिन्हा ने अपने एक्स अकाउंट पर दी है। उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने के पीछे का मकसद भी बताया है। हजारीबाग सांसद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से अपील की है। मुझे मेरे प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करें, ताकि मैं भारत और दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन से निपटने पर अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा। मुझे पिछले दस वर्षों से भारत और



हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कई अवसरों पर आशीर्वाद भी मिले हैं। जयंत सिन्हा 2014 में पहली बार हजारीबाग से लोकसभा चुनाव लड़े और जीते। उन्हें पीएम मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में मंत्री बनाया था। 2016 से 2019 तक उड्डयन राज्य मंत्री रहे। इसके अलावा 2014 से 2016 तक वित्त राज्य मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

## सात नक्सलियों पर 47 लाख रुपये इनाम की घोषणा

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने सात नक्सलियों पर 47 लाख रुपये का इनाम की घोषणा की है। आतंक का पर्याय बन चुके इन सात नक्सलियों पर इनाम से संबंधित भंडरिया के इंदिरा गांधी चौक सहित अन्य जगहों पर पुलिस ने पोस्टर चिपकाया है। तस्वीर के साथ चिपकाये गये पोस्टर के माध्यम से गढ़वा पुलिस ने बताया कि लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के नक्सली कुंदन खरवार पर 10 लाख रुपये का इनाम की घोषणा की गयी है। इसी तरह भंडरिया थाना क्षेत्र के जेजेएमपी कमांडर टुनेश उरांव व बिहार के गया जिले के मनीष यादव पर पांच-पांच लाख, गढ़वा जिले के डंडई थाना के राजू भुइयां पर दो लाख, लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के छोटू सिंह पर 15 लाख, उत्ज्वल उर्फ मनीष पर पांच लाख और बरवाडीह थाना के मृत्युंजय भुइयां पर पुलिस ने 10 लाख रुपये का इनाम की घोषणा की गयी है।

# धनबाद मेडिकल कॉलेज में आग, नवजात की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में शुक्रवार की रात आग लग गई। आग डायलिसिस सेंटर में लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। पूरे वार्ड में धुआं भर गया। नियो नेटाल केयर यूनिट में भर्ती एक नवजात की मौत की भी सूचना है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इधर, अफरा-तफरी के बीच 8 बच्चों के परिजन उन्हें लेकर चले गए। बाद में जानकारी मिली कि बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने से पास के पेडियाट्रिक, गाईनी, मेल मेडिसिन, आई एंड ईएनटी, ऑर्थोपेडिक्स और दूसरे विभागों में भी धुआं भरने लगा। इसके बाद भगदड़ मच गई। मरीज और कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे। परिजनों ने अपने मरीजों को ग्रिल तोड़कर बाहर निकाला। एसएनएमएमसीएच के डायलिसिस यूनिट में आग लगने से दूसरे फ्लोर में एनआइसीयू-एसआइसीयू में धुआं भर गया था। इस वार्ड में हादसे से करीब एक घंटे पहले तोपचांची के एक नवजात को एडमिट कराया गया था। धुआं भरने की वजह से नवजात की मौत हो गई। हालांकि इसकी पुष्टि न तो अस्पताल प्रबंधन ने की और न ही उसके परिजनों ने।

# नीतीश कुमार ने कई विभागों की 5471 योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प से 12 हजार 268 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत की कुल 5 हजार 471 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। ये योजनाएं संयुक्त रूप से ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग की है। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा विभाग की 3 हजार 904 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से 4 ग्रिड उपकेन्द्रों का उद्घाटन एवं मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबद्ध योजना-2 का कार्यारंभ किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की 603 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से लोहिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, सुपौल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य



विभाग की 6 हजार 559 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से कुल 3 हजार 957 पथों एवं 344 पुलों का शिलान्यास किया गया। साथ ही लघु जल संसाधन विभाग की कुल 1 हजार 201 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से 1 हजार 101 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ऊर्जा, स्वास्थ्य, ग्रामीण पथों एवं सिंचाई के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। राज्य के किसानों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिया जा रहा है। राज्य के किसी भी कोने से अधिकतम 5 घंटे की अवधि में राजधानी पटना पहुंचने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। सबके लिए स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता, टोलों एवं गांवों को बारहमासी सड़क संपर्कता तथा हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं जल संचयन के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौरी, उपमुख्यमंत्री सह लघु जल संसाधन मंत्री विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा सह ग्रामीण कार्य मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा. एस. सिद्धार्थ, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# लालू की भविष्यवाणी-इस बार मोदी नहीं आएंगे, राहुल को घूमना बंद कर सीटों का बंटवारा करना चाहिए

**पटना , एजेंसी।** मैं भविष्यवाणी करता हूं कि इस बार मोदी नहीं आएंगे। इंडिया गठबंधन की ही जीत होगी। ये बातें आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने एक मीडिया इंटरव्यू में कही हैं। बिहार के पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर इस इंटरव्यू को शेयर किया है, जहां उन्होंने नीतीश कुमार से लेकर आडवाणी तक पर बात की।

नीतीश के पास बार-बार जाने के सवाल पर लालू यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के पास हम लोग नहीं जाते बल्कि वही बार-बार आते हैं। अब नीतीश के आने का कोई चांस नहीं है। राहुल की कौन सी कमजोरी है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनकी कोई कमजोरी नहीं है। वो अपने काम में लगे हैं। राहुल गांधी सभी को साथ लेकर चल रहे हैं।

राजद सुप्रीमो ने इंडिया अलायंस को सलाह दी कि अब समय नहीं है, घुमना फिरना बंद कीजिए। सीटों का बंटवारा कर आगे बढ़िए।

आडवाणी का रथ रोकने के सवाल पर लालू प्रसाद यादव ने कहा राज रहे या राज जाए इसको (बीजेपी) टॉलरेट नहीं करना है। हमारे संविधान और प्रस्तावना को कोई नुकसान पहुंचाएगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम आडवाणी जी को समझाने दिल्ली तक गए। वे काफी गुर्राए कहा कि कोई माई का लाल है जो दूध पिया है जो हमारे रथ को रोकेगा।



मैंने कहा कि हम नहीं जानते हैं कि आपने अपनी माता जी का दूध पिया है या नहीं या पाउडर का दूध चाट कर रह गए, लेकिन मैंने भैंस का दूध पिया है, और मैं आपको छोड़ूंगा नहीं। मैंने समस्तीपुर में आडवाणी जी को गिरफ्तार कराया। पूरे देश में हलचल हो गई तो हमने उनको गिरफ्तार कराया।

आडवाणी जी को हमने गिरफ्तार किया और उधर वीपी सिंह की सरकार आउट हो गई। उन लोगों ने समर्थन वापसी ले लिया। तो हमने सरकार को गंवाया। बाबरी मस्जिद को बचाने के लिए हमारा प्रयास रहा। कहा कि ऐसा करने के लिए मुझे किसी नेता ने नहीं बोला था, मैंने अपनी मर्जी से किया। मुफ्ती मोहम्मद सईद ने मना किया था। आडवाणी को पीएम तो पहले बनना चाहिए था लेकिन बन गए मोदी। कभी भी नहीं झुके हैं हम न झुकेंगे, कम्युनल फोर्सेज को नस्ते नाबूद करने के बारे में हमेशा सोचते रहते हैं।

लालू यादव ने कहा कि इंडिया अलायंस ही जीतेगा। गठबंधन फिर अपने स्वरूप में आ रहा है। जो निकल गए, वो निकल गए। जनता नहीं निकली है। लोग नहीं निकले हैं। वहीं मीडिया को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि आज की मीडिया डरपोक है। बिकी हुई है। मीडिया के मन में मोदी है।

मैं भविष्यवाणी करता हूं कि मोदी नहीं आएंगे। वहीं ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन से अलग होने के सवाल पर कहा कि ममता जी कहीं नहीं जाएंगी वो हमारे साथ रहेंगी।

आप सबसे ज्यादा किस नेता को पसंद करते हैं इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सोनिया जी काफी उलझी हुई नेता हैं। तेजस्वी और राहुल का भविष्य उज्जवल है।

गांधी मैदान की रैली का मापदंड लालू का गरीब रैला-एक्सपर्ट बोले- जनविश्वास रैली अग्निपरीक्षा, तेजस्वी के राजनीतिक भविष्य को तय करेगी

लालू प्रसाद की छवि रैलियों वाले नेता की रही है। रैलियों से ही लालू प्रसाद ने अपनी बड़ी पहचान बनाई है। रैलियों से ही लालू प्रसाद ने बताया कि उनकी ताकत कैसी है। तब सोशल मीडिया का जमाना भी नहीं था। रैलियां ही मास के बीच अपनी बात कहने का जरिए होती थी। अब सत्ता से बाहर होने के बाद तेजस्वी यादव 3 मार्च की रैली की तैयारी में जुट गए हैं। महागठबंधन की जन विश्वास रैली से पहले तेजस्वी यादव ने बिहार में जन विश्वास यात्रा की। यात्रा के जरिए लोगों को रैली में आने के लिए निमंत्रण दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### गोमतीनगर और गोड्डा के बीच चलेगी नई ट्रेन, गाड़ी हर शुक्रवार और शनिवार को चलेगी

**नालंदा, एजेंसी।** रेलवे ने गोरखपुर-सीवान-हाजीपुर-बरौनी-मुंगेर-सुल्तानगंज-भागलपुर के रास्ते गोमतीनगर और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन 15090/15089 गोमतीनगर-गोड्डा-गोमतीनगर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन करने का निर्णय लिया है। नई ट्रेन का परिचालन गोमतीनगर से 1 मार्च से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को और गोड्डा से 02 मार्च से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को होगा।

नई ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 2 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 8 कोच, शयनयान श्रेणी के 6 कोच, साधारण श्रेणी के 4 कोच होंगे।

गाड़ी संख्या 15090 गोमतीनगर-गोड्डा एक्सप्रेस 1 मार्च से शुक्रवार को गोमतीनगर से 15.35 बजे खुलकर शनिवार को 01.53 बजे सोनपुर, 02.05 बजे हाजीपुर, 04.10 बजे बरौनी, 04.38 बजे बेगूसराय रुकते हुए 11.10 बजे गोड्डा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 15089 गोड्डा-गोमतीनगर एक्सप्रेस 02 मार्च से प्रत्येक शनिवार को गोड्डा से 14.10 बजे खुलकर 19.18 बजे बेगूसराय, 19.45 बजे बरौनी, 21.15 बजे हाजीपुर, 21.30 बजे सोनपुर रुकते हुए रविवार को 07.30 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी।

### सात माह बाद किडनैप लड़की बरामद, तीन अपहरणकर्ता गिरफ्तार



**गया, एजेंसी।** गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत झीलगंज मोहल्ले से पुलिस ने किडनैप एक लड़की को बरामद किया है। इस दौरान उसके अपहरण में शामिल तीन अपहरणकर्ताओं को मौके से गिरफ्तार भी किया गया है। पकड़े गए तीनों अपहरणकर्ताओं में एक महिला भी शामिल है। वहीं, लड़की के बरामदगी करने के बाद पुलिस 164 का बयान दर्ज कराएगी। घटना में शामिल तीनों आरोपियों को पकड़ने के बाद जेल भेजने की तैयारी में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि 11 जुलाई 23 को एक पीड़ित परिवार कोतवाली थाना को पहुंचा और अपनी बेटी का गलत नीयत से अपहरण कर लेने को लेकर लिखित आवेदन थानाध्यक्ष को दिया। दिए आवेदन में परिजनों ने पुलिस को बताया झीलगंज के रहने वाले सुजल कुमार अपने अन्य सहयोगियों के साथ मेरी बेटी का गलत नीयत से अपहरण कर लिया है। मामले में कोतवाली थाने में 429/23 केस दर्ज किया गया।

एसएसपी आशीष भारती ने घटना को काफ़ी संवेदनशील मानते हुए इस कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ़्तारी सहित किडनैप लड़की की बरामदी के निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। एसएसपी से मिले निर्देशों के बाद कोतवाली थाना के थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा छापेमारी करते हुए इस कांड के मुख्य आरोपी सुजल कुमार पिता संतोष प्रसाद समेत इस कांड में शामिल संतोष प्रसाद पिता श्री बैजनाथ प्रसाद, सहित रीता देवी को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान किडनैप लड़की को सकुशल बरामद किया गया।


### दारोगा साहब के चलते बिहार पुलिस की कोर्ट में किरकिरी, वेतन से 8 हजार काटने का आदेश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जमीन विवाद में जानलेवा हमले के आरोपित शंभू सहनी की अग्रिम जमानत की अर्जी पर सुनवाई में केस डायरी नहीं सौंपने पर मामले के विवेचक और दारोगा के वेतन से आठ हजार रुपये काटने का आदेश दिया गया है। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-11 अंकुर गुप्ता के कोर्ट ने जारी किया है। कोर्ट ने इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक को 15 मार्च तक रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।

गायघाट के धोबौली गांव के कन्हाई सहनी ने प्राथमिकी कराई थी। इसमें गांव के छोटू सहनी, शंभू सहनी व माला देवी को आरोपित बनाया था। कहा था कि 25 सितंबर 2018 को सम्मिलित पारिवारिक जमीन में लगे गूलर के पेड़ को आरोपित काट रहा था।

उ समें हिस्सा मांगने गए तो आरोपितों ने टेंगारी व पघरिया से वार कर घायल कर दिया। उसे बचाने आई पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों का उपचार श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में कराया गया।

वहीं कन्हाई सहनी ने फर्द बयान दर्ज कराया था। इस मामले के आरोपित शंभू सहनी की ओर से 16 अगस्त 2023 को जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की गई। प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने केस डायरी की मांग करते हुए इस अर्जी को सुनवाई के लिए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-11 के कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। इसपर सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-11 ने कई बार केस डायरी की मांग व स्मार पत्र दिया। बाद में कोर्ट ने विवेचक से स्पष्टीकरण पूछा। विवेचक की ओर से कोई उत्तर नहीं दिया गया।




# बीएन मंडल विश्वविद्यालय में 19 मार्च को सीनेट की बैठक

## राज्यपाल भी होंगे शामिल, वार्षिक बजट होगा पारित

**मधेपुरा, एजेंसी।** भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की सीनेट का सामान्य वार्षिक अधिवेशन 19 मार्च को होगा। इसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के आने की भी संभावना है। बीएनएमयू के उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि अधिवेशन को लेकर कुलपति प्रो. बीएस झा के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने अधिसूचना जारी कर दी है।

सभी सदस्यों को आमंत्रण दिया गया है और उनसे 7 मार्च तक प्रश्न आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बैठक की प्रस्तावित कार्यसूची में कुलपति द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रगति प्रतिवेदन, राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा अध्यक्षीय अभिभाषण एवं अध्यक्षीय अभिभाषण पर सदस्यों द्वारा चर्चा प्रमुख है।

इसके बाद सीनेट की बैठक में विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 के अनुमोदन पर विचार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के वास्तविक आय-व्यय लेखा प्रतिवेदन के अनुमोदन पर विचार किया जाएगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट के अनुमोदन पर विचार तथा पिछले सीनेट की वार्षिक बैठक के पश्चात सम्पन्न विभिन्न प्राधिकारों, निकायों, समितियों के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार शामिल है।

विभिन्न महाविद्यालयों के संबंधन, नवसंबंधन, दीघीकरण, पद सृजन के अनुमोदन पर भी विचार किया जाएगा। सीनेट सदस्यों से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर का अनुमोदन पर विचार किया जाएगा और दिवंगत शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा।

**6 एवं 12 मार्च को होगी सिंडिकेट की बैठक:** बीएनएमयू में सीनेट की आगामी साधारण वार्षिक बैठक के निमित सिंडिकेट की दो बैठकों की तिथि घोषित कर दी गई हैं। सिंडिकेट की प्रथम बैठक 06 मार्च और दूसरी बैठक 12 मार्च को होगी। कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि दोनों बैठकें कुलपति प्रो. विमलेन्दु शेखर झा की अध्यक्षता में प्रशासनिक परिसर अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में दोपहर 12–30 बजे से निर्धारित हैं।

# सिलेंडर ब्लास्ट में 7 झुलसे, 4 की हालत नाजुक



**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक ही परिवार के 7 लोग झुलस गए हैं। इसमें एक ही परिवार की 5 महिलाएं और 2 पुरुष समेत 7 लोग झुलसे हैं। इसमें चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर किया गया है। सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोलकाता से आए थे।

**7 फरवरी को होनी थी शादी:** घटना सहरसा जिले के जलई ओपी थानां क्षेत्र के रही टोला गंडोल की है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी गंगाधर चौधरी के पुत्र सुभाष चौधरी की शादी 7 मार्च को होनी थी और 3 मार्च को फलदान था। इसी शादी समारोह को लेकर गंगाधर चौधरी कलकत्ता से शुक्रवार को ही सपरिवार अपने गांव राही टोला गंडोल आये थे। देर शाम घर में रखा हुआ सिलेंडर लीक होने लगा और उसमें आग लग गई। इस घटना में 7 लोग झुलस गए।आनन फानन में परिजनों ने सभी जख्मी को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जिसमें 4 लोगों की स्थिति बेहद नाजुक है। बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया। बांकी तीन जख्मी सदर अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं जख्मी के परिजन मोहन झा की माने तो कुल 7 आदमी जख्मी हुए है। घर में शादी समारोह था सब उसी में आये थे। ये लोग कलकत्ता में रहते थे ।सिलेंडर लीक होने की वजह से आग लग गयी। वहीं सदर अस्पताल पहुंचे सदर एसडीपीओ आलोक कुमार की माने तो प्रथम दृष्टया गैस सिलिंडर ब्लास्ट का मामला है। जांच की जा रही है।

# महिला से 17 लाख ठगी करने वाला गिरफ्तार



**गया, एजेंसी।** गया शहर के रामपुर थाना की पुलिस टीम ने धोखाधड़ी कर 17 लख रुपए ठगी करने के मामले में एक जालसाज को गिरफ़्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी जिले के टिकारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मउ ओपी का रहने वाला राजीव कुमार मिश्रा पिता स्वर्गीय किशोर कुमार मिश्रा बताया जा रहा है। पुलिस इसकी गिरफ्तारी करने के बाद इसे थाने लाकर पूछताछ कर रही है। इसके विरुद्ध न्यायालय से भी वारंट निर्गत था। घटना के संबंध में रामपुर थाना के थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया टिकारी के मऊ क्षेत्र से एक जालसाज को गिरफ़्तार किया गया है। पकड़े गए जालसाज पर लाखों रुपए के गबन के मामले में पूर्व से प्राथमिकी रामपुर में दर्ज है। राजीव कुमार मिश्रा नामक आरोपी इस मामले में पकड़ा गया है। इसकी गिरफ्तारी के बाद इसे थाना लाकर जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया पकड़े गए आरोपी राजीव मिश्रा ने रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री नगर मोहल्ले की रहने वाले बिंदु देवी पति बृजेश दयाल सिंह से ट्रक खरीदने के नाम पर 17 लख रुपए की ठगी कर ली थी। रुपए ठगी करने के बाद यह फरार हो गया था। इस मामले में पीड़िता बिंदु देवी ने 22 जुलाई 22 को रामपुर थाने में 17 लख रुपए ठगी करने को लेकर केस दर्ज कराया था।

# दो बाइक में टक्कर से लगी आग..युवक जिंदा जलाऱ्खगड़िया में पति-पत्नी की हालत नाजुक

**खगड़िया, एजेंसी।** बिहार के खगड़िया में दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार जिंदा जल गया। दो बाइक की आमने सामने की टक्कर के बाद दोनों में आग लग गई। एक बाइक पर सवार घायल युवक आग की चपेट में आ गया और जिंदा जलने से उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरे बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा शुक्रवार देर शाम जिले के चौथम थाना इलाके के बीपी मंडल सेतु के पास डुमरी घाट पर एनएच 107 पर हुआ। महिला अपने पति के साथ मायके जा रही थी। घटना की जानकारी पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। बाइक पर सवार एक महिला इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसे स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। महिला की पहचान महेशखूंट थाना क्षेत्र स्थित छोटी झिटकिया गांव निवासी दिलीप पंडित की पुत्री रेशम कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रेशम कुमारी का पति पवन पंडित भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए बेगूसराय ले जाया गया है। बताया गया कि रेशम अपने पति के साथ ससुराल से मायके जा रही थी, जबकि जिंदा जलने वाला बाइक सवार युवक चौथम से बेलदौर की तरफ जा रहा था।

## पटना में चला ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 34 टेंपू जब्त

**पटना, एजेंसी।** पटना में ट्रैफिक को सुचारू बनाए रखने के लिए हर दिन ट्रैफिक पुलिस अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज पटना ट्रैफिक पुलिस और एच0 एच0 डी0 मशीन से सेक्टर प्रभारी और स्मार्ट सिटी में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा से 2 पहिया 3 पहिया और 4 पहिया गाड़ियों को मिलाकर कुल 70 गाड़ियों पर 140000 रुपए का चालान काटा। इन दिनों पटना में औसतम ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन मामले में रोज 15 लाख रुपया का चालान काटा जा रहा है। ट्रैफिक एसपी अशोक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया है कि ट्रैफिक पुलिस ने अलग अलग जगहों पर मरीन ड्राइव, अटल पथ और इंटरसेप्टर वाहन से अलग अलग जुर्म में लोगों का चालान काटा है। साथ ही 49 गाड़ियों को जब्त किया गया है। तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों से कुल 22 वाहनों पर कुल 28000 रुपए का चालान काटा गया। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों से कुल 38 वाहनों पर कुल 92000 रुपए का चालान काटा गया। बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के से कुल 10 वाहनों से कुल 20000 रुपए का चालान काटा गया।



# बीपीएससी ने फिर निकाली 46000 से अधिक वैकेंसी, इस तारीख से होगा आवेदन, नहीं होगी निगेटिव मार्किंग

**पटना, एजेंसी।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) शिक्षा विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 6,061 पद तथा शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षकों के 40 हजार 247 पदों पर नियुक्ति के लिए 11 मार्च से आनलाइन आवेदन स्वीकार करेगा।

आयोग की वेबसाइट पर दोनों श्रेणी के पदों की नियुक्ति प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी अपलोड कर दी गई है। सचिव रविभूषण ने बताया कि दो अप्रैल तक आनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित सूचना, विवरणी सहित सभी जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट के संपर्क में रहें। आवेदन से पहले वेबसाइट पर दर्ज विस्तृत दिशा-निर्देश का अध्ययन कर लें। त्रुटि में सुधार के लिए अवसर




प्रदान नहीं किए जाएंगे। दोनों श्रेणी में महिलाओं के 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं।

आयोग द्वारा अधिसूचना के अनुसार 2012 या उसके बाद नियुक्त शिक्षकों को आवेदन के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वहीं, 2012 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए दक्षता परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक होगी। सीबीएसई, आइसीएसई तथा बिहार बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए दक्षता परीक्षा या पात्रता परीक्षा का प्रविधान लागू नहीं होगा।

आवेदन के लिए राज्य सरकार के विद्यालय में माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम आठ वर्ष की लगातार सेवा, सीबीएसई, आइसीएसई व बिहार बोर्ड से स्थायी संबद्धता प्राप्त विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम 12 साल की लगातार सेवा तथा सीबीएसई, आइसीएसई व बिहार बोर्ड से स्थायी संबद्धता प्राप्त विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम 10 वर्ष की लगातार सेवा अनिवार्य है। अवधि की गणना योगदान की तिथि अथवा प्रशिक्षण अर्हता प्रापत करने की तिथि, जो बाद की तिथि हो के आधार पर की जाएगी। आयु की गणना एक अगस्त, 2023 से सामान्य श्रेणी के लिए न्यूनतम 31 तथा अधिकतम 47 वर्ष निर्धारित है, अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों को उम्र में छूट का प्रविधान है।

# मधुबनी सांसद अशोक यादव सहित 6 लोगों को मिली जमानत, सड़क जाम और पुलिस पर पथराव का यह है मामला

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार के दरभंगा में सदर थाना क्षेत्र के खूटवारा में वर्ष 2004 में सड़क जाम, पुलिस बल और वाहनों पर पथराव मामले में मधुबनी सांसद अशोक कुमार यादव सहित छह आरोपितों ने कोर्ट में जमानत याचिका के साथ सरेंडर किया।

तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद सांसद अशोक यादव सहित आरोपितों की जमानत याचिका स्वीकृत कर ली।

घटना 28 अक्टूबर 2004 को हुई थी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। यह मामला सत्रवाद के विचारण में अभियोजन साक्ष्य के लिए निर्धारित चली आ रही थी।

सांसद के अधिवक्ता शिवशंकर झा पक्षाघात के कारण इलाज करा रहे हैं। इस वजह से सांसद



समेत 20 आरोपितों की समुचित पैरवी कोर्ट में नहीं होने से जमानत रद्द कर दी गई थी।

ऐसी स्थिति में सांसद दूसरे अधिवक्ता पंकज कुमार सिंह के माध्यम से कोर्ट में जमानत याचिका के साथ हाजिर हुए। शुक्रवार को सभी को जमानत मिली । सीतामढ़ी से भाजपा विधायक डॉ मिथिलेश कुमार ने बिहार विधानसभा में विधायक और सांसद के लिए जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पूर्व की परंपरा के अनुसार जनसमस्याओं का निवारण के लिए समय सुनिश्चित नहीं करने का मुद्दा उठाया।उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के ससमय निष्पादन के लिए जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व की परंपरा के अनुसार मिलने का समय सुनिश्चित कराया जाए। संसदीय कार्य मंत्री ने सदन को बताया कि संसदीय कार्य विभाग द्वारा समय-समय पर मुख्य सचिव के माध्यम से विधायकों एवं जन प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत मुलाकात करने के लिए सप्ताह में एक दिन समय निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। अन्य दिनों में भी सुविधानुसार मुलाकात करने का निर्देश दिया गया है। इधर, संसदीय कार्य विभाग ने पुनः 27 फरवरी की पत्र स्मारित कर निर्देश जारी किया है। विधायक ने कहा कि पूर्व में इस तरह के पत्र जारी किए जाते रहे हैं,लेकिन जब तक जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक समय नही देंगे

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 02-03-2024 21:51 Page 1



# स्पेन की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म


## कैम्प से उठाकर ले गये लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले स्थित हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट इलाके में शुक्रवार की रात स्पेन की एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सामूहिक दुष्कर्म की इस घटना को हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव के युवकों ने कथित रूप से अंजाम दिया है।

इस सिलसिले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी तरफ, घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस कप्तान पीताम्बर सिंह खेरवार देर रात से हंसडीहा थाना में कैंप कर मामले की तहकीकात में जुटे रहे। जिला मुख्यालय से डॉग स्क्वायड की एक टीम को भी बुलाया गया है। थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक पीड़ित विदेशी महिला की उम्र 30 साल है।

पुलिस के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि रात करीब 10.30 के करीब गश्ती टीम को कुरमाहाट चौक में पुलिस टीम को देख महिला ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पीड़ित महिला व उसके पति को हिंदी नहीं आने के कारण मोबाइल में



गूगल ट्रांसलेट के सहारे पुलिस को घटना के बारे में बताया।

पुलिस ने जब सर्च अभियान चलाया तो अरहर के खेत मे महिला के वस्त्र मिले, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने देर रात ही महिला को सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां जांच में महिला के साथ गैंगरेप की पुष्टि की गई।

पुलिस को मिली शिकायत में विदेशी महिला द्वारा आरोप लगाया गया है कि कैंप में सात की संख्या में युवक आकर उसे जबरन उठाकर सुनसान इलाके में एक खेत मे ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। महिला ने जब विरोध किया तो उसे बुरी तरह पीटा भी गया।

# बांस के सहारे हो रही गांव में बिजली आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** बिजली विभाग के उदासीनता के कारण प्रखंड के खरसाम गांव में आज भी बांस के सहारे बिजली आपूर्ति हो रही है। गांव के लोग निजी तार की खरीदारी कर दूर दराज से लोग तार लाकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं। गांव में जगह जगह बांस के सहारे बिजली आपूर्ति होने से ग्रामीणों के बीच हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। परसा पंचायत के खरसाम गांव निवासी पंचायत समिति सदस्य पंचायत समिति सदस्य सरोज कुमार ग्रामीण वीरेंद्र प्रसाद सिंह , विष्णु मंडल , राकेश कुमार ,रंजीत कुमार मंडल ,ललित कुमार ,रजनीकांत कुमार ,नितिश कुमार ,मिथिलेश कुमार साह ,सहित दर्जनों लोगो ने बताया कि गांव के लोगों के बीच विद्युत का कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया लेकिन गांव में विद्युत पोल नहीं रहने



और जगह-जगह विद्युत का तार लटके रहने कारण आए दिन विद्युत की समस्या से लोगो को जूझना पड़ता है, कई घरों में आज भी बांस के सहारे बिजली आपूर्ति हो रहा है। लोगो ने बताया कि गांव में कुछ जगहों पर बिद्धुत पोल लगाए गए है,लेकिन उसमे तारो के उलझे होने कारण लोकल फॉल्ट की घटना होती रहती है । साथ ही बिल की वसूली किया जाता है लेकिन लोगों की समस्या का निदान नही किया जाता है। जल्द ही इस समस्या का निदान नहीं किया गया तो इसकी शिकायत विभाग के बड़ीए पदाधिकारी को करेंगे।

# प्रभात फेरी निकाल मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

## सभी अपने स्तर से मतदाता को मतदान हेतु करें जागरूक : पीडी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** स्वीप कांषांग के तत्वाधान मतदाता जागरुकता अभियान के तहत खूंटी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई। हाथों में मतदाता जागरुकता संबंधी तख्तियों के साथ रैली में शामिल विद्यार्थियों का दल बिरसा कॉलेज, खूंटी के हॉकी मैदान पहुंचा, जहां रैली का समापन हुआ। मौके पर निदेशक, आईटीडीए, खूंटी द्वारा मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई और गब्बारे उड़ाकर हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया गया।




मौके पर निदेशक, आईटीडीए ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है। इसे लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा गया है। 18 वर्ष आयु के प्रत्येक नागरिक को अपने मत देने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मतदाताओं को मताधिकार की महत्ता से अवगत कराते हेतु उन्होंने कहा कि अपने गांव-घर का एक भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से छूट ना जाए इस हेतु उन्हें मतदान के प्रति जागरुक करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी बनती है।

इस अवसर पर स्वीप कोषंग के प्रभारी पदाधिकारी सयैद राशिद अख्तर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिरसा कॉलेज की प्राचार्या सहित शिक्षा विभाग के जिला अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# वर्षों के संघर्ष को मिला मुकाम : संघर्ष समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

अररिया। बरसों की तपस्या आज साकार रूप में दिखाई देगा इसके लिए संघर्ष के सभी साथी को नागरिक संघर्ष समिति की ओर से आभार प्रकट करते हुए बधाई देते हैं।

उपरोक्त बातें संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद, प्रवक्ता पवन मिश्रा एवं सचिव रमेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा नागरिक संघर्ष समिति की ओर से कहा गया कि विभिन्न सामाजिक संस्थान, राजनीतिक दल, गैर राजनीतिक संगठन सभी ने अपने-अपने स्तर से सरकार और रेल प्रशासन का ध्यान सहरसा- फारबिसगंज रेल लाइन की तरफ आकर्षित करने के लिए अपने-अपने तरफ से संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि सबका सामूहिक प्रयास का ही आज यह फलाफल साकार रूप ले रहा है। हम लोग भारत सरकार ,रेल प्रशासन एवं प्रयासरत सभी संगठनों का आभार



प्रकट करते हैं एवं बधाई देते हैं।

आज का दिन नागरिक संघर्ष समिति के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि सांकेतिक धरना ,एक दिवसीय धरना ,पोस्टकार्ड लेखन, पैदल मार्च से लेकर आक्रोश मार्च तक के सफर का समापन हो गया देर से ही सही पर ट्रेन चालू होने पर क्षेत्र की जनता प्रसन्न है।

बताया गया कि हालांकि नागरिक संघर्ष समिति का संघर्ष अभी जारी रहेगा क्योंकि अभी भी पैसेंजर ट्रेन, लंबी दूरी की ट्रेन, वंदे भारत मिलना बाकी है और दिए गए ट्रेन का समय भी तर्कसंगत नहीं है।

सभी मिडीया से साथी का विशेष आभार प्रकट करते हैं जिनका भरपूर सहयोग समिति को मिलता रहा है।

# आम चुनाव को ले जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आगामी लोकसभा आम चुनाव - 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक की। बैठक में शहरी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की जानकारी प्रदान की गई तथा उसके क्रियान्वयन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी पदाधिकारी व कर्मी को वोटर हेल्पलाइन एप वीएचए डाउनलोड करने और आम लोगों को भी डाउनलोड करवाने हेतु निर्देशित किया।

उपायुक्त ने कहा कि आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत सभी आम मतदाताओं में जागरूकता लाने एवं उनके नामों का सत्यापन मतदाता सूची में करने हेतु 4 मार्च को सुबह 10:00 बजे से जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान




चलाया जाएगा। उपायुक्त ने अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को शहरी क्षेत्र में माइकिंग करवाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर जिले के प्रत्येक मतदाता से अपील की जाय कि मतदाता अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है।

उन्होंने कहा कि यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन समर्पित करने हेतु जानकारी देते हुए प्रेरित किया जाए।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के अलावे नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सभी सहायक नगर आयुक्त, सभी कार्यपालक पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# भामसं ने बैठक कर बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली पर की चर्चा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक यूनियन कार्यालय में यूनियन के अध्यक्ष विशेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली के संदर्भ में विस्तृत रूप से चर्चा हुई। चर्चा में यूनियन के महामंत्री विनोद कुमार ने कहा इस बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली का सर्कुलर जो बोकारो स्टील प्रबंधन ने निकाला है। उसको कर्मचारियों ने सिरे से नकार दिया है, कर्मचारियों के इस स्वतः विरोध का भारतीय मजदूर संघ समर्थन करती है। भारतीय मजदूर संघ मजदूरों के साथ है भारतीय मजदूर संघ मजदूरों की लड़ाई हमेशा से लड़ता आ रहा है और आगे भी लड़ता रहेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि मजदूर आंदोलन को गति देने के लिए दोपहर ईडी बिल्डिंग के सामने वाले गोलचक्कर पर एक जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ कर्मचारियों से आग्रह करती है कि इस जोरदार प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद केवट, रमेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार महतो, अरविंद कुमार सिंह,राकेश सिन्हा, जीसी ठाकुर, राजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# होंडा एसपी 125 कप पर जगदर इलेवन बेगूसराय का कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगरप्रखंड अंतर्गत इंटर प्लस डिग्री कॉलेज मैदान शिवाजीनगर में राम लखन सिंह सह गजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति होंडा एसपी 125 क्रिकेट का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला जगदर 11 बेगूसराय एवं वारिसनगर 11 समस्तीपुर के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला मैच का बीडीओ आलोक कुमार सिंह ,समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ,पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, शिक्षक राज नारायण सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि बबलू सिंह, समाजसेवी नीतीश कुमार उर्फ युवराज, मुखिया संघ अध्यक्ष सह रामचंद्र सिंह, गुंजन सिंह, संतोष कुमार बबली ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला में टॉस जीतकर वारिसनगर 11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट गमा कर 146 रन बनाई। जवाब में उतरी जगदर इलेवन बेगूसराय की टीम ने 11.5 ओवर में पांच विकेट गमा कर अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस तरह फाइनल मुकाबले के विजेता टीम जगदर को साइन एसपी 125 सीसी बाइक के साथ 35 हजार रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। वही उपविजेता टीम को 48 इंच की एलइडी टीवी देकर सम्मानित किया गया। इस महा मुकाबला मैच में जगदर इलेवन बेगूसराय टीम के कप्तान गुड्डू को मैन ऑफ द मैच के रूप में नवाजा गया वही रासबिहारी को मैन ऑफ द सीरीज



बेस्ट ऑफ बल्लेबाज के रूप में मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मैच का लाइव प्रसारण किया गया।कई प्रकार के प्रायोजक के द्वारा बेस्ट बल्लेबाज को प्राइज देकर सम्मानित किया गया। इस मैच में कॉमेंटेटर की भूमिका सतीश आनंद चौधरी एवं मुन्ना जी के द्वारा हिंदी एवं इंग्लिश में कमेंट्री किया गया। इस मैच को देखने के लिए दर्शकों की हजारों की संख्या में भी जुटी हुई थी। प्रत्येक साल के भांति इस साल भी इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष रामचंद्र सिंग जिला पार्षद प्रतिनिधि बबलू कुमार सिंग गुंजन सिंह, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंग विभाष कुमार, सतीश कुमार, नवीन सिंह, दिनेश कुमार गोलू, राकेश कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार बबली, विवेक कुमार, मुन्ना कुमार, राज नारायण सिंह, अमित कुमार, ललन कुमार, मदन कुमार शामिल थे

# वेतन भुगतान पर लगी रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** डीएम ने लापरवाह शिक्षा अधिकारी व एचएम के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का आदेश दिया। इन सभी का किसी भी तरह का विपत्र कोषागार से पास नहीं होगा। मामला शिक्षा विभाग के कर्मियों की ओर संपत्ति का ब्योरा नहीं देने का है।

डीएम ने मामले को काफी गंभीरता से लिया है। 16 बीईओ व 13 प्रखंड के राजकीय व प्रोजेक्ट स्कूलों के एचएम का वेतन बंद कर दिया गया है। डीएम ने कर्मियों की सूची, संपत्ति का ब्योरा नहीं देने के कारण शिक्षा विभाग के सभी प्रकार के विपत्रों की निकासी पर रोक लगा दी है।

डीपीओ स्थापना ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। साथ ही उन सभी से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। डीपीओ की मानें तो 16 जनवरी के निर्देश के आलोक में 31 जनवरी को समूह क , ख व ग श्रेणी के कर्मियों की सूची, चल-अचल सम्पत्ति एवं दायित्वों का विवरण आठ फरवरी तक उपलब्ध कराने को निर्देश दिया गया था।

# इजलास-ए-आम का आयोजन

## वतन से मुहब्बत करना ईमान की पहचान : असजद मदनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

अररिया। जिले के भरगामा प्रखंड स्थित सरजमीं दारूल उलूम फैजे रहमानी वीर नगर विश्हरिया करबला मैदान में जमियते उलेमा भरगामा के तत्वाधान मे हाफिजों की दस्तारबंदी के मौके पर एक दिवसीय तालिमी बेदारी और इस्लाहे माशरा को लेकर एक अजीमुस्सान जलसा बीते देर रात दुआ के बाद सम्पन्न हो गया। इस मौके पर दारूल उलूम फैजे रहमानी मदरसा से कुरान की तालीम हासिल कर हाफिज बने कुल 4 हुफ्फाजे कराम की दस्तारबंदी की गई।

पहली बार इस मदरसे से हाफिज बने दस्तारबंदी के दिलकश मंजर को इलाके के लोग और मुल्क के अन्य बड़े शहरों से तशरीफ लाए उलमाए कराम इसके गवाह बने। जलसा की सदारत मशहूर व मारूफ अंतरराष्ट्रीय स्तर के आलिम ए इस्लाम के बड़े मुफक्किर व मिल्लत इस्लामिया के विद्वान हजरत मौलाना मो खालिद नदवी साहब ने की। उन्होंने कहा ईमान सबसे बड़ी दौलत है मुसलमानो के लिए। जबकि निजमत के फ्राएज मदरसा हाजा के संस्थापक अध्यक्ष जनाब मुफ्ती मो आरिफ सिद्दीकी साहब ने अंजाम दिए।

उन्होंने आय हुए अतिथियों का गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया। मदरसा के संस्थापक अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी साहब ने कहा कि कोरोना काल के लगभग पांच वर्षों बाद ये जलसा का आयोजन कर मदरसा दारूल उलूम फैजे ए रहमानी , वीरनगर विश्हरिया अकरथापा मे हाफिज बने बच्चों को दस्तारबंदी की गई।

वहीं जमीअत उलेमा हिंद उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी मौलाना हसन असजद मदनी ने जलसा को खिताब करते हुए उपस्थित लोगों से मुखातिब होते हुए कहा कि जिसके पास ईमान की ताकत है वो इंसान दुनिया की कोई ताकत के सामने नहीं झुकता है,वो सिर्फ खुदा के सामने अपना सर झुकाता है। मौलाना हसन असजद मदनी ने भरगामा प्रखंड के वीरनगर बिषहरिया कर्बला मैदान में प्रखंड कमेटी भरगामा द्वारा आयोजित जलसा ए आम ,हाफिजों की दस्तारबंदी, तालमी बेदारी व इस्लाहे मुआसरा के जलसा को संबोधित करते हुए कहा कि जंग ए आजादी में जमिअत ओलमा हिंद ने जो कुबार्नी दिया।

दुसरी कोई भी तंजीम नहीं किया। भारत के विभाजन का सबसे ज्यादा विरोध हमारे पुर्वजों ने ही किया था,जंग ए आजादी में मुसलमानों की कुबार्नी बे मिसाल रही है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। मौलाना असजद मदनी ने कहा कि वतन से मोहब्बत करना इमान में दाखिल है,आजादी में बड़ी कुबार्नी मुसलमानों की है,नफरत को बढ़ावा देने वाले कभी भी मुल्क का वफदार नहीं हो सकता है। जलसा का आगाज कलामे पाक की तिलावत से हुई। मंच का संचालन मौलाना अनवारुल हक नदवी ,हाजी अफजल ने संयुक्त रूप से किया। जमिअत ओलमा हिंद भरगामा के जेनरल सिक्रेट्री



एस एम सलाउद्दीन ने इस्तकबालिया खोतबा पेश किया।

इस अवसर पर मदरसा के नाजिम मुफ्ती मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि शिक्षा इंसान को जीने का तरीका सिखाता है,जलसा में डॉ. अली हैदर नैयर,कामिल अख्तर साहब, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जलसा को कामयाब बनाने में मदरसा हाजा के एचएम हाफिज रफी आलम ,मौलाना इकबाल कासमी,मास्टर आमीन, हाफिज मुजीबुर्रहमान व अतिथियों में प्रो जशीम उद्दीन, मास्टर एजाज, इमतियाजुल हक,हाफिज अब्दुल रकीब,मौलाना हाजी महि उद्दीन,मो. तारिक,कैसर सिक्रेट्री,मास्टर नैयर,तौकीर आलम, जुलफेकार,हाजी जुनेद, मास्टर समसुजमा, हाजी कमाल,आजाद खान, हसनैन,मौलाना सफी उल्ला, हाजी अजीम, मास्टर असमद,मो समद, नईम,नजीब अमीर,आदि की भुमिका सराहनीय रही।

# सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चन्द्र दास एवं स्थानांतरण पर आईजी राजकुमार लकड़ा को दी गई विदाई

## जिला प्रशासन की ओर से सर्किट हाउस सभागार में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर, (पलामू)।** सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास एवं स्थानांतरण पर पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को विदाई दी गई। जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की देर शाम स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि निवर्तमान आयुक्त अपनी सेवा काल में लंबी यात्रा तय किया है। उनके कार्यकाल के अनुभव से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इनकी बातों से हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद नया जीवन खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि आयुक्त का सेवाकल स्वर्णिम रहा है। उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा के स्थानांतरण पर उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि इनका मार्गदर्शन अब भी मिलता रहेगा।

गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने निवर्तमान आयुक्त एवं निवर्तमान आईजी के कार्यों से प्रेरणा लेने की सलाह युवा पदाधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि काम के बदौलत पदाधिकारी अपनी पहचान बनाते हुए सभी के लिए अमिट छाप छोड़ी है। आयुक्त के पद को सुशोभित करते हुए सेवानिवृत्ति होना गर्व का विषय है। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त की नई जिंदगी की नई शुरूआत करने की हार्दिक बधाई दी। साथ ही पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के कार्यों की तारीफ करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निवर्तमान आईजी से तनाव मुक्त एवं ठंडे दिमाग से सोचने की शक्ति मिलती रही है। उन्होंने सरल स्वभाव से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यह हमसब पदाधिकारियों को हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के आईजी की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है। यह इनके सकारात्मक सोच, सरल व्यवहार, इमानदारी पूर्वक काम करने की चाहत और पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए काम लेने की बात काफी प्रेरित करता है। आईजी सर से पुलिस प्रशासन को बहुत कुछ सीखने को मिला और उम्मीद है कि आगे भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। पलामू में लंबे समय तक रहने के उपरांत स्थानांतरण हुआ है। इससे पलामू को ज्यादा उम्मीद बनती है। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त के कार्यकाल से प्रेरणा लेने की बातें कही।

गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने निवर्तमान आयुक्त की सेवानिवृत्ति एवं पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के स्थानांतरण पर उनके द्वारा




प्राप्त मार्गदर्शन एवं अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने कार्य अनुभव के बदौलत जो ख्याति प्राप्त की है, उससे हम सभी साथियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने आईजी के संबंध में कहा कि विकट-से- विकट परिस्थितियों में भी खुशी के साथ कार्य करते रहने और लोगों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते रहने की सीख मिली है।

पलामू प्रक्षेत्र के निवर्तमान आईजी राजकुमार लकड़ा ने अपने विदाई-सह-सम्मान समारोह में निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आयुक्त के पद के साथ-साथ अन्य पदों पर कार्यरत रहकर श्री दशरथ चंद्र दास ने अपने कार्य कुशलता से पहचान बनाई है। सरकारी सेवाकाल में 33 वर्ष पूरा कर सेवानिवृत हुए। जिस सादगी के साथ अपने सहयोगियों को दिशा- निर्देश दिया,सेवानिवृत्ति के बाद भी परिवार एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे।

अपने विदाई-सह-सम्मान समारोह में निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने कहा कि पलामू प्रमंडल के पदाधिकारी एवं कर्मी इमानदारी से सफलता पूर्वक कार्य का निर्वहन करते रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में कई तरह की परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। ऐसे में तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने नैतिकता और करुणा के सिद्धांत का पालन करने एवं इमानदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन से तनाव नहीं आने की बातें कही। प्रशासनिक सेवा में रहकर 80% सफल कार्य करना बड़ी उपलब्धि होगी। सकारात्मक कार्यों से पलामू प्रमंडल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बातें कही। साथ पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्या का त्वरित निदान करने का भी सलाह दिया। कार्यक्रम का संचालन पलामू के जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने दोनों पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

विदाई-सह-सम्मान समारोह में उक्त पदाधिकारियों के अलावा पलामू के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक प्रजेश कांत जेना, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने विचार व्यक्त किए। मौके पर गढ़वा के अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद, श्रम अधीक्षक इतवारी महतो, कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी विवेक विरूपा, चन्द्र शेखर कुणाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आग से सात घर जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सुपौल।** थाना क्षेत्र के गढ़िया वॉर्ड नंबर 2 में देर रात आग लगने से सात घर जल कर राख हो गए। इस घटना में दो दर्जन मवेशी समेत बाइक, पंपसेट, साइकिल समेत लाखों रुपये के सामान जल गए। ग्रामीणों व दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। लोगों ने बताया कि जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम और ग्रामीणों के द्वारा एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस घटना में भुमेश्वर साह का घर सहित एक मोटर साइकिल, तीन साइकिल, एक पंपसेट जला। परमेश्वर साह का घर सहित एक गाय, दो बछड़ा, दो बकरी और एक साइकिल जलने की जानकारी मिली। घटना की अधिकारी को पीड़ितों द्वारा दे दी गई है। शनिवार की सुबह पहुंचे हल्का कर्मचारी द्वारा आग लगने के कारण हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है।

# चुनाव आयोग की अफसरों को हिदायत - कहीं भी पुनर्मतदान और हिंसा की नौबत आई तो बख्शा नहीं जाएगा

**लखनऊ , एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस कप्तानों को प्रदेश में हर हालत में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की हिदायत दी है। आयोग ने दो टूक शब्दों में कहा है कि कहीं भी पुनर्मतदान या चुनावी हिंसा की नौबत आई तो संबंधित अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने आए आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और आयुक्त अरुण गोयल ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, मंडलायुक्तों, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा की। आयोग ने आचार संहिता का उल्लंघन करने पर तुरंत मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश भी दिए।

विधानभवन के तिलक हाल सुबह करीब 10 से रात 8 बजे तक चली मैराथन बैठक में सीईसी और आयुक्त ने एक-एक जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान से उनके जिले में चुनाव की तैयारी पर बात की। साथ ही उनसे 2019 और 2022 के मतदान प्रतिशत, आगामी चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए प्रयास, मतदाता सूची पुनरीक्षण में बढ़ी मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली, छाया, रेंप, फर्नीचर की व्यवस्था, संदिग्ध मतदान केंद्रों, गत चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की समीक्षा की। वहीं पुलिस से जिलों में आवश्यक फोर्स,




अवैध शराब, मुफ्त सामान और नकद राशि का वितरण रोकने, असामाजिक तत्वों को पाबंद करने, हथियार जमा करने, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के इंतजाम सहित अन्य तैयारी की जानकारी ली। आयोग ने नामांकन पत्रों की जांच से लेकर मतगणना तक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से करने के निर्देश दिए। आयोग ने कहा कि आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में तुरंत कार्रवाई करें। संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने, चुनाव प्रचार पर रोक लगाने जैसी बड़ी कार्रवाई भी करें।

सीईसी ने प्रदेश से जुड़ी सीमाओं पर स्थित जिलों में खास चौकसी रखने के निर्देश दिए। बैठक में सभी जिलाधिकारियों, मंडलायुक्तों और पुलिस अफसरों ने चुनावी तैयारियों का प्रस्तुतीकरण किया।

**जिलाधिकारी और कप्तान ही होंगे जिम्मेदार:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने दो टूक शब्द में कहा कि चुनाव में यदि कोई भी गड़बड़ी हुई तो जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि आयोग चुनाव के दौरान डीएम और कप्तान के अलावा किसी को नहीं जानता है।

**हेटस्पीच पर सख्त कार्रवाई करें:** राजीव कुमार ने कहा कि आयोग ने लोकसभा चुनाव में हेट स्पीच के लेकर दिशानिर्देश जारी किए हैं। प्रत्याशी, राजनीतिक दलों के नेता चुनाव प्रचार और भाषण में किन शब्दों का उपयोग नहीं कर सकते हैं यह भी स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में दिशा निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करें। सीईसी ने पिछले चुनाव में फर्रुखाबाद के स्ट्रांग रूम में आग लगने की घटना पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बीते चुनाव में जो गड़बड़ी या अप्रिय घटनाएं हुई हैं, उनकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

**वाराणसी प्रकरण में क्या कार्रवाई की:** आयोग ने कहा कि विधानसभा चुनाव में वाराणसी में एक निजी गाड़ी में ईवीएम पकड़े जाने जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने दें। एक दो अधिकारियों की गलती से पूरे चुनाव पर प्रश्न चिह्न लग जाता है। सीईसी ने मामले में दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर भी जवाब मांगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता के ऑफिस में कांग्रेसी की गुंडई, गाली-गलौज करते हुए तान दी रिवॉल्वर, आरोपी हिरासत में

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में कल्याणपुर इलाके में कांग्रेस नेता व गोविंदनगर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अंबुज शुक्ला का भाजपा नेता भूपेश अग्रवाल के ऑफिस में घुसकर दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वह ऑफिस में अपने साथियों के साथ घुसकर कर्मचारियों को पीटते व हाथ में रिवॉल्वर तानकर धमकाते नजर आए। भाजपा नेता के कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी नेता व उसके साथियों को हिरासत में लेकर लाइसेंसी रिवाल्वर जब्त कर ली है। कल्याणपुर बगिया क्रॉसिंग निवासी भाजपा नेता व वर्ष 2007 में संघ में जिला प्रचारक रहे भूपेश अग्रवाल ने बताया कि उनका पक्षी विहार लखनपुर में कंस्ट्रक्शन कंपनी का ऑफिस है।

शुक्रवार दोपहर को ऑफिस का कर्मचारी मनीष दिवाकर स्कूटी से अपने घर नवाबगंज ख्योरा जा रहा था। इस दौरान यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे कांग्रेस नेता अंबुज शुक्ला के बेटे शुभम और सूर्यांश भी गाड़ी से निकल रहे थे। पहले निकलने को लेकर रास्ते में दोनों के बीच विवाद हुआ। मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों वहां से एक-दूसरे को गाली-गलौज करते हुए निकल गए।

गाली-गलौज करते हुए रिवॉल्वर तान दी

कुछ देर बाद अंबुज शुक्ला अपने दोनों बेटों शुभम, सूर्यांश व अन्य साथियों के साथ भाजपा नेता के दफ्तर पहुंचे। गाली-गलौज करते हुए रिवॉल्वर तान दी। मारपीट करने के बाद धमकी देते हुए वहां से चला गया। सूचना पर कल्याणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सभी आरोप सही पाए गए। वहीं, घटना का सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल रहा।

### छात्रा की खुदकुशी मामले में फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, आरोपी के पक्ष में होगी महापंचायत

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के खंदौली में पुलिस भर्ती की परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा के छेड़खानी से तंग आकर खुदकुशी करने के मामले में फॉरेंसिक टीम ने घटना के 13 दिन बाद साक्ष्य जुटाए। शुक्रवार को टीम घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद से दो पक्षों के बीच तनाव के हालात हैं। आरोपी के समर्थन में एक पक्ष ने 10 मार्च को महापंचायत करने का एलान किया है। कस्बे के एक गांव में बीएससी की छात्रा ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। परिजन ने पड़ोस के युवक व उसके परिजन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। छेड़खानी से तंग आकर जान देने की बात कही थी। पुलिस ने गंभीरता नहीं बरती। आरोपी खुलेआम घूमते रहे। पीड़ित पक्ष के समर्थन में एक पक्ष के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध किया। पिछले दिनों केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। परिजन ने पुलिस की लापरवाही की शिकायत की थी। इस पर मंत्री ने डीसीपी को अवगत कराया तो तत्कालीन इंस्पेक्टर, दरोगा सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया। आरोपी कलुआ की गिरफ्तारी की गई थी। इस घटनाक्रम के बाद से ही कस्बे में दोनों पक्षों में तनाव है। एक पक्ष के लोगों ने 10 मार्च को महापंचायत करने का एलान किया है। उनका आरोप है कि पीड़ित पक्ष के लोग घटना को दूसरा रंग देने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि मामला अलग है।

### पार्किंग ठेकेदार ने साथियों संग मिलकर किया वकील पर हमला, विवाद की वजह जानकर रह जाएंगे हैरान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में भगवान टॉकीज पर पार्किंग ठेकेदार सक्रिय हैं। बृहस्पतिवार को एक ऑटो चालक को ढूंढ रहे अधिवक्ता और उनके साथी पर ठेकेदार ने साथियों के साथ हमला बोल दिया। मामले में अधिवक्ता की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है। अधिवक्ता सिकंदरा क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बहन एमजी रोड स्थित एक कॉलेज में पढ़ती है। 26 फरवरी को कॉलेज जा रही थी। भगवान टॉकीज चौराहे के एक ऑटो में बैठ गई। चालक ऑटो तेज गति से चला रहा था। रास्ते में सवारी भी नहीं बैठाई। इस पर उसे शक हुआ। उसने ऑटो रोकने के लिए बोला लेकिन चालक नहीं माना। लायर्स कॉलोनी कट पर एक वाहन के आगे आने की वजह से ऑटो धीमा कर दिया।

## पुलिस को आईआरएस बताने वाला गिरफ्तार, आईकार्ड जांचने पर फर्जीवाड़ा हुआ उजागर

**साहिबाबाद , एजेंसी।** कौशांबी थाना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान गले में सरकारी महकमे का कार्ड डाले व्यक्ति को रोका तो वह चकमा देकर बच निकलने लगा। पुलिस टीम ने दोबारा रोक कर जानकारी की तो व्यक्ति ने खुद को आईआरएस अधिकारी बताकर दबाव में लेने का प्रयास किया। पुलिस ने आईकार्ड चेक किया तो उस पर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर व तारीख नहीं होने से फर्जीवाड़ा उजागर हो गया। पुलिस के सख्ती से पेश आने पर आरोपी ने खुद के फर्जी अधिकारी होने की बात उगल दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।

एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि वैशाली चौकी प्रभारी प्रीति वैशाली क्षेत्र में चेकिंग कर रही थीं। महालक्ष्मी टॉवर के पास व्यक्ति को दोबारा रोककर पूछताछ तो व्यक्ति ने बताया कि मेरा नाम आदित्य रॉय है और भारत सरकार में आईआरएस हूं। मैं आप लोगों को देखकर भाग नहीं रहा था और अपना कार्ड दिखाया। कार्ड पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग का उल्लेख था। सेंट्रल जोन के चीफ कमिश्नर नई दिल्ली की ओर से कार्ड जारी होने का हवाला दिया। पुलिस टीम ने कार्ड चेक किया तो उस पर कार्ड जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर और तारीख नहीं थी।

**रौब दिखाकर करता था धोखाधड़ी:** पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो व्यक्ति ने बताया कि वह पुलिस को देखकर इसलिए भाग रहा था कि उसका कार्ड फर्जी है। वह कोई आईआरएस अधिकारी नहीं है। कार्ड दिखाकर ही आईआरएस पद का रौब झाड़ता है। लोगों को प्रभाव में लेकर धोखाधड़ी करता है और लाभ प्राप्त करता है। आरोपी की पहचान 28 वर्षीय आदित्य राय पुत्र महेश सिंह निवासी ग्राम मल्हीपुर थाना भगवानपुर जिला बेगूसराय के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के पास 150 रुपये, एक मोबाइल बरामद हुआ। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बैंक्वेट हॉल में लिटिल चोर गिरोह सक्रिय, नोटों से भरे दो बैग उड़ाए

**साहिबाबाद , एजेंसी।** बैंक्वेट हॉल में लिटिल चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। लिंक रोड थाना क्षेत्र के बैंक्वेट हॉल से चोर निजी कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट व उनके रिश्तेदार के नोटों व कीमती सामान से भरे दो बैग चोरी करे ले गए। वारदात करता चोर और अपने साथियों के साथ भागता चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। बैग मालिक ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कराया। घटना के चार दिन बाद भी पुलिस चोरों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी है। अहिंसाखंड-दो के विजय अपार्टमेंट में रहने वाले निजी कंपनी में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत नरोत्तम सिंह ने बताया कि सोमवार को बेटे का विवाह समारोह होटल बनाना ट्री के जस्टइन बैंक्वेट में था। समारोह के दौरान एक अज्ञात बालक ने मेरा बैग चोरी कर लिया। होटल की वीडियो फुटेज देखने पर पता चला कि चोर ने उनके बैग के अलावा रिश्तेदार महिला के बैग पर भी हाथ साफ कर लिया। बैग में 60 हजार रुपये की नकदी, करीब 72 हजार रुपये से भरे लिफाफे, तीन बैंकों के अलग-अलग कार्ड, पैनकार्ड, आधारकार्ड, डीएल, घर की चाबियां, एक एप्पल मोबाइल था जबकि महिला रिश्तेदार के बैग में 25 हजार रुपये की नकदी व अन्य कीमती सामान था।

**स्विफ्ट कार से भागे चोर:** नरोत्तम ने बताया कि बैंक्वेट का हॉल का दूसरा सीसीटीवी देखने पर पता चला कि चोर स्विफ्ट कार में सवार दो साथियों के संग भागा है। कार में बालक भी चोरों के साथ जाता दिखाई दिया है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस को घटना के सीसीटीवी फुटेज भी दिखाए। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। चोरों की तलाश में टीम को लगाया गया है।

**शादी के सीजन में सक्रिय हो जाता है गिरोह:** जानकारों की मानें तो शादी के सीजन में लिटिल चोर गिरोह सक्रिय हो जाता है। गिरोह में शामिल बच्चे शादी समारोह में शामिल हो जाते हैं। वर व वधू पक्ष के मुख्य लोगों का पीछा करते हैं। मौका पाकर बैग आदि को निशाना बनाते हैं। हर साल शादियों के सीजन में गिरोह चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस के सख्ती दिखाने और बैंक्वेट हॉल संचालक, स्टाफ के साथ बैठक करने पर भी चोरी की वारदात नहीं रुक पा रही हैं।

## बड़े पैमाने पर रोजगार देगा डेयरी सेक्टर, नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर

**लखनऊ , एजेंसी।** दुग्ध उत्पादन के मामले में यूपी देश में नंबर वन है। प्रदेश में श्वेत क्रांति लाने के प्रयासों का ही नतीजा है कि इस सेक्टर ने न सिर्फ 9000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है, बल्कि युवाओं को रोजगार भी मिलने जा रहा है। पीएम मोदी ने हाल ही में वाराणसी में बनास काशी संकुल का शुभारंभ किया है। इससे पूर्वांचल के लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा।



दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि बनासकांठा डीसीएमपीयू लि. अब पहले चरण में रोजाना 10 लाख लीटर दूध की हैंडलिंग क्षमता के साथ एक डेयरी इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है। इसे दूसरे चरण में रोजाना 15 लाख लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने बागपत में 800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे 4000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. अभी यूपी में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगा रहा है। वहीं, प्रदेश में अपनी यूनिटों को विस्तार देने के क्रम में कंपनी ने बाराबंकी में 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके अतिरिक्त स्मार्ट ग्रिड गोंडा में 1100 करोड़ रुपये की लागत से यूनिट लगाने जा रही है। रिंकू डेयरी बरेली में 490 करोड़ और शाहजहांपुर में 300 करोड़ से उद्यम स्थापित कर रहा है। बरेली डेयरीज बरेली में 300 करोड़, मित्र सेवा इंश्योरेंस एंड फिनटेक 300 करोड़, गोपाल जी डेयरी हापुड़ में 252 करोड़, क्रीमी फूड्स बुलंदशहर में 250 करोड़, प्रधान मिल्क चिलिंग प्लांट मेरठ में 250 करोड़ और डेयरी क्राफ्ट बरेली में 212 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

## मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस सिक्योरिटी, बसपा जल्द करेगी प्रत्याशियों का एलान

**लखनऊ , एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद को केंद्र सरकार ने वाई प्लस सिक्योरिटी प्रदान की है। बता दें कि आकाश आनंद बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर हैं, जिन्हें हाल ही में मायावती ने अपना राजनीतिक वारिस भी घोषित किया था। उन्होंने आकाश को यूपी और उत्तराखंड छोड़कर बाकी प्रदेशों में बसपा के संगठन का विस्तार करने और जनाधार बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। आकाश जल्द ही हरियाणा से लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान भी शुरू करने जा रहे हैं।



**जोनल और सेक्टर प्रभारियों के साथ बसपा सुप्रीमो की मंत्रणा जारी:** बहुजन समाज पार्टी जल्द ही लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की घोषणा करने की तैयारी में है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बसपा अध्यक्ष मायावती रोजाना अलग-अलग मंडलों और सेक्टर के प्रभारियों के साथ इस बाबत विचार-विमर्श कर रही हैं और टिकट के दावेदारों के नाम पर मंथन किया जा रहा है। बसपा सुप्रीमो सभी मंडलों की समीक्षा के बाद प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती हैं, जिसमें पश्चिम उप्र के प्रत्याशियों के नाम होंगे। पार्टी अपने संगठन के कुछ चेहरों को भी इस बार चुनाव मैदान में उतार सकती है। हालांकि अभी मायावती या आकाश आनंद का चुनाव लड़ने का कोई भी संकेत नहीं है। वहीं यह संभावना भी जताई जा रही है कि सपा-कांग्रेस से गठबंधन नहीं होने पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती है। दोनों दलों के वरिष्ठ पदाधिकारी एक-दूसरे के संपर्क में हैं।

## शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 24.40 लाख रुपये की ठगी, जालसाजों ने ऐसे लगाई चपत

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी जिले में एक शख्स को साइबर अपराधियों ने मुनाफे का झांसा देकर लाखों की चपत लगा दी। पीड़ित की तहरीर पर साइबर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिले में कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।



सामने घाट के जानकी नगर कॉलोनी निवासी अमर सिंह को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने 24 लाख 40 हजार रुपये की चपत लगा दी। अमर की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

अमर सिंह ने पुलिस को बताया कि एक मित्र से उन्हें शेयर ट्रेडिंग साइट वेल्स ट्रेड के बारे में पता चला। उन्होंने वेल्स ट्रेड से संपर्क किया तो उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होने के लिए कहा गया। ग्रुप में पहले से ही कई सदस्य थे। एडमिन धनंजय सिन्हा और मौलिसा थे। ग्रुप के माध्यम से तीन कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। लोग निवेश और मुनाफे से संबंधित जानकारी साझा करते थे, इससे वह बहुत प्रभावित हुए। ग्रुप एडमिन ने सभी लोगों को अधिक लाभ दिलाने के लिए एफआईआई यानी विदेशी संस्थागत निवेश खाता खोलने के लिए कहा।

अमर सिंह ने एक खाता अपने नाम और दूसरा अपनी पत्नी श्वेता सिंह के नाम से शेयर और आईपीओ की ट्रेडिंग शुरू करने के लिए खुलवाया। गत 11 जनवरी से 31 जनवरी के बीच उन्होंने 24 लाख 40 हजार रुपये का निवेश किया। इस पर उन्हें और उनकी पत्नी को 52000 आईपीओ आवंटित किए गए। अब वह अपने शेयर बेचना चाह रहे हैं तो कुछ हो ही नहीं रहा है। साथ ही धनंजय और मौलिसा के मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ बता रहे हैं।

पार्ट टाइम जॉब का आफर देकर 7.73 लाख की ठगी

घर बैठे पार्ट टाइम जॉब कर पैसा कमाने का आफर देकर साइबर ठगों ने पहड़िया क्षेत्र आरके अपार्टमेंट, आनंदपुरी निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह को 7,73,124 रुपये की चपत लगा दी। शैलेंद्र की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। शैलेंद्र ने बताया कि उन्हें पार्ट टाइम जॉब का ऑफर व्हाट्सएप नंबर पर मिला था। बाद में उन्हें टेलीग्राम एप से जोड़ दिया गया। एप के माध्यम से सोनालिका ने संपर्क किया और एक ग्रुप में जोड़ा। इसके बाद उन्हें टास्क दिया जाने लगा और उसे पूरा करने पर कमीशन देने की बात कही गई। धीरे-धीरे वह जालसाजों के झांसे में पूरी तरह से आ गए और उन्होंने निवेश कर दिया।

## काशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर बंद रहेंगे सुगम दर्शन, सभी तरह के टिकट पर रहेगी रोक

**वाराणसी, एजेंसी।** देवाधिदेव महादेव के विवाह उत्सव में शामिल होने वाले भक्तों में कोई खास नहीं होगा। महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में सुगम दर्शन की व्यवस्था पूरी तरह से बंद रहेगी। मंगला आरती के अलावा सुगम दर्शन और सभी तरह की आरती के टिकट पर रोक लगा दी गई है। मंगला आरती के बाद महादेव अनवरत दर्शन देंगे।

इसके साथ ही भोग, शृंगार और सप्तर्षि आरती एक साथ शयन आरती के साथ होगी। पूरी रात महादेव का जागरण कराया जाएगा। शिवरात्रि की रात भर थोड़ी-थोड़ी देर तक होने वाली आरतियों के क्रम की वजह से मंगला आरती भी नहीं होगी।

महाशिवरात्रि की व्यवस्था पर मंथन के लिए शुक्रवार को मंदिर के पिनाक भवन में मंदिर प्रशासन और पुलिस अफसरों के साथ बैठक हुई। इसमें आगमन और निकास के लिए जिगजैग बैरिकेडिंग की जाएगी। ऐसी व्यवस्था होगी कि भक्त आधे घंटे के भीतर दर्शन कर लौट आएंगे। शिवभक्तों की सहूलियत के लिए मंदिर न्यास के 200 अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही वॉलेंटियर भी लगाए जाएंगे। मंदिर प्रशासन की ओर से वीवीआईपी भक्तों से भी अपील की जाएगी कि वे महाशिवरात्रि पर दर्शन से परहेज करें। यदि वे दर्शन के लिए आते हैं तो उन्हें आम लोगों की तरह ही झांकी दर्शन ही मिल सकेगा।

**गोदौलिया से मैदागिन तक रहेगा नो व्हीकल जोन:** महाशिवरात्रि पर गोदौलिया से मैदागिन और लक्सा तक पूरा क्षेत्र नो व्हीकल जोन रहेगा। इसके साथ ही सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी पुलिस के साथ तैनात किए जाएंगे।



## मंदुरी एयरपोर्ट से आजमगढ़-लखनऊ के बीच होगी पहली उड़ान

**वाराणसी , एजेंसी।** आजमगढ़ एयरपोर्ट से विमान सेवा शनिवार से शुरू हो गई। पहली उड़ान आजमगढ़-लखनऊ के बीच एड़ी। डीजीसीए की ओर से शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। एयरपोर्ट निदेशक समेत अन्य अधिकारियों की तैनाती भी कर दी गई है।




रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम उड़ान के तहत आजमगढ़ के मंदुरी एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होने से पूर्वांचल के अन्य जिलों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। आजमगढ़, मऊ, बलिया, जौनपुर के यात्रियों को बाबतपुर एयरपोर्ट नहीं आना पड़ेगा। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार अगस्त 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के साथ ही मंदुरी हवाई अड्डे का शिलान्यास किया था। 20 करोड़ से अधिक लागत से बनने वाले एयरपोर्ट से पूर्वांचल के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि आजमगढ़ एयरपोर्ट से पहली उड़ान लखनऊ के लिए होगी। विमान संचालन संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# पीएम की रैली में उमड़ी भीड़ डबल इंजन सरकार के प्रति जन विश्वास का प्रमाण : सुशील कुमार मोदी

## कांग्रेस, राजद के 50 साल के शासन में पिछड़ा बिहार, वे ब्लैक पेपर जारी करें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि औरंगाबाद और बेगूसराय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नीतीश कुमार की सभा में उमड़ी अपार भीड़ बिहार में फिर से डबल इंजन सरकार बनने से विकास के प्रति उपजे नये जन विश्वास का सबसे बड़ा प्रमाण है। इससे नकली विश्वास यात्रा करने वालों के कलेजे पर सांप लोट गया है। श्री मोदी ने कहा कि नमो-नीतीश का साथ होना जहां बिहार में तेज विकास की गारंटी हैं, वहीं राजद के साथ बनी सरकारें हर बार अपराध, घोटाले और माफियागिरी का खुला लाइसेंस साबित हुईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के



विकास में तेजी लाने के लिए 21 हजार करोड़ की नई विकास योजनाओं का शुभारम्भ किया। केंद्र सरकार पहले से ही राज्य में फोर लेन सड़क-मेगा ब्रिज बनाने की एक लाख करोड़ की योजना पर काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि बिहार पर 50 साल से ज्यादा राज करने वाले दो प्रमुख विपक्षी दलों (कांग्रेस- राजद) को 3 मार्च की पटना रैली ब्लैक पेपर जारी कर राज्य को पिछड़ा बनाने के साझा अपराध पर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को बताना चाहिए उनके माता-पिता के 15 साल के राज में राज्य की क्या हालत थी? श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद के राज में बरौनी का खाद कारखाना, एनटीपीसी के विद्युत प्लांट और कई चीनी मिलें क्यों बंद हो गए? वे बताएं कि लालू-राबड़ी राज में सड़कें गड्ढे में क्यों बदल गई थीं? शाम ढलते दुकानें क्यों बंद हो जाती थीं और सिनेमा के नाइट शो तक क्यों बंद करने पड़े थे।

# ब्रजेश मेहरोत्रा बनाए गए बिहार के मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को बिहार का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना में बताया गया है कि यह व्यवस्था सोमवार से प्रभावी होगी। श्री मेहरोत्रा अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य विभाग तथा मुख्य जांच आयुक्त सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना के अतिरिक्त प्रभार में भी थे। भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक अन्य वरीय अधिकारी चैतन्य प्रसाद जो फिलहाल जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव थे, को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक बिहार के विकास आयुक्त के पद पर प्रतिस्थापित किया गया है। वह अगले आदेश तक सदस्य राजस्व परिषद बिहार पटना तथा अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग बिहार पटना के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

# 29 से 31 मार्च तक देश भर के साहित्यकारों का लगेगा महाकुंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी 29,30, 31 मार्च को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आहूत हो रहे साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के अमृत-महोत्सव, 75वां राष्ट्रीय अधिवेशन तथा बिहार सम्मेलन के 43वें महाधिवेशन की स्वागत समिति का गठन किया गया है। सम्मेलन की विगत कार्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ने पूर्व सांसद और वरिष्ठ हिन्दी सेवी डा. रवीन्द्र किशोर सिन्हा की अध्यक्षता में 63 सदस्यीय स्वागत समिति गठित की है जिसमें 33 उपाध्यक्ष और 21 महासचिव बनाए गए हैं। पटना में लग रहे तीन दिवसीय इस साहित्यिक महाकुंभ के अतिथि साहित्यकारों के सम्मान और सुविधाओं के लिए यह समिति सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। महोत्सव में उद्घाटन और समापन-सह-अलंकरण समारोह के अतिरिक्त 6 वैचारिक सत्र, एक विराट-कवि-सम्मेलन तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्वागत-समिति की संरचना इस प्रकार गठित की गई है- डा. रवीन्द्र किशोर सिन्हा, पूर्व सांसद (अध्यक्ष), पद्मश्री विमल कुमार जैन, पारिजात सौरभ, सरदार महेन्दर पाल सिंह ढिल्लन, डा. मेहता नगेंद्र सिंह, डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता, ई. अवध बिहारी सिंह, प्रो. लक्ष्मी सिंह, रत्ना सिन्हा, अभिजीत कश्यप, आचार्य विजय गुंजन, सुनील कुमार उपाध्याय, शुभचंद्र सिन्हा, डा. पंकज पाण्डेय, डा. सीमा रानी, डा. सुमेधा पाठक, डा. पंकज कुमार 'बसंत', ज्ञानेश्वर शर्मा, परवेज आलम, संजय शुक्ला, कमल किशोर 'कमल', सदानन्द प्रसाद, डा. सीमा यादव, मधु रानी लाल, डा. सुधा सिन्हा, इन्दु उपाध्याय, प्रेमलता सिंह राजपुत, अभय सिन्हा, डा. पंकज वासिनी, अंबरीष कांत, राजेश भट्ट, डा. अर्चना सिन्हा, चितरंजन लाल भारती, अरुण कुमार श्रीवास्तव, (सभी उपाध्यक्ष), वंदना वीथिका, शशि भूषण कुमार, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, मुकेश कुमार, आनन्द मोहन झा, डा. पूनम देवा, अभिलाषा कुमारी, संजू शरण, नीलू अग्रवाल, श्वेता गजल, अप्सरा मिश्र, नीरव समदर्शी, लता प्रासर, संजीव मिश्र, मोईन गिरीडीहवी, डा आर प्रवेश, तलअत परवीन, डा पुरुषोत्तम कुमार, श्रीकांत व्यास, अंकेश कुमार, डा. रेखा भारती मिश्र, डा सुषमा कुमारी (सभी महासचिव), डा. कुंदन लोहानी, पंकज प्रियम, शिवानन्द गिरि, सतीश कुमार राजू, नेहाल कुमार सिंह 'निर्मल', अमित कुमार सिंह, रोहित कुमार, राजेश राज (सभी सचिव)। उल्लेखनीय है कि इस बार पहली बार बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना के वार्षिक अधिवेशन के साथ प्रयाग हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयागराज का अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अधिवेशन संयुक्त रूप से आयोजित करने का निर्णय किया गया है जिससे देश भर के साहित्यकारों का जमघट एक स्थान पर होकर पूरे देश भर में साहित्यकारों की वृहद रूप में एकजुटता से ली गई अनुशंसा का सकारात्मक, सोद्देश्यपूर्ण, सार्थक संदेश प्रचारित व प्रसारित हो सकेगा और यह वृहद भव्य आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगा, यदि कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

# मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार होंगे। पार्टी ने उनका नाम की घोषणा कर दी है। घोषणा करने के साथ ही सदर विधायक मनीष जायसवाल के समर्थकों और उनके परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं है। हजारीबाग के कई इलाकों में उनके कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया है। झंडा चौक, विधायक कार्यालय, सेठ मोहल्ला सभी ओर आतिशबाजी की गई। उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनकी पत्नी, पुत्र और पिता सभी ने पार्टी आलाकमान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है तो दूसरी ओर जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने जो तय किया है उसका स्वागत है।

# सामान्य और दिव्यांग बच्चों का एक साथ खेलना बहुत ही सुखद : केसी सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महिला इमदाद कमेटी, बिहार ने ऊर्जा पार्क में लिट्टरा पब्लिक स्कूल के बच्चों और आशदीप संस्थान के मूक बधिर बच्चों के लिए एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया। इस आयोजन का मकसद था इन दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश और उनमें यह आत्मविश्वास पैदा करना कि वो भी समाज के दूसरे आम बच्चों की तरह ही हैं और उनके हमकदम हो सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे नालंदा खुला विवि और पटना विवि के वॉयस चांसलर प्रोफेसर केसी सिन्हा। साथ में मुख्य वक्ता थे प्रोफेसर पीके पोद्दार। महिला इमदाद




कमेटी की उपाध्यक्ष ममता मेहरोत्रा ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम का संचालन कर महिला इमदाद कमेटी की सचिव पूनम चौधरी ने की। मौके पर केसी सिन्हा ने कहा कि क्रिकेट हार्ड वर्क और टीमवर्क की भावना तो पैदा करता ही है साथ आत्म विश्वास भी पैदा करता है। ऐसे में सामान्य और दिव्यांग बच्चों का एक साथ खेलना बहुत ही सुखद है। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रोफेसर केसी पोद्दार ने खेल और क्रिकेट पर विस्तार से चर्चा की। कमेटी की उपाध्यक्षा ममता मेहरोत्रा ने कहा कि यहां हार जीत महत्व नहीं है, महत्व है वह विश्वास जो असमानता को दूर कर समानता को पैदा करता है। कमेटी के सचिव पूनम चौधरी ने मौके पर कहा कि हमें इस क्रिकेट मैच का आयोजन कर गर्व हो रहा है। यह न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर करता है बल्कि यह खेल में समावेशिता और पहुंच के भी महत्व को भी रेखांकित करता है। इस अवसर पर महिला इमदाद कमेटी की कार्यकारिणी अध्यक्ष उषा झा, डा. आशा त्रिपाठी, डा. मानसी पांडे, रीता सिन्हा, रंजना चौधरी सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। दोनों ही टीम के बेस्ट प्लेयर को अलग से सम्मानित किया गया।

# रौशन और शिवानी को कैरम का खिताब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यापीठ अंतर्गत देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश द्वारा किया गया। उन्होंने कैरम को शिक्षा से जोड़ते हुए यह कहा कि यह एक ऐसा खेल है जिसके माध्यम से विभिन्न तरह के प्रकरण को सिखाया जा सकता है। उन्होंने इस खेल को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा गणित विषय से जोड़ा। साथ ही बिहार विद्यापीठ, शिक्षा, संग्रहालय एवं संस्कृति की निदेशिका डॉक्टर मृदुला प्रकाश ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना दिया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम



वर्मा उपस्थित थी। इस प्रतियोगिता की समन्वयक मिताली मित्रा ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इस खेल का आयोजन करने हेतु तकनीकी पदाधिकारी जयप्रकाश सिंह भी मौजूद थे। इस खेल के सहयोग करने में कॉलेज के सहायक प्रोफेसर रिंपल कुमारी एवं चन्द्रकान्त आर्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में शिवानी वर्मा ने रिंकी कुमारी को सेमीफाइनल मुकाबले में 25-14 और 25-20 के अंतर से हराकर, फाइनल में प्रिया दुबे 25-10 और 25-15 अंतर से हराकर फाइनल अपने नाम किया, रोशन कुमार ने पुरुष मुकाबले में सेमीफाइनल में विवेक कुमार को 2-1 के अंतर से हराकर, फाइनल मुकाबले में आशीष कुमार को सीधे सीटों में 25-11 और 25-13 के अंतर से फाइनल का खिताब अपने नाम किया।

# मोदी राज में बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा क्रूर मजाक : डा. अखिलेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में महिला कांग्रेस के दफ्तर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में डा. सिंह ने कांग्रेस के लिए मोर्चा संगठनों को रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास में आधी आबादी की अहम भूमिका है। डा. सिंह ने कहा कि मोदी राज में महिलाओं पर हर तरह के अत्याचार की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा क्रूर मजाक बन गया है क्योंकि सत्ता में ऊंचे पदों पर



बैठे लोग भी बहू-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने से नहीं चूक रहे। ऐसी परिस्थिति में महिला कांग्रेस को रणनीति बनाकर प्रदेश भर में एक असरदार आन्दोलन खड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिला कांग्रेस के द्वारा महिला उत्प्रीड़न एवं शोषण के खिलाफ उठाये गये हर आवाज को प्रदेश कांग्रेस पूरी शक्ति देगी। इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरबत जहां फातिमा ने अपनी साल भर की रिपोर्ट पेश की और होनेवाले कार्यक्रमों से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया।

# मुख्यमंत्री को श्री शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए किया आमंत्रित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति, पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 8 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात के आयोजन को लेकर की जा



रही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर के नंद किशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिड्ढा सहित अन्य उपस्थित थे।

# अवैध लॉटरी बेचने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले की बगोदर पुलिस ने तीन लोगो को अवैध लॉटरी बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि तीनो गिरफ्तार व्यक्ति धनबाद का रहनेवाला है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 1200 लॉटरी टिकट , 5 हजार रुपए मोटरसाइकिल जब्त किया गया है।

# अन्नपूर्णा देवी को उम्मीदवार बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**कोडरमा।** भाजपा ने झारखंड के 11 लोकसभा सीट के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अन्नपूर्णा देवी को एक बार फिर बीजेपी ने कोडरमा से अपना उम्मीदवार बनाया है। इधर अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा लोकसभा का उम्मीदवार बनाए जाने की खबर सुन भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भाजपा की जीत का कोडरमा में दावा किया। झंडा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और अन्नपूर्णा देवी जिंदाबाद के नारे लगाए। बीजेपी जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने अन्नपूर्णा देवी की जीत का दावा किया और कहा कि बीजेपी का 400 का मिशन जरूर पूरा होगा। वहीं भाजपा नेता नितेश चन्द्रवंशी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा में किये गए कार्यों की बदौलत उन्हें टिकट मिला है और एक बार फिर उनकी ऐतिहासिक जीत होगी।

# पक्ष-विपक्ष के शोर में धुला प्रश्नकाल

## जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण अधिनियम 2011 समेत चार विधेयक सदन से पास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** बजट सत्र के अंतिम दिन शनिवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। पक्ष-विपक्ष दोनों ओर से वेल में पहुंच कर सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। भारी शोरगुल के कारण स्पीकर को प्रथम पाली में सदन दो बार स्थगित करना पड़ा। दुमका में विदेशी महिला के साथ गैंगरेप के मामले को लेकर भाजपा विधायकों ने विधानसभा में हंगामा किया। भाजपा विधायक अमित मंडल ने इस मामले को उठाते हुए आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने दुमका के एसपी पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि आठ-आठ आरोपियों ने विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके कारण झारखंड ही नहीं। बल्कि पूरे देश की बदनामी हुई। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण विधानसभा की कार्यवाही को विधानसभा अध्यक्ष ने अपराह्न 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। भोजनावकाश के बाद 2 बजकर 14 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। झारखंड जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण वित्तीय स्थापनाओं में अधिनियम 2011 सदन में पेश किया गया। इसके बाद यह विधेयक सदन से पास हो गया। इसके बाद इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2024 सदन में पेश किया गया। यह विधेयक सदन से पास नहीं हुआ। विधायक विनोद सिंह और लंबोदर महतो की मांग पर इस विधेयक को प्रवर समिति के पास भेज दिया गया। झारखंड माल और सेवा कर संशोधन विधेयक 2024 सदन में पेश किया गया। इसके बाद यह सदन से पास हो गया। झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद माध्यस्थम न्यायाधिकरण विधेयक 2024 में पेश किया गया। इसके बाद यह सदन से पास हो गया। सदन में पांच विधेयक पेश किये गये जिसमें से चार पास हो गये। सदन में 42 गैर सरकारी संकल्प पेश किया गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने समापन भाषण दिया। उन्होंने सत्र संचालन में सहयोग करने के लिये विधायकों का आभार जताया।

# आई एम वेरीफाइड वोटर अभियान 4 मार्च से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सरायकेला/खरसावां।** सरायकेला खरसावां जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वीप कार्यक्रम चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम में और बेहतर रूप से वोटरों को जोड़ने के लिए ''आई एम वेरीफाइड वोटर'' अभियान 4 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान को लेकर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने शनिवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस की। उपायुक्त ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा है कि ''आई एम वेरीफाइड वोटर'' अभियान के तहत सभी मतदान केंद्रों में शिविर लगाई जाएगी जिसमें वोटरो से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वोटर मतदान मतदान केंद्र में अपनी नाम दर्ज है या नहीं इसकी जानकारी ले पाएंगे। ईपिक कार्ड में किसी प्रकार की त्रुटि है तो इसका भी शिविर के माध्यम से निराकरण कर पाएंगे। जिले के सभी मतदान केंद्र में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे और वोटरों के समस्याओं का समाधान करेंगे।

# एचईसी की बदहाली के लिए केंद्र और भाजपा सरकार जिम्मेदार : विधायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सदन में शनिवार को सरकारी संकल्प के दौरान खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने एचईसी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एचईसी कर्मियों को 20 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। एचईसी की बदहाली के लिए केंद्र और भाजपा सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने अगर एचईसी बंद होता है तो खाली जमीन को रैयतों को वापस कर देना चाहिये। इसका जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर ने कहा कि इसमें सरकार कुछ नहीं कर सकती है। कंपनी को ही बिना इस्तेमाल होने वाली जमीन को वापस करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने नियम बनाया था कि जो कंपनी जमीन अधिकृत करेगी। अगर वह 5 साल तक इसका इस्तेमाल नहीं करती है तो उसे रैयतों को वापस कर देना होगा। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अगर एचईसी बंद होता है तो राज्य सरकार इसे टेकओवर कर ले।अल्पसंख्यक छात्र.छात्राओं के विभिन्न विषयों को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में मांग की। उन्होंने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक विद्यालयों के भवन जर्जर स्थिति में हैं। अल्पसंख्यक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पहले मेरिट स्कॉलरशिप मिलता था। लेकिन,कोरोना काल के बाद से उक्त छात्रवृत्ति का लाभ अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा है। अल्पसंख्यक हित में छात्र.छात्राओं की सुविधा के लिए जर्जर अल्पसंख्यक विद्यालयों के भवन निर्माण करने की मांग की।

# मोटर वाहन दुर्घटना व मुआवजा को लेकर लोहरदगा डालसा ने किया कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सभा कक्ष में मोटर दुर्घटना मुआवजा से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डिप्टी कमांडेंट तरुण कुमार मंडल, एडीजे श्री अरविंद कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल सर्जन राजमोहन खलखो ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, अधिवक्तागण, इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी व पारा लीगल वोलेंटियर को मोटर दुर्घटना मुआवजा एक्ट से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं पीडीजे ने दुर्घटना के दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा किए जाने वाले कार्य के बारे में बताया। उन्होंने 2022 में हुए कानून संशोधन के अनुपालन पर बल देते हुए कहा कि पुलिस दुर्घटना के हर एक पहलू को बारीकी से जांचे। ताकि पीड़ित को मुआवजा एवं दोषी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सके। दुर्घटना में घायल व्यक्ति का सहयोग करने वाले व्यक्ति का नाम उसके अनुमति के बिना प्रयोग नहीं करना है।

# नया स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को निजी खर्च से नहीं देना है तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची ।** राज्य में लग रहे स्मार्ट मीटर का मुद्दा शनिवार को विधानसभा में उठाया गया। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने मामला उठाया। विधायक की ओर से मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर लगाये जाने के दौरान तार की खरीदारी और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले बोझ पर बल दिया गया। इस दौरान विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि नया स्मार्ट मीटर लगाने के लिये उपभोक्ताओं को निजी खर्च से तार नहीं देना है। इस संबध में बिजली वितरण निगम की ओर से समय समय पर कैंप और समाचार पत्रों में विज्ञापन और खबर के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गयी है। रांची में अब तक 1 लाख 96 हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये है। वहीं धनबाद जिला में भी दो हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये है। अन्य किसी भी जिला में स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। विधायक की ओर से पूछा गया कि पुराने मीटर को एजेंसी के लोग साथ ले जाते हैं। इस पर विभाग ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय में पुराने मीटर को सौंप दिया जाता है। विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि करेंट हादसा से पीड़ित लोगों या परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाता है। ऐसे मामलों में विद्युत निरीक्षक या कार्यपालक अभियंता की ओर से 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यालय को दी जानी है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्रीय मुआवजा कमेटी की ओर से मुआवजा निर्गत किया जाता है।

CMYK




# गरीबी के पैमाने को लेकर सरकार का तर्क विवादों के घेरे में

चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है।

हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा।

मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है।

माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं।

मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। जिस समय औद्योगिक गतिविधियां ठप्प थीं, उस समय भी भारतीय कृषि क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था को लड़खड़ाने नहीं दिया था। मगर आर्थिक विकास दर में इसका योगदान लगातार घटता नजर आ रहा है।

जाहिर है, इस क्षेत्र को उचित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा। इससे आने वाले समय में महंगाई की दर ऊंची रहने की आशंका बनी रहेगी। महंगाई पर काबू पाना पहले ही सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। रिजर्व बैंक रेपो दरों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। पिछले आंकड़ों में सबसे अधिक महंगाई सब्जियों, दूध, फल और अंडे वगैरह की कीमतों में दर्ज की गई थी।

# अंतरिक्ष से संचार क्रांति लाने का संदेश दे रहा इसरो

**सुनील कुमार महला**

वर्ष 2023 भारत के लिए अंतरिक्ष में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य के रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। यह बात सभी को विदित ही है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 ने श्रीहरिकोटा में अवस्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी और भारतीय अंतरिक्ष यान ने 5 अगस्त 2023 को चंद्र कक्षा में निर्बाध रूप से प्रवेश किया। जब लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्र दक्षिणी ध्रुव के निकट एक सफल लैंडिंग की तो यह भारत के लिए एक बहुत ही बड़ा व ऐतिहासिक कदम था। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 की चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग के बाद इसरो द्वारा आदित्य-एल 1 सूर्य मिशन की लॉन्चिंग दुनियाभर में चर्चा का विषय रहे थे।इसी क्रम में अब भारत सरकार ने हाल ही में गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में भारत की पहली उड़ान के लिए चयनित एयरफोर्स के चार पायलटों के नाम भी बताए हैं। इनमें क्रमशः ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं, जिनके नाम स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी 2024 को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करने एवं गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद जारी किए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा कि, ये चार नाम या चार इंसान नहीं हैं। 140 करोड़ आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली शक्तियां हैं। 40 साल के बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जाने वाला है। इस बार टाइम भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक मिशन है और इस मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष मिशनों को कक्षा में भेजा जाएगा। इन तीन मिशनों में से 2 मानवरहित होंगे, जबकि एक मानव युक्त मिशन होगा। यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अक्तूबर 2023 में अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को भी लॉन्च किया था और वर्तमान में इसरो की नजर गगनयान मिशन पर है जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा। सच तो यह है कि गगनयान मिशन को कई चरणों के जरिए सफलता के अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। दरअसल, गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) सबसे खास है। इसरो के अनुसार, फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन1 में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में कोई भी गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगी, कुछ समय उड़ेगी और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित वापस लाया जाएगा। इसके बाद दूसरा परीक्षण वाहन टीवी-डी2 मिशन और गगनयान (एलवीएम3-जी1) का पहला मानव रहित मिशन होगा। परीक्षण वाहन मिशन (टीवी-डी3 और डी4) की दूसरी श्रृंखला और रोबोटिक पेलोड के साथ एलवीएम3-जी2 मिशन की अगली योजना बनाई गई है। एजेंसी के मुताबिक, चालक दल मिशन की योजना सफल परीक्षण वाहन के नतीजे और उन मिशनों के आधार पर बनाई गई है जिनमें कोई चालक दल नहीं है। दरअसल इसरो इस मिशन के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रहा है और किसी भी हाल और परिस्थितियों में अंतरिक्ष यात्रियों को खोना नहीं पड़े इसके लिए इसरो द्वारा छह परीक्षणों की एक श्रृंखला तैयार की गई है। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल अक्टूबर में हुए एक अहम परीक्षण में यह सामने आया है कि रॉकेट में गड़बड़ी होने पर चालक दल सुरक्षित बाहर निकल सकता है। बहरहाल, पाठकों को यह भी विदित हो कि गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में भेजे जायेंगे । मीडिया के हवाले से यह सामने आ रहा है और इस मिशन को वर्ष 2024 के आखिर या वर्ष 2025 की शुरुआत तक अंतरिक्ष में भेजा जा सकता है। इसी साल यानी कि वर्ष 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान भरी जायेगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट को भेजा जाएगा। बताता चलूं कि गगनयान मिशन तीन दिवसीय मिशन है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान मिशन के सफल होने पर भारत उन देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। बताता चलूं कि अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ही यह काम कर पाए हैं। यहां यह बात कहना ग़लत नहीं होगा कि आज इसरो संपूर्ण विश्व में अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभर रहा है और अंतरिक्ष मिशनों का लगातार भारतीयकरण(स्वदेशीकरण) हो रहा है। हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर लगातार अग्रसर हैं और हमने काफी हद तक मिशन गगनयान का भारतीयकरण कर दिया है।

# क्या आरक्षण आंदोलन से हार्दिक पटेल की तरह एक और नेता मनोज जरांगे पाटिल का भी राजनीति में पदार्पण होगा ?



**अशोक भाटिया**

**खबरों के अनुसार इस समय महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन हिंसक रूप विराट रूप ले चुका है।महाराष्ट्र ही नहीं पुरे देश की निगाहें इस ओर लगी है । मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करते हुए 40 वर्षीय मनोज जरांगे पाटिल ने 2014 के बाद से कई आंदोलन किए हैं, जो ज्यादा चर्चा में नहीं रहे। उनके ज्यादातर प्रदर्शनों की गूंज जालना जिले से बाहर नहीं जा पाई। हाल में उनकी भूख हड़ताल ने महाराष्ट्र में हलचल मचा दी । हिंसक प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आंदोलनकारी नेता मनोज जरांगे से बातचीत की और मराठा समुदाय को कुनबी जाति की कैटेगरी में शामिल करने का वादा किया है। सीएम शिंदे के आश्वासन के बाद मनोज जरांगे पाटिल ने आमरण अनशन खत्म कर दिया व सरकार को ज्यादा निर्णय लेने का और दो माह का समय दे दिया । मनोज जरांगे ने मराठा आंदोलन की मुहिम के बारे में जाने तो उन्होंने 2011 से यह मुहीम शुरू की। 2023 में अब तक उन्होंने 30 से ज्यादा बार आरक्षण के लिए आंदोलन किया।**

विषय को विस्तार से समझने के लिए हमें तजा राजनीतिक घटनाओं को समझाना होगा . इस समय 2024 के चुनाव सर पर है .अनेक दलों में सीट बटवारे कि बात चल रही है । ऐसे समय में महाविकास आघाड़ी गठबंधन के नेता तथा वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे पाटिल को उनके गृह जनपद जालना से लोकसभा टिकट देने की मांग महाविकास आघाड़ी गठबंधन से की है। मनोज जरांगे इन दिनों मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चर्चा में हैं। हालाँकि उन्होंने इस प्रकार की किसी संभावना से इंकार किया है पर राजनीति में कभी भी कुछ भी हो सकता है ।

खबरों के अनुसार इस समय महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन हिंसक रूप विराट रूप ले चुका है।महाराष्ट्र ही नहीं पुरे देश की निगाहें इस ओर लगी है । मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करते हुए 40 वर्षीय मनोज जरांगे पाटिल ने 2014 के बाद से कई आंदोलन किए हैं, जो ज्यादा चर्चा में नहीं रहे। उनके ज्यादातर प्रदर्शनों की गूंज जालना जिले से बाहर नहीं जा पाई। हाल में उनकी भूख हड़ताल ने महाराष्ट्र में हलचल मचा दी । हिंसक प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आंदोलनकारी नेता मनोज जरांगे से बातचीत की और मराठा समुदाय को कुनबी जाति की कैटेगरी में शामिल करने का वादा किया है। सीएम शिंदे के आश्वासन के बाद मनोज जरांगे पाटिल ने आमरण अनशन खत्म कर दिया व सरकार को ज्यादा निर्णय लेने का और दो माह का समय दे दिया । मनोज जरांगे ने मराठा आंदोलन की मुहिम के बारे में जाने तो उन्होंने 2011 से यह मुहीम शुरू की। 2023 में अब तक उन्होंने 30 से ज्यादा बार आरक्षण के लिए आंदोलन किया। जरांगे को मराठा आरक्षण आंदोलन का बड़ा चेहरा माना जाता है। मराठवाड़ा क्षेत्र में उनका बहुत सम्मान है। 2016 से 2018 तक जालना में मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व भी मनोज जरांगे ने ही किया था। आइए जानते हैं कि कैसे सामान्य परिवार के साधारण युवक जरांगे इतने बड़े आंदोलन के इतना बड़ा चेहरा बना गए? कैसे उन्होंने पूरे राज्य की सियासत में उठापटक मचा दी–

42 साल के मनोज जरांगे पाटिल मूल रूप से महाराष्ट्र के बीड जिले के रहने वाले हैं। तकरीबन 20 साल पहले सूखे से त्रस्त होकर उनके पिता जालना के अंकुश नगर की मोहिते बस्ती में आकर बस गए थे। 4 बेटों में सबसे छोटे मनोज जरांगे आज मराठा समाज का बड़ा नेता बन चुके हैं। मराठा समुदाय के आरक्षण के प्रबल समर्थक मनोज जरांगे पाटिल अक्सर उन प्रतिनिधिमंडलों के हिस्सा रहे हैं, जिन्होंने आरक्षण की मांग के लिए राज्य के विभिन्न नेताओं से मुलाकात की है।

साल 2010 में जरांगे 12वीं क्लास में थे, तभी उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। फिर वे आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने अपनी आजीविका चलाने के लिए एक होटल में भी काम किया। बीते 12 साल में जरांगे ने 30 से ज्यादा बार आरक्षण आंदोलन किया है। साल 2016 से 2018 तक भी उन्होंने जालना में आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व किया। शुरू में मनोज जरांगे कांग्रेस के एक कार्यकर्ता थे। राजनीति में भी हाथ आजमाते हुए उन्होंने जालना जिले के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। लेकिन विचारधारा के मतभेद के चलते जल्दी ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बाद में मराठा समुदाय के सशक्तीकरण के लिए पार्टी से अलग होकर चशिवबा संगठन नाम की खुद की संस्था बना ली।



मनोज जरांगे के परिवार की आर्थिक स्थिति कुछ खास नहीं थी। उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी, तीन भाई और चार बच्चे हैं। जब संगठन चलाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे, तब उन्होंने अपनी 2 एकड़ जमीन बेच दी थी। मनोज के नेतृत्व में साल 2021 में जालना के पिंपलगांव में तीन महीने तक आरक्षण के लिए धरना दिया था। मराठा आरक्षण आंदोलन का केंद्र बन चुके अंतरवाली सराटी गांव के सरपंच पांडुरंग तारख का कहना है कि समाज के प्रति जरांगे का निःस्वार्थ भाव उनकी लोकप्रियता का बड़ा कारण है। उन पर भरोसा करने की वजह है कि उन्हे पैसा नही चाहिए। उन्हें कुछ भी नही चाहिए। उन्हें समाज के लिए काम करना है।

मनोज जरांगे के साथ पिछले सात आंदोलनों में साथी रहे पिंपल गांव के गणेश महाराज बोचरे बताते हैं कि मनोज की ईमानदारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा, च्उनकी ईमानदारी हमारे दिल में घर कर चुकी है। समाज के लिए वो जो भी करते हैं, पूरे दिल और निस्स्वार्थ भावना से करते हैं। वो कभी समाज के काम में पीछे नहीं हटते। मनोज जरांगे की अनिश्चित भूख हड़ताल से उनकी जान को खतरा है, लेकिन ना तो पिता को और न ही उनकी पत्नी को इस बात की फिक्र थी। दोनों का यही कहना था कि वो समाज के लिए लड़ रहे है। समाज के युवकों को उच्च शिक्षा का मौका मिले, अच्छी नौकरी मिले ... वो इसके लिए लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में परिवार के सभी लोग उनके साथ हैं।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र की राजनीति और आरक्षण आंदोलन में मनोज जरांगे का उदय आठ साल पहले गुजरात में 'पाटीदार अनामत आंदोलन' के रूप में अनाम से चेहरे हार्दिक पटेल के चमत्कारी नेता के रूप में उदय से काफी कुछ मेल खाता है। यह बात अलग है कि बाद में हार्दिक खुद राजनीति के शतरंज का मोहरा बन गए और आज वो उसी भाजपा से विधायक हैं, जिसके खिलाफ उन्होंने कभी समूचे गुजरात को हिला दिया था। अब मनोज जरांगे का हश्र क्या होता है, यह देखने की बात है, लेकिन यह मानने में हर्ज नहीं है कि आज महाराष्ट्र में गुजरात ही खुद दोहरा रहा है। इसके विपरीत मनोज जरांगे का सियासी सफर ज्यादा संघर्ष और चुनौती से भरा है। वो अपनी मांग पर अड़े हैं और सरकार को डर है कि जरांगे ने अनशन चलते रहे तो प्रदेश में मराठा और ओबीसी जातियों में आरक्षण को लेकर संघर्ष सड़कों पर आ सकता है। दरअसल, मराठा भी कोई एक जाति न होकर समुदायों का समुच्चय है। जरांगे की मांग के मुताबिक यदि सरकार मराठों को कुणबी होने का प्रमाण-पत्र देती है तो पहले से ओबीसी में शामिल कुणबी मराठा समुदाय विरोध में उठ खड़ा होने को तैयार है। ओबीसी नहीं चाहते कि मराठों को उनके आरक्षण कोटे में हिस्सेदारी दी जाए। ध्यान रहे कि इस देश में जातिवादी राजनीति का आरक्षण एक ब्रह्मास्त्र है, क्योंकि यदि आरक्षण को हटा दिया जाए तो जातिवादी राजनीति महज एक जाति आधारित वोटों की गोलबंदी या फिर समाज सुधार के सात्विक आग्रह रूप में शेष रहती है। भारतीय समाज और खासकर हिंदुओं में सामाजिक न्याय के तहत संविधान में दलित व आदिवासियों के लिए जिस आरक्षण का प्रावधान किया गया था, उसने अब मानों यू टर्न ले लिया है।

पहले माना जाता था कि जाति व्यवस्था के कारण विकास की दौड़ में पीछे रही जातियों और समुदायों को सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों व राजनीतिक आरक्षण देकर उन्हें प्रगत समुदायों के समकक्ष लाया जा सकता है और सामाजिक समता का एक लेवल कायम किया जा सकता है।दरअसल, वोटों की राजनीति ने सामाजिक समता के इस काल्पनिक मॉडल को जल्द ही सरकारी रेवड़ी और राजनीतिक प्रभुत्व की चाह में तब्दील कर दिया, इसीलिए समाज की मध्यम जातियों ने पहले ओबीसी के तहत आरक्षण मांगा और मिला। अब वो जातियां भी खुद को पिछड़ा कहलवाना चाह रही हैं, जो सत्तर साल पहले आरक्षण को राजनीतिक दान समझ कर हिकारत के भाव से देखती थीं। अब विडंबना है कि आज महाराष्ट्र में मराठा, गुजरात में पाटीदार, राजस्थान में गुर्जर और हरियाणा में जाट आरक्षण की मांग इसी संवैधानिक जातीय अवनयन में अपने सामाजिक उन्नयन की राह बूझ रही हैं।आरक्षण की लालीपाप अब उन जातियों को भी तीव्रता से आकर्षित कर रही है, जो सदियो से समाज में श्रेष्ठताभाव में जीने की आदी रही हैं। यानी अब यदि उन्हें भी आरक्षण मिले तो वो किसी भी जाति के नाम का आवरण ओढ़ने के लिए तैयार हैं। इसका अर्थ इन जातियों में सामाजिक समता को लेकर कोई बुनियादी मानसिक बदलाव का होना नहीं है, केवल आर्थिक बेहतरी और राजनीतिक सत्ता पाने की तात्कालिक स्वार्थ सिद्धि ज्यादा है। इसी का नतीजा है कि आरक्षण की राजनीति में अब नए और समाज की निचली पायदान से आने वाले खिलाड़ियों की गुंजाइश बन रही है। यह उस स्थापित नेतृत्व के प्रति जनता का गहरा अविश्वास भी है, जो आरक्षण की फुटबाल को इस पाले से उस पाले में ठेलते रहे हैं।

# शिकंजे में शैतान ! सियासत क्यों थी मेहरबान?

**सवाल यह है कि 5 जनवरी को ईडी की टीम पर हमला करा फरार होने वाला शाहजहां 55 दिन तक अपने सियासत से रसूक और संरक्षण प्राप्त होने के कारण पुलिस की गिरफ्त से बचने में कैसे कामयाब हो जाता है? तमाम मीडिया पर शाहजहां की करतूत का खुलासा होने के बाद भी महिलाओं की चीख और इंसाफ पाने की पुकार एक महिला मुख्यमंत्री कैसे नजरअन्दाज कर देती हैं? एक रिक्शा चलाने वाला सैकड़ों करोड़ का साम्राज्य स्थापित कर कैसे सियासत दानों की आंख का तारा बन जाता है? ज्ञात हो कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने बीते बुधवार को निर्देश दिया था कि संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी गिरफ्तार कर सकती है.**

**मनोज कुमार अग्रवाल**


पश्चिमी बंगाल में संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को आखिरकार कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद गिरफ्तार कर लिया गया. पश्चिम बंगाल पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की है। लेकिन इस गिरफ्तारी के बाद भी कई सवालों का जवाब मिलना बाकी है आखिर सत्ता क्यों ऐसे माफियाओं को अपने दामन में छुपाती है। उसे गुरुवार दोपहर 2 बजे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे दस दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है । वहीं तृणमूल कांग्रेस ने शाहजहां शेख को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

सवाल यह है कि 5 जनवरी को ईडी की टीम पर हमला करा फरार होने वाला शाहजहां 55 दिन तक अपने सियासत से रसूक और संरक्षण प्राप्त होने के कारण पुलिस की गिरफ्त से बचने में कैसे कामयाब हो जाता है? तमाम मीडिया पर शाहजहां की करतूत का खुलासा होने के बाद भी महिलाओं की चीख और इंसाफ पाने की पुकार एक महिला मुख्यमंत्री कैसे नजरअन्दाज कर देती हैं? एक रिक्शा चलाने वाला सैकड़ों करोड़ का साम्राज्य स्थापित कर कैसे सियासत दानों की आंख का तारा बन जाता है? ज्ञात हो कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने बीते बुधवार को निर्देश दिया था कि संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी गिरफ्तार कर सकती है. शाहजहां शेख पिछले पचपन दिन से फरार था। 5- 5 दिन पहले जब ईडी की एक टीम ने शाहजहां शेख के खिलाफ मामले की पड़ताल के सिलसिले में छापामारी की थी तब उस के गुर्गों ने 5 जनवरी को ईडी टीम पर जानलेवा हमला किया जिसमें ईडी के कई अधिकारी चोटिल हुए थे। तभी से शाहजहां शेख फरार चल रहा था। टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने शाहजहां की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उसे पार्टी से निलंबित करने के फैसले की घोषणा की। ब्रायन ने कहा, हमने शेख शाहजहां को 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया है। बता दें कि शेख संदेशखाली विधानसभा क्षेत्र का टीएमसी संयोजक था और पार्टी के कब्जे वाले उत्तर 24 परगना जिला परिषद का सदस्य भी था। संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने और जबरदस्ती यौन शोषण दरिंदगी करने का आरोप लगाया है। शेख और उसके साथियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर इस क्षेत्र में महिलाएं गत एक महीने से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। शाहजहां को 55 दिनों की फरारी के बाद गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि वह अपने कुछ साथियों के साथ घर में छिपा हुआ था। शाहजहां के खिलाफ संदेशखाली की महिलाओं ने जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया था. अब शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय महिलाएं जश्न मनाते हुए नजर आई हैं। इन महिलाओं ने शाहजहां और उसके समर्थकों पर शोषण करने और जबरन जमीन कब्जाने जैसे कई आरोप लगाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने शाहजहां शेख से साथ ही टीएमसी के अन्य नेताओं उत्तम सरदार और शिबप्रसाद हाजरा पर भी इन सभी में शामिल होने के आरोप लगाए। ये दोनों नेता शाहजहां शेख के करीबी बताए जाते हैं।9 फरवरी को तनाव तब बढ़ गया जब प्रदर्शनकारी महिलाओं ने शाहजहां समर्थक हाजरा के स्वामित्व वाले तीन पोल्ट्री फार्मों को जला दिया। महिलाओं का दावा था कि वे स्थानीय ग्रामीणों से जबरन छीनी गई जमीन पर बने थे। वहीं 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने घटना को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार को त्वरित और प्रभावी रूप से कार्रवाई करनी होगी।

महिलाओं के विरोध के बीच बंगाल राज्य की विपक्षी पार्टी भाजपा ने भी प्रदर्शन शुरू कर दिया। 12 फरवरी को भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला और सरकार पर संदेशखाली हिंसा को लेकर गंभीर आरोप लगाया। इसके साथ ही ही संदेशखाली की घटना बंगाल की न होकर देशभर में चर्चा का विषय बन गई। तब से लेकर अब तक राज्यपाल, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, फैक्ट फाइडिंग टीम ने तनावग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया और पीड़ितों से मुलाकात की।

बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले से शाहजहां शेख की गिरफ्तारी कर ली है। जानकारी के अनुसार, वह मिनाखा इलाके में एक घर से छिपा हुआ था। कहा गया कि टीएमसी नेता को गुरूवार अल सुबह तीन बजे गिरफ्तार किया गया। मामले की जानकारी देते हुए एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शाहजहां की गिरफ्तारी 5 जनवरी को ईडी टीम पर हमले के मामले में हुई है। इसके साथ ही पुलिस अधिकारी ने कहा कि छह-सात फरवरी से जो मामले दर्ज किए गए हैं वो दो-तीन साल पहले हुई घटनाओं से जुड़े हैं। मामले की जांच करने में, सबूत जुटाने में समय लगेगा।

संदेशखाली की घटना बंगाल की न होकर देशभर में चर्चा का विषय बन गई। तब से लेकर अब तक राज्यपाल, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, फैक्ट फाइडिंग टीम ने तनावग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया और पीड़ितों से मुलाकात की।उधर हाईकोर्ट ने कहा था कि शाहजहां को बंगाल पुलिस के साथ-साथ सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी गिरफ्तार कर सकते हैं।बस अदालत की इतनी टिप्पणी से इस शातिर अपराधी को बचाने के लिए अपनी प्रतिष्ठा दाव पर लगा रहे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दाव उल्टा पड़ता नजर आया तो दो दिन के भीतर ही शाहजहां को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया गया। अदालत ने शाहजहां को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। 4 मार्च को कलकत्ता हाईकोर्ट शाहजाहां के मामले की सुनवाई करेगी। आपको पता हो कि प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल के राशन वितरण घोटाले में करीब 10 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है. इस मामले में सबसे पहले बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को गिरफ्तार किया गया। बाद में टीएमसी नेता शाहजहां शेख और बनगांव नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन शंकर आद्या की भी संलिप्तता सामने आई। पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा, यह गिरफ्तारी नहीं है, यह शेख शाहजहां और टीएमसी सरकार के बीच की डील शाहजहां को जेल में पांच सितारा सुविधाएं मिलेंगी। जाहिर है कि अभी भी बंगाल पुलिस शाहजहां के लिए साफ्ट कार्नर दिखा रही है लेकिन इसके चलते ममता सरकार की साख को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं अदालत में पेशी के दौरान शाहजहां शेख के दबंग अंदाज में चलने पर बीजेपी के प्रवक्त शहजाद पूनावाला ने निशाना साधा है।




# अमेजन वेब सर्विस शानदार कॅरियर के साथ आकर्षक सैलरी

**वर्तमान समय में देश विदेश की 60 प्रतिशत से अधिक कंपनियां अमेजन वेब सर्विस का इस्तेमाल कर रही हैं। अगर आप भी इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं तो आपका किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएट होना जरूरी है। AWS सर्टिफिकेट हासिल कर आप इस क्षेत्र में शानदार कॅरियर के साथ आकर्षक सैलरी भी पा सकते हैं।**

किसी भी व्यक्ति या कंपनी को अपना बिजनेस शुरू करने के लिए इंफास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। इंटरनेट की मदद से किए गए बिजनेस को डिजिटल मार्केटिंग कहते हैं। अमेजन वेब सर्विस ये सेवाएं मौजूदा समय में बिजनेस ऑनर्स को दे रही है। बता दें कि यह ऑनलाइन क्लाउड कंम्यूटिंग प्लेटफॉर्म है। यह अपने कस्टमर या कंपनियों को सर्वर्स, स्टोरेज, नेटवर्किंग रिमोट कम्प्यूटिंग, ईमेल, मोबाइल डेवलपमेंट और सिक्यूरिटी उपलब्ध कराता है। क्लाउड इन सुविधाओं के बदले NDS कंपनियों से शुल्क लेता है। वर्तमान समय में अमेजन वेब सर्विस का इस्तेमाल देश विदेश की 60 प्रतिशत से अधिक कंपनियों में किया जा रहा है। इसलिए उम्मीद है कि आने वाले समय में NDS सेक्टर में देश विदेश की हजारों बिजनेस कंपनियों द्वारा करीब 2 करोड़ नौकरियां निकलेंगी। ऐसे में अगर आपके पास भी AWS का सर्टिफिकेट है तो आप भी किसी भी कंपनी का डेटा रिमोट के जरिए मैनेज कर सकते हैं। इस काम में आप आकर्षक सैलरी भी हासिल कर सकते हैं।

## 4 मेन सर्टिफिकेट

Foundational: यह Cloud Practioner कोर्स NDS सेक्टर में आपको पूरी बेसिक समझ प्रदान करता है। जैसे इलास्टिक कम्प्यूट क्लाउड, एस3 बकेट, एडब्ल्यूएस क्लाउड फार्मेशन, क्लाउड फ्रंट, इलास्टिक बीन स्टाक आदि।

Associate: Associate कोर्स में आपको एडब्ल्यूएस ईसीटू, नेटवर्किंग, स्टोरेज सर्विसेज, आईएएम सेवाओं, क्लाउड वॉच, अलर्ट और अलॉर्म के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है।

Professional: इस प्रकार के सर्टिफिकेट के लिए आपको 3 साल के एक्सपीरियंस की जरूरत होती है। इसमें दो 2 तरह का सर्टिफिकेट होता है। जिसमें एक सॉल्यूशन आर्किटेक और दूसरा डेवॉप्स इंजीनियर।


Speciality: इस सर्टिफिकेट के लिए भी आपको 3 साल के एक्सपीरियंस की जरूरत होती है। इसमें भी आपको Professional की तरह दो तरह के सर्टिफिकेट मिलते हैं। जिनमें से एक एडवांस मार्केटिंग और मशीन लर्निंग होता है।

## सैलरी

एडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मिलने के बाद आपको एक फेशर के तौर पर 70 से 90 हजार रुपए प्रतिमाग की आकर्षक सैलरी मिलती है। वहीं इस क्षेत्र में अनुभव रखने वाले लोगों और एडब्ल्यूएस एक्सपर्ट को 1,35000 से 1,66000 रुपये तक सैलरी मिलती है।

## मास्टर डिजिटल मार्केटिंग कोर्स

- एडवांस्ड मॉड्यूल्स के साथ 3 महीने की On Job Training दी जाती है।
- एंटरप्रेन्योरशिप, ग्राफिक डिजाइन, स्पोकन इंग्लिश जैसी स्किल्स के डेवलप किया जाता है।
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट राइटिंग, मार्केटिंग और ईमेल मार्केटिंग के बेसिक बताए और सिखाए जाते हैं।
- गूगल फेसबुक और डिजिटल मार्केटिंग के 40+ टूल्स की तैयारी करना सिखाया जाता है।
- इंडस्ट्री के बेस्ट एक्सपर्ट की मास्टर क्लास से भी युवाओं को सीखने का मौका दिया जाता है।
- इस इंडस्ट्री में सफलता के लिए ऑफिस आकर इंटर्नशिप करने का अवसर
- एक्सपर्ट्स की देखरेख में इंटरव्यू की तैयारी और मॉक टेस्ट की तैयारी



# पैसा और सम्मान का प्रोफेशन वकालत

**अगर आप वकालत की पढ़ाई करना चाहते हैं, तो आपको हम देश के टॉप कॉलेजों के बारे में बताते हैं जहां पर एडमिशन लेकर अपना भविष्य संवार सकते हैं।**

वकालत एक पेशा है जिसमें काफी संघर्ष है। अगर एक बार वकालत चल गई तो जो पैसा और इज्जत इस प्रोफेशन में मिलती है, वो किसी में नहीं है? भारत में कई यूनिवर्सिटीज, कॉलेज की तरफ से वकालत की पढ़ाई करवाई जाती है। लेकिन कुछ ऐसे कॉलेज हैं, जहां से पढ़ाई करने के बाद युवाओं की नौकरी पक्की समझी जाती है।

## नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु

नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु की देश में पहली रैंक है। यहां पर छात्रों को क्लैट के तहत एडमिशन दिया जाता है। ऐसे में अगर आप भी वकालत की पढ़ाई करना चाहते हैं तो यह कॉलेज आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। यहां पर तीन और 5 वर्षीय दोनों कोर्सेज में प्रवेश दिया जाता है। 12वीं पास 5 वर्षीय एलएलबी में प्रवेश ले सकते हैं। जबकि ग्रेजुएट 3 वर्षीय में।

## चंडीगढ़, यूनिवर्सिटी

चंड़ीगढ़ यूनिवर्सिटी का वकालत की पढ़ाई में दूसरा स्थान है। हालांकि, यहां पर सिर्फ 3 वर्षीय पाठ्यक्रम में ही प्रवेश दिया जाता है। तीन वर्षों के लिए छात्रों को 2 लाख 70000 रुपए फीस देनी होती है। यहां से पढ़ाई के बाद युवाओं का आसानी से प्लेसमेंट हो जाता है।

## गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गांधी नगर

अगर आप वकालत की पढ़ाई करना चाहते हैं, तो आप यहां भी एडमिशन ले सकते हैं। पूरे पांच वर्ष का कोर्स करने के लिए आपको 5 लाख रुपए देने होंगे। यहां पर एक वर्ष की फीस 50000 है। गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी , गांधी नगर से पढ़ाई करने के बाद अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट आसानी से हो जाता है।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली

12वीं पास छात्र इंटीग्रेटेड कोर्स यानि कि 5 वर्षीय एलएलबी में यहां भी प्रवेश ले सकते हैं। यहां की पढ़ाई पूरे भारत में प्रसिद्ध है। यह स्टेट यूनिवर्सिटी है। 5 वर्ष की पढ़ाई के लिए छात्रों को 7 लाख 60000 रुपए फीस देनी होगी। यहां से पढ़ाई के बाद छात्रों की नौकरी कॉर्पोरेट सेक्टर में आसानी से लग जाती है। वहीं, जो छात्र खुद हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करना चाहते हैं, वे कर सकते हैं।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर

नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर की पहचान भारत के प्रसिद्ध कॉलेजों में होती है। यहां पर 5 वर्षीय वकालत के छात्र प्रवेश ले सकते हैं। क्लैट की परीक्षा में अच्छी रैंक लाने वालों को ही इसमें प्रवेश दिया जाता है। पढ़ाई के बाद यहां पर कई कॉर्पोरेट कंपनियां लीगल एडवाइजर को हायर करने के लिए आती हैं।

## वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ जुर्डिशियल साइंस

5 वर्षीय वकालत की पढ़ाई के लिए वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ जुर्डिशियल साइंस में भी एडमिशन ले सकते हैं। इस कॉलेज का 6वां स्थान है। अगर आप भी यहां पर एडमिशन लेना चाहते हैं, तो ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर डिटेल्स चेक कर सकते हैं।

## जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के लॉ फैकल्टी से पढ़े हुए स्टूडेंट्स की इंडस्ट्री में भारी डिमांड है। अगर आप 12वीं पास हैं और 5 वर्षीय वकालत करना चाहते हैं, तो यह कैम्पस आपके लिए बढ़िया विकल्प हो सकता है। बीएएलएलबी के 5 वर्षीय कोर्स में आप एडमिशन ले सकते हैं। फीस आदि से जुड़ी जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट से चेक किया जा सकता है।

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खड़गपुर

ये कॉलेज भी वकालत की पढ़ाई के लिए बेस्ट है। यहां पर तीन वर्षीय वकालत की पढ़वाई करवाई जाती है। तीन वर्ष के लिए छात्रों को 335000 रुपए फीस देनी पड़ती है। अधिक जानकारी छात्र ऑफिशियल वेबसाइट पर भी चेक कर सकते हैं।

## नेशनल अकादमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी

नेशनल अकादमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी का स्थान तीसरा है। यहां पर 5 वर्षीय वकालत में प्रवेश दिया जाता है। ऐसे में जो छात्र 12वीं पास हैं, वे इसमें एडमिशन ले सकते हैं। हालांकि, क्लैट की परीक्षा में जिनकी अच्छी रैंक आती है, उन्हें ही प्रवेश दिया जाता है।

## राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला

वकालत की पढ़ाई के लिए आप राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला में भी प्रवेश ले सकते हैं। यह कैम्पस कई एकड़ में फैला हुआ है। वकालत की पढ़ाई के बाद यहां पर आसानी से प्लेसमेंट हो जाता है। अधिक जानकारी अभ्यर्थी ऑफिशियल वेसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।






# बीडीओ और सीडीओ में क्या होता है अंतर? कैसे मिलती है यह नौकरी

**आपने बीडीओ और सीडीओ जैसे पद के नाम तो जरूर सुने होंगे। इन पदों पर तैनात ऑफिसर कभी न कभी आपके काम भी आते होंगे। तो चलिए बीडीओ और सीडीओ में के बीच अंतर को जान लेते हैं।**

आप लोगों ने आए दिन अपनी रोजमर्रा की जिदंगी में बीडीओ और सीडीओ जैसे पद के नाम सुने होंगे। इन पदों पर तैनात ऑफिसर कभी ने कभी आपके काम आते होंगे। हालांकि बीडीओ और सीडीओ में क्या फर्क है इसे लेकर लोगों के अंदर काफी कंफ्यूजन होता है। दोनों में से किसके पास ज्यादा पावर होता है इसकी भी जानकारी लोगों के पास नहीं होती है। ऐसे में आज हम आपको बीडीओ और सीडीओ दोनों में फर्क बताएंगे। साथ ही दोनों के कार्यों के बारे में भी जानेंगे। इसी के साथ आइए जानते हैं– बीडीओ और सीडीओ में कौन कितना पावरफुल है।

## क्या है बीडीओ और सीडीओ में फर्क

बीडीओ का मतलब ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर होता है। इनका काम ब्लॉक के अंतर्गत विकास संबधित प्रोग्रामों के कार्यन्वयन की देखरेख करना है। वहीं दूसरी ओर चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर जिले के सभी ब्लॉकों के योजनाओं के डेवलपमेंट की निगरानी और देखरेख करना है। बीडीओ की नियुक्ति राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है। दूसरी ओर सीडीओ पद की नियुक्ति संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है।

## बीडीओ के कार्य

ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर राज्य का एक सरकारी ऑफिसर होता है, जो किसी ब्लॉक के विकास और गतिविधियों के लिए कार्य करता है। उसके पास ही विकास और अन्य गतिविधियों की जिम्मेदारी होती। बीडीओ का पद पंजायती राज्य व्यवस्था के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। बीडीओ के विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के विकास के लिए काम करता है। यह प्रशासन के लिए जिम्मेदार होते हैं। बीडीओ ब्लॉक समिति के सदस्य होते हैं। किसी जिले के सभी बीडीओ भी जिला पंचायत या जिला परिषद का हिस्सा होते हैं।

## सीडीओ के कार्य

चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर भारतीय राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में एक एडमिनिस्ट्रेटिव पद के रूप में जाना जाता है। सीडीओ राज्य और केंद्र सरकारों की गरीबी उन्मूलन और बेसिकक स्ट्रक्चर के निर्माण की विभिन्न डेवलपमेंट स्कीम की देखरेख करना है। सीडीओ जिलाधिकारी के सुपरविजन और कंट्रोल में काम करते हैं। सीडीओ के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉक के विकास से संबधित सभी कार्यों की निगरानी करता है।



# एक बार में क्रैक होगा गेट, ऐसे करें तैयारी



गेट को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग कहा जाता है। ये एक राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग एंट्रेंस परीक्षा है और कई छात्र M.Tech एडमिशन या PSU भर्तियों में शामिल होने के लिए इस परीक्षा में भाग लेते हैं। चूंकि कम्पटीशन लेवल काफी हाई है इसलिए उम्मीदवारों को पता होना चाहिए कि गेट की तैयारी कैसे करें। अपने टाइम टेबल को रिशेड्यूल करें। अब इसमें ऐसे विषय पहले रखें जो सरल और जरूरी हैं। इसकी शुरुआत आप गणित और एक बेसिक टेक्निकल सब्जेक्ट से कर सकते हैं। टॉपिक पढ़ते समय साथ में ही रिवीजन के लिए नोट्स बनाते जाएं। इसमें मुख्य परिभाषा, फार्मूला आदि लिखते जाएं। सभी टॉपिक पढ़ने के बाद उसके अनुसार ही पिछले सालों के गेट के पेपर सोल्व करें।

## सभी विषयों को बराबर समय दें

परीक्षा तैयारी के दौरान एक ही विषय पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सभी विषयों के बीच अपने समय को समान रूप से विभाजित करके तैयारी करें। सभी विषयों को एक व्यवस्थित तरीके से तैयार करें तो बेहतर रहेगा। इसके लिए एक समय सीमा तय करें और उस समय से पहले अपने सभी विषयों को समाप्त करने का प्रयास करें।

## रिवीजन नोट्स जरूर बनाएं

अपने सिलेबस को पढ़ते समय रिवीजन नोट्स जरूर बनाएं। अंतिम समय में परीक्षा तैयारी के दौरान यही नोट्स आपका सबसे ज्यादा साथ देंगे। इन रिवीजन नोट्स को हफ्ते में एक बार पढ़ें, इससे आपके तैयार सब्जेक्ट के कांसेप्ट भी आपको याद आते जायेंगें। अंतिम समय में इन नोट्स के माध्यम से जैसे–जैसे किसी टॉपिक या विषय को आप रिवाइज करते जाएंगे, वैसे वैसे आपको रिवीजन में कम समय लगेगा और कॉन्सेप्ट क्लियर हो जाएंगे।

## रिवीजन जरूर करें

गेट परीक्षा की तैयारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण फैक्टर्स में से एक है रिवीजन। आपको विभिन्न टॉपिक्स और चैप्टर्स को रिवाइज करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहिए ताकि सब कुछ माइंड में फ्रेश रहे। अपने डेली स्टडी शेड्यूल में से कुछ घंटे रिवीजन के लिए दें, क्योंकि इससे आपको टॉपिक्स को और अच्छी तरह समझने में मदद मिलेगी। इससे आपको यह भी पता चलेगा कि आपने जिन सब्जेक्ट्स और चैप्टर की स्टडी की उनमें से कितने आपको अच्छी तरह से याद हैं। इसलिए रिवीजन बार–बार करनी चाहिए।

## मॉक टेस्ट और पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र सॉल्व करें

गेट परीक्षा के एक्चुअल एग्जामिनेशन को जानने व समझने के लिए कैंडिडेट्स को ज्यादा से ज्यादा मॉक टेस्ट और पिछले साल के पेपर्स व प्रैक्टिस पेपर्स को अटेम्प्ट करना चाहिए। उम्मीदवार ध्यान दें कि, सभी टॉपिक पढ़ने के बाद टॉपिक के अनुसार पिछले सालों के गेट के पेपर सॉल्व करें। हर टॉपिक और विषय के अनुसार क्विज और टेस्ट दें। यह उम्मीदवारों को उनकी परफॉर्मेंस को एनालाइज करने और उनके कमजोर क्षेत्रों में सुधार करने में मदद करते हैं।

## आखिरी चरण में रिवीजन

यह प्लान अंतिम सप्ताह का है। इस समय आपको रिवीजन और प्रैक्टिस दोनों को समय देना होगा। ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस टेस्ट दें। हर टेस्ट के बाद देखें कौन से टॉपिक में आप कमजोर है, उसके बाद उसका रिवीजन अच्छे से करें। इस समय आपको रोजाना 2–5 प्रैक्टिस टेस्ट देने होंगें, साथ ही प्रैक्टिस के दौरान सारे कांसेप्ट याद रखें। इस चरण में आपका आत्मविश्वास दिन पे दिन बढ़ता जायेगा।

## अंतिम समय में न पढ़े नया टॉपिक

उम्मीदवार यह ध्यान रखें कि अंतिम समय में किसी भी नए टॉपिक को बिल्कुल भी न पढ़े। इस दौरान आप अपने नोट्स के माध्यम से सिर्फ रिवीजन करें। अच्छा खाना खाएं और पूरी नींद लें। किसी भी तरह का मानसिक दबाव बिल्कुल न लें।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे की कंपनी ने दिया बड़ा ऑर्डर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पावर सेक्टर से जुड़ी कंपनी टॉरेंट पावर ने शुक्रवार को कहा कि उसे ग्रिड से जुड़ी चौबीस घंटे उपलब्धता वाली रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आरईएमसीएल) से आवंटन पत्र (एलओए) मिला है। टॉरेंट पावर ने कहा कि परियोजना बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर होने के 24 महीने के भीतर चालू हो जाएगी। लगभग 325 मेगावाट रिन्यूएबल कैपिसिटी इंस्टॉल करने की परियोजना लागत लगभग 2,700 करोड़ रुपये है। इसके तहत 100 मेगावॉट क्षमता रिन्यूएबल एनर्जी 24 घंटे की आपूर्ति के लिए है। कंपनी ने कहा कि 325 मेगावाट क्षमता की रिन्यूएबल कैपिसिटी में विंड, सोलर और बैटरी स्टोरेज शामिल है। परियोजना 25 साल की अवधि के लिए 4.25 रुपये प्रति किलोवाट (यूनिट) की दर पर हासिल किया गया है। इस खबर के बीच सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन टॉरेंट पावर के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। शुक्रवार को यह शेयर 3.43 प्रतिशत चढ़कर 1116.65 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 1138.95 रुपये तक गई। बता दें कि यह शेयर एक साल में 120 फीसदी से ज्यादा चढ़ चुका है। शेयर ने दिसंबर 2023 में 1,235.10 रुपये के 52 वीक हाई को टच किया था। आपको बता दें कि टॉरेंट समूह की कंपनी टॉरेंट पावर अपने गैस आधारित पावर प्लांट से 38.8 करोड़ यूनिट बिजली की आपूर्ति के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी है। उसे यह परियोजना एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएन) से मिली है।

### सोनी के आवेदन पर 2 हफ्ते में जवाब दीजिए, एनसीएलटी ने जी एंटरटेनमेंट से कहा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और सोनी समूह की मर्जर योजना के रद्द होने के बाद अब यह विवाद नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के पास है। सोनी समूह की ओर से अलग-अलग मामले में जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ आवेदन दायर किए गए हैं। अब एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट को सोनी समूह की कंपनियों द्वारा दायर आवेदनों पर दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस बीच, शुक्रवार को बीएसई पर जी एंटरटेनमेंट के शेयर 3.54 प्रतिशत गिरकर 155.35 प्रति शेयर पर बंद हुए। बता दें कि सोनी समूह की इकाइयां कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट और बांग्ला एंटरटेनमेंट ने विलय योजना को लागू करने की मांग करने वाली जी एंटरटेनमेंट की याचिका की स्थिरता को चुनौती देते हुए दो आवेदन दायर किए हैं। इसके जवाब में उन्होंने मामले को 23 अप्रैल को आगे की सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया है। 22 जनवरी 2024 को सोनी समूह ने जी एंटरटेनमेंट के साथ अपने प्रस्तावित विलय सौदे को समाप्त कर दिया था। सोनी ने विलय समझौतों के उल्लंघन को लेकर जी एंटरटेनमेंट से 90 मिलियन डॉलर की मांग करते हुए सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र से भी संपर्क किया था।

# चौतरफा तेजी: चौथी बार केंद्र सरकार ने की सर्वाधिक कमाई; वाहन बिक्री मामले में कंपनियों ने काटी चांदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार के नीतिगत सुधारों और विभिन्न उपायों का असर देश की अर्थव्यवस्था में सभी मोर्चों पर तेजी के रूप में पूरी तरह दिखन लगा है।तीसरी तिमाही में जीडीपी में उम्मीद से तेज बढ़ोतरी के बाद अब सरकार को फरवरी, 2024 में जीएसटी के जरिये चौथी बार सबसे ज्यादा 1.68 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई है।इसकी प्रमुख वजह घरेलू बिक्री और आयात का बढ़ना है। इसके साथ ही, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 फीसदी अधिक है।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर कहा, चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 41,856 करोड़ रुपये व राज्य जीएसटी के लिए 35,794 करोड़ का निपटान किया। इस तरह, फरवरी के नियमित निपटान के बाद सीजीएसटी संग्रह 73,641 करोड़ रुपये व एसजीएसटी 75,569 करोड़ रुपये रहा। केपीएमजी इंडिया के पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा, अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी वृद्धि और जीएसटी राजस्व के आंकड़े भारतीय जीडीपी की मजबूती एवं घरेलू खपत में तेजी को दर्शाते हैं।



### सभी राज्यों में तेजी से बढ़ रहा उपभोग

डेलॉय इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा, तीसरी तिमाही के लिए मजबूत जीडीपी आंकड़ों के बाद अच्छा जीएसटी संग्रह सभी क्षेत्रों में व्यापक खपत को दर्शाता है। उन्होंने कहा, लगभग सभी प्रमुख राज्यों में जीएसटी संग्रह में आठ से 21 फीसदी तक की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। इससे पता चलता है कि सभी राज्यों में उपभोग बढ़ रहा है।

### वाहन बिक्री : उद्योग के लिएतीसरा सबसे अच्छा महीना

स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की मजबूत मांग के दम पर वाहनों की थोक बिक्री के लिहाज से फरवरी, 2024 उद्योग के लिए अब तक का तीसरा सबसे अच्छा महीना साबित हुआ। इससे पहले जनवरी, 2024 में सबसे ज्यादा 3,94,500 और अक्तूबर, 2023 में 3,91,811 यात्री वाहन बिके थे। पिछले माह मारुति सुजुकी, ह्यूंडई और टाटा मोटर्स ने बिक्री में तेजी दर्ज की।

मारुति सुजुकी इंडिया ने फरवरी, 2024 में थोक बाजार में 1,97,471 वाहन बेचे। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि के 1,72,321 इकाइयों से 15 फीसदी अधिक है। घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री भी 9 फीसदी बढ़कर 1,60,271 इकाई पहुंच गई।

कारखानों में उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी, 2024 में पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इसमें घरेलू और बाहरी मांगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 पहुंच गया। जनवरी, 2024 में यह 56.5 रहा था। पिछले महीने का यह आंकड़ा इस बात की तस्दीक कर रहा है कि देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर हुआ है। साथ ही, यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति है।

खरीद लागत महंगाई 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई। इससे बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग बढ़ने के कारण नए निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार देखने को मिला है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 फरवरी को समाप्त हफ्ते में 2.98 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर पहुंच गया है। 16 फरवरी वाले सप्ताह में यह 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्तियां 2.41 अरब डॉलर बढ़कर 548.19 अरब डॉलर रही है। सोने का भंडार 47.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.85 अरब डॉलर रहा है।

# सोने-चांदी के दाम में उछाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 350 रुपये उछलकर 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबार में कीमती धातु 62,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी 400 रुपये बढ़कर 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि पिछले बंद में यह 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजार में तेजी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 350 रुपये बढ़कर 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,045 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 11 अमेरिकी डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा, व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मूल्य सूचकांक डेटा जारी होने के बाद, जिसने अमेरिका में मुद्रास्फीति में कमी के संकेत दिए और इस साल के अंत में फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ा दीं। उन्होंने कहा कि डेटा जारी होने के बाद पीली धातु की कीमतें चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

## एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाया 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना, वित्त मंत्रालय ने बताया यह कारण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया ने मनी लॉन्ड्रिंग के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार अवैध गतिविधियों में लिप्त इकाइयों की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक में रखे गए बैंक का इस्तेमाल किया गया।

एफआईयू-आईएनडी ने कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जानकारी मिलने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की थी। ये संस्थान ऑनलाइन जुआ खेलने की सुविधा देने जैसे अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे थे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इन अवैध परिचालनों से प्राप्त धन, यानी अपराध की आय का लेनदेन पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खातों के माध्यम से किया गया।

वित्त मंत्रालय ने कहा, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) ने पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत नियमों के उल्लंघन के कारण पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। एफआईयू ने 15 फरवरी को

Paytm Payments Bank



जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया था। एफआईयू ने यह कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के उस निर्देश के बाद की है, जिसमें पेटीएम पेमेंट बैंक को अपने ग्राहकों के खातों में 29 फरवरी से ताजा जमा स्वीकार करने से रोक दिया गया था। बाद में यह तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी गई।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बयान

वहीं, पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता का कहना है कि यह जुर्माना एक बिजनेस सेगमेंट के मामले से संबंधित है जिसे दो साल पहले बंद कर दिया गया था। उसके बाद, हमने वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के लिए अपनी निगरानी प्रणाली और रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत किया है।

## त्योहार पर घर जाने के लिए नहीं मिली बस, जली दिमाग की बत्ती, फिर 5 लाख से बना डाली 7,000 करोड़ की कंपनी !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फणींद्र सामा देश के जाने-माने उद्यमी हैं। वह रेडबस के संस्थापक हैं। रेडबस भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन बस टिकटिंग कंपनी है। इस कंपनी की नींव उन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ रखी थी। तीनों ने मिलाकर इसमें सिर्फ 5 लाख रुपये की पूंजी डाली थी। बाद में यही 7,000 करोड़ रुपये की कंपनी में तब्दील हो गई। कंपनी को शुरू करने का आइडिया भी फणींद्र को तब आया जब त्योहार पर घर जाने के लिए वह बस में टिकट नहीं बुक करा पाए थे। बाद में इस कंपनी को इबबिो ग्रुप ने खरीद लिया था। आइए, यहां फणींद्र के सफर के बारे में जानते हैं।

### स्टार्टअप इकोसिस्टम में जाना-माना नाम

फणींद्र भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में जाना-माना नाम हैं। हालांकि, बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्होंने तेलंगाना के चीफ इनोवेश ऑफिसर के रूप में भी काम किया है। वह बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के छात्र रहे हैं। कॉलेज के समय उनकी सुधाकर पसुपुनुरी और चरण पद्मराजू से मुलाकात हुई। फिर तीनों घनिष्ठ दोस्त बन गए। कई संस्थानों में काम का अनुभव पाने के बाद तीनों दोस्तों ने सिर्फ 5 लाख रुपये के शुरुआती निवेश के साथ रेडबस को शुरू करने का फैसला किया। यह बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म है। इसका वर्तमान मूल्य करीब 7,000 करोड़ रुपये है।



2013 में रेडबस को दक्षिण अफ्रीका के नैस्पर्स और चीन के टेनसेंट के ज्वाइंट वेंचर इबिबो ग्रुप ने 828 करोड़ रुपये के सौदे में खरीद लिया था। फणींद्र के नेतृत्व में रेडबस ने भारत में बस टिकटिंग सिस्टम में क्रांति ला दी। इससे यह अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी हो गई। रेडबस शुरू करने से पहले फणींद्र टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स में इंटीग्रेटेड सर्किट के डिजाइनर के रूप में काम करते थे। प्रमुख निवेशकों के समर्थन से रेडबस जल्दी ही उद्योग में मार्केट लीडर बन गई।

### परोपकार की गतिविधियों में भी आगे

बेशक, 2013 में रेडबस का अधिग्रहण हो गया। लेकिन, अधिग्रहण के बाद भी वह काफी समय तक रेडबस के साथ जुड़े रहे। सफल उद्यमी होने के साथ फणींद्र सामाजिक पहल और परोपकार गतिविधियों में भी सक्रिय हैं। तेलंगाना के चीफ इनोवेशन ऑफिसर के रूप में उनकी विशेषज्ञता ने शासन में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी कार्यान्वयन को बढ़ाने में योगदान दिया है।

## सैलरी में इजाफा, 2 दिन का वीक ऑफ, मोदी सरकार कर्मचारियों को देगी तोहफा !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार बैंक कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में है। सरकार पहली छमाही में सप्ताह के 5 कार्यदिवस प्रपोजल को स्वीकार कर सकती है। प्रपोजल स्वीकार करने पर कर्मचारियों को 2 वीक ऑफ मिला करेगा। इसके अलावा कर्मचारियों की सैलरी में भी इजाफा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद बैंक कर्मचारियों को सप्ताह में पांच कार्य दिवस मिलने की संभावना है और जून में वेतन बढ़ोतरी होगी।



### वित्त मंत्री को मंजूरी के लिए पत्र

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक बैंक कर्मचारी यूनियनों के संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बैंकिंग क्षेत्र के लिए 5-दिवसीय कार्य सप्ताह की अनुमति देने के लिए पत्र लिखा है। इसके साथ ही बैंक कर्मचारी यूनियन ने यह भी आश्वासन दिया कि ग्राहकों के लिए बैंकिंग घंटों या कर्मचारियों और अधिकारियों के कुल कामकाजी घंटों में कोई कटौती नहीं की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक यूनियन ने वित्त मंत्री से इस मामले की सही समीक्षा करने और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को निर्देश देने का आग्रह किया है। आपको बता दें कि वर्तमान में बैंक शाखाएं दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहती हैं। लंबे समय से सप्ताह में दो अवकाश की मांग हो रही है लेकिन यह अब तक पूरी नहीं हो सकी है। हालांकि, अब अनुमान है कि जल्द ही कर्मचारियों को सप्ताह में दो वीक ऑफ या अवकाश मिला करेगा। बैंक कर्मचारियों की सैलरी बढ़ोतरी भी संभव है। आईबीए और बैंक कर्मचारी यूनियनों ने पिछले साल भारत के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में 17 प्रतिशत वेतन वृद्धि के लिए समझौता किया था ।

## कंपनी के विलय का ऐलान, सुवेन फार्मा के शेयर को खरीदने की मची लूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को एक बार फिर शेयर बाजार ने ऐतिहासिक छलांग लगाई। इस तेजी की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी ने अपने ऑल टाइम हाई को पार कर लिया। इस माहौल के बीच फार्मा सेक्टर से जुड़ी कंपनी सुवेन फार्मा के शेयरों में भी 12 प्रतिशत की तगड़ी तेजी देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 712 रुपये पर पहुंच गई। कंपनी का मार्केट कैप 17,300 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। हालांकि, दोपहर के कारोबार में थोड़ी बहुत मुनाफावसूली भी देखी गई। बहरहाल, शेयर में यह तेजी कंपनी के एक ऐलान के बाद आई है।

दरअसल, सुवेन फार्मा ने कोहांस लाइफसाइंसेज के साथ विलय के लिए एकीकरण की योजना की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ट्रांजैक्शन अगले 12-15 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। प्रस्ताव शेयरधारक और नियामक मंजूरी के अधीन है। मतलब कि शेयरधारकों और नियामकीय मंजूरी जरूरी है। कोहांस लाइफसाइंसेज, कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गनाइजेशन और मर्चेंट एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म की पहचान एंटीबॉडी-ड्रग कंजुगेट्स (एडीसी) प्लेटफॉर्म के रूप में भी है। बता दें कि यह दोनों ही कंपनियां निजी इक्विटी फंड, एडवेंट इंटरनेशनल के पोर्टफोलियो की हैं। एडवेंट ने दोनों कंपनियों सुवेन फार्मास्यूटिकल्स और कोहांस लाइफसाइंसेज के लिए विलय प्रक्रिया शुरू की है। कंपनी ने डील के अलग-अलग पहलुओं के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल और सिटी को एडवाइजर के रूप में चुना है।

# प्ले स्टोर से हटे करीब एक दर्जन ऐप, संस्थापकों ने गूगल की दादागिरी करार दिया !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने कई दिग्गज ऐप्स को प्ले स्टोर से हटा दिया है। इनमें शादी, नौकरी, 99एकड़ और मत्रीमानी सहित करीब एक दर्जन ऐप शामिल हैं। गूगल के इस एक्शन पर संस्थापकों की तीखी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने गूगल के इस तरह से उनके ऐप को हटाने पर ताज्जुब जाहिर किया है। शादी के संस्थापक अनुपम मित्तल ने आज को भारतीय इंटरनेट के लिए काला दिन करार दयिा है। उन्होंने गूगल को नई डिजिटल ईस्ट इंडिया कंपनी बताया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, गूगल ने भारतीय डेवलपर्स के उन ऐप्स को हटाने का फैसला किया है जो उसकी बिलिंग पॉलिसी का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐप्स पर एक्शन का यही कारण है।

इन्फो एज के संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने कहा है कि ऐसा लगता है कि गूगल ने भारतीय डेवलपर्स के लिए अपनी ऐप बिलिंग पॉलिसी को लागू करने के लिए यह कदम उठाया है। गूगल की ऐप पॉलिसी के खिलाफ एक मामले में सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद इन्फो एज के नौकरी और 99एकड़ ऐप 9 फरवरी से गूगल की ऐप पॉलिसी का पालन कर रहे थे। इसके बावजूद उन्हें गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है।




शादी के अनुपम मित्तल ने कहा, आज भारतीय इंटरनेट के लिए काला दिन है। गूगल ने अपने ऐप स्टोर से प्रमुख ऐप्स को हटा दिया है। यह और बात है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है। गूगल के झूठे नैरेटिव और दुस्साहस से पता चलता है कि उसे भारत के प्रति बहुत कम सम्मान है। कोई गलती न करें। यह नई डिजिटल ईस्ट इंडिया कंपनी है। इस लगान को रोका जाना चाहिए !

डेटिंग ऐप के संस्थापक और सीईओ रवि मित्तल ने कहा कि गूगल की ओर से ऐप को बिना किसी पूर्व चेतावनी के अचानक डीलिस्ट करने से हैरानी है। कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद गूगल की कठोर रणनीति के कारण हमारे पास उनकी मनमानी नीतियों का पालन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

रवि मित्तल ने कहा कि उनके ज्यादातर यूजरबेस एंड्रॉइड पर हैं। जहां प्रतिदिन 25,000 से ज्यादा डाउनलोड होते हैं। गूगल प्ले स्टोर किसी भी कंपनी के लिए एंड्रॉइड इकोसिस्टम में मौजूद रहने का एकमात्र विकल्प है। यह कदम न केवल हमारे ऐप बल्कि पूरे स्टार्टअप इकोसिस्टम को खतरे में डालता है। उन्होंने भारत सरकार से हस्तक्षेप करने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की रक्षा करने की गुहार लगाई है।

## निया का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन, अब तक 1200 बैंक इसमें मर्ज हुए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के बैंकिंग इतिहास में जब-जब मुसीबत आई, सारे रास्ते जेपी मॉर्गन की ओर मुड़ गए। इस बैंक के बारे में कहा जाता है कि 225 सालों के इतिहास में यह कभी भी आपदाओं को अवसर में बदलने से नहीं चूका। इसमें अब तक 1200 बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं का विलय/अधिग्रहण हो चुका है। मार्केट कैप के हिसाब से दुनियां का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी अपने इसी आकार के कारण चर्चाओं में बना रहता है। अमेरिका में बैंकों की असफलताएं डराती रही हैं। यहां साल 2000 से अब तक हर साल 25 बैंक असफल हुए। ऐसे में आशंकाएं जताई जाती हैं कि जेपी मॉर्गन में आने वाली मुसीबत का असर आम लोगों पर भी पड़ सकता है। क्या है इसका इतिहास, इस हफ्ते की ब्रांड स्टोरी में पढ़ते हैं।

मॉर्गन लाइब्रेरी एंड म्यूजियम की नींव वर्ष 1902 में जेपी मॉर्गन ने रखी थी। वह खुद कला प्रेमी और आर्ट कलेक्टर थे। वर्ष 1890 से ही मॉर्गन ने ऐतिहासिक किताबें, पांडुलिपियां, क्लासिक पेंटिंग्स और प्रिंट का संग्रह शुरू कर दिया था। न्यूयॉर्क स्थित यह लाइब्रेरी और म्यूजियम 175 हजार वर्ग फीट में फैला हुआ है। जेपी मॉर्गन चेस भी आर्ट कलेक्शन करती है।




जेपी मॉर्गन चेस की मौजूदा शक्ल पिछले 225 सालों में हुई कई सर्जरी के बाद लगातार बदली। कहानी की शुरुआत होती है साल 1799 में, जब न्यूयॉर्क में एरन बर्र ने मैनहट्टन बैंक बनाया। बाद में उनके साथ जुड़े अमेरिकी अर्थव्यवस्था के फाउंडर एलेक्जेंडर हेमिल्टन। इस बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जेपी मॉर्गन का दौर शुरू हो गया। 1871 में उन्होंने असेट मैनेजमेंट, इन्वेस्मेंट बैंकिंग के लिए जेपी मॉर्गन एंड कंपनी बनाकर अर्थव्यवस्था को कई मुश्किल हालात से बाहर निकाला। इनमें 1903 और 1907 के आर्थिक संकट प्रमुख हैं। वहीं 1877 में चेस नेशनल बैंक की शुरुआत हुई। साल 1955 में बैंक ऑफ मैनहट्टन और चेस बैंक का विलय हो गया। जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी मार्केटिंग और अपनी बाकी सब्सिडरी कंपनियों की सहूलियत और ब्रांडिंग के उद्देश्य से खुद को जेपी मॉर्गन नाम से पुकारती है। इसने बिजनेस को मोटे तौर पर दो हिस्सों में बांटा है। अमेरिकी ग्राहकों और कमर्शियल बैंकिंग के लिए चेस ब्रांड है। वहीं इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस, फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन, असेट मैनेजमेंट मॉर्गन के हवाले है। अमेरिका के 4,715 बैंकों में नंबर-1 जेपी मॉर्गन मार्केट कैप के साथ दुनिया का सबसे बड़ा बैंक बना हुआ है। मुनाफा, ब्रांच की संख्या में भी नंबर-1 है। हालांकि असेट्स के लिहाज से ये दुनिया का पांचवां बड़ा बैंक है, पहला इंडस्ट्रीयल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना है। साल 2008 में जब दुनिया में मंदी का दौर आया तो जेपी मॉर्गन चेस के लिए यह अवसर साबित हुआ। चूंकि तब इसके पास कुल अमेरिकी डिपॉजिट का दस फीसदी था, ऐसे में इसे आपात स्थिति को छोड़कर बैंक खरीदने की अनुमति नहीं थी। पर 2008 में मौका मिलते ही इसने वॉशिंगटन म्यूचुअल और द बियर स्टर्स को खरीद लिया।



# करण पर लगे नेपोटिज्म आरोप हैं गलत

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर योद्धा 15 मार्च को रिलीज होगी। इस फिल्म में राशी खन्ना और दिशा पाटनी भी अहम किरदारों में नजर आएंगी। ऐसे में फिल्म की कास्ट इन दिनों प्रमोशन में व्यस्त है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर दिशा पाटनी ने अपनी मॉडलिंग और एक्टिंग की जर्नी के राज खोले।

## दिशा पाटनी ने खोले राज

दिशा ने लॉन्च के दौरान कहा- अगर आज मैं एक्ट्रेस हूं, तो करण जौहर की वजह से। करण जौहर उनमें से हैं जिन्होंने मॉडलिंग के दिनों में मुझे स्पॉट किया था। उस समय मैं सिर्फ 18 साल की थी। मुझे ऐसा लगता है कि अगर करण ने मुझे स्पॉट नहीं किया होता, तो शायद मैं इस इंडस्ट्री में नहीं होती। लोग उनके ऊपर चाहे जितने भी आरोप लगा दें, लेकिन मुझे लाने वाले वही थे। मैं एक आउटसाइडर हूं, जिसे मौका देने वाले करण जौहर ही हैं। दिशा का ऐसा बयान सुनकर करण जौहर ने उन्हें गले लगाया।

## दिशा की बात पर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी हामी भरी

दिशा पाटनी का ऐसा बयान सुनकर सिद्धार्थ खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा- क्या बात कर रही हो दिशा, मैं भी। बता दें, सिद्धार्थ मल्होत्रा ने साल 2012 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। उस समय सिद्धार्थ खुद भी एक आउटसाइडर ही थे, और करण जौहर ने उन्हें लॉन्च किया था।

## करण ने भी अपनी बात रखी

करण जौहर को अक्सर नेपोटिज्म को लेकर ट्रोल किया जाता है। ऐसे में करण ने ट्रोलर्स पर भी निशाना साधा। करण ने फिल्म इंडस्ट्री के एक्टर्स और डायरेक्टर्स का जिक्र किया जो कि बाहर से आए हुए हैं। उन्होंने योद्धा के डायरेक्टर शशांक खैतान को आउटसाइडर्स का ब्रांड एंबेसडर भी कहा। करण जौहर बोले- हर कोई जो हम पर केवल इंडस्ट्री के लोगों के साथ काम करने का आरोप लगाता है, शशांक खेतान आउटसाइडर्स के ब्रांड एंबेसडर हैं। सागर और पुष्कर भी बाहर से आए हुए लोग हैं। इसलिए, अगली बार जब कोई हमें ट्रोल करे, तो उसे योद्धा फिल्म को जरूर देखना चाहिए। क्योंकि इस फिल्म का लीड भी एक आउटसाइडर ही है। राशि और दिशा भी ऐसी ही हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि मैं अब एक और ताज का हकदार हूं। जिसने भी मेरा सिर काटने की कोशिश की, योद्धा से सावधान रहें।



# अच्छा मौका नहीं मिले, तो अपने लिए खुद बना लो

**एक्ट्रेस कृति सेनन फिल्म 'दो पत्ती' से प्रॉडक्शन के क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा रही हैं। फिल्म प्रॉडक्शन के लिए जिस तरह उन्होंने क्रिएटिव काम किया, उससे वह काफी संतुष्ट हैं। कृति ही नहीं, इस फिल्म में काजोल भी अहम रोल अदा कर रही हैं। डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी की इस फिल्म की स्क्रिप्ट कनिका ढिल्लन ने लिखी है। कनिका भी इस फिल्म से एक प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू कर रही हैं। गौरतलब है कि इसे जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।**

## करना था एक्टिंग से कुछ अलग

'नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स' इवेंट में भाग लेते हुए कृति ने बताया कि वह चाहती थीं कि एक्टिंग से अलग कुछ ऐसी भूमिकाएं भी निभाएं, जिनमें उन्हें कुछ क्रिएटिव करने के लिए मिले। इसी वजह से एक प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने इस फिल्म के साथ जुड़ना चाहा। उन्होंने बताया 'फिल्म 'मिमी' के बाद मुझे ऐसी भूमिकाएं चाहिए थीं जो बहुस्तरीय हों, गहन हों और उसमें मैं कुछ हटकर कर सकूं।'

## इंतजार में विश्वास नहीं करतीं

कृति इस बात में विश्वास नहीं करती कि उन्हें समय मिलने पर सही मौका मिल जाएगा और न ही वह इसका लंबे समय तक इंतजार कर सकतीं। वह तो खुद में कुछ करने पर यकीन करती हैं। उन्होंने कहा कि जब आपको सही और अच्छा मौका न मिले, तो खुद से इसे बना दो। फिल्म 'दो पत्ती' ने उन्हें ऐसा ही कुछ अलग करने को मिला, जिसे करके वह काफी संतुष्ट भी हैं। कृति ने कनिका की भी प्रशंसा की और कहा कि वह फिल्म की प्लानिंग से लेकर प्राडॅक्शन तक हर स्टेज पर भागीदार बनीं।

## फिल्म से जुड़ी है कृति की आत्मा

कृति को उनकी फिल्म 'मिमी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस के रूप में नैशनल फिल्म अवॉर्ड भी दिया जा चुका है। उन्हें बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम करते हुए 9 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। फिल्म 'दो पत्ती' की शूटिंग खत्म होने के वक्त कृति ने एक खास मेसेज भी दिया था। उन्होंने कहा था, 'हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा होती है।' अब प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने पूरी मेहनत से काम किया है।



# एक्ट्रेस सीरत कपूर ने कहा, मेरे पिता मेरा ऑडिशन लेते थे

शो रब से है दुआ में मन्नत का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सीरत कपूर ने बताया कि उनके पिता ही उनके सबसे बड़े आलोचक हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता उनकी हर भूमिका से पहले उनका ऑडिशन लेते थे, ताकि वह उस भूमिका के लिए ठीक से अभ्यास कर सकें। सीरत को अपने परिवार से सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम मिलता है, जिसमें उनके पिता उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीरत ने पांच साल की उम्र में बाल कलाकार के रूप में मॉडलिंग में कदम रखा था। उनके पिता ने उनका मार्गदर्शन करने साथ उन्हें प्रेरणा दी। सीरत ने कहा, मेरे पिता मेरे मार्गदर्शक रहे हैं। जिस उम्र में ज्यादातर लोग एक दिनचर्या में बस जाते हैं, उस उम्र में अपने जुनून का पालन करने के उनके फैसले ने मुझे निडर होकर अपने सपनों को पूरा करने का महत्व सिखाया है। उन्होंने न केवल मेरा शुरुआती समर्थन किया बल्कि मेरे जीवन के हर पहलू में मेरी प्रेरणा बने। उन्होंने कहा, मेरे पिता मेरा ऑडिशन लेते थे ताकि मैं ठीक से प्रैक्टिस कर सकूं। शुरू में, मैं अपनी लाइनें पढ़ने और उनके सामने अभिनय करने में थोड़ा हिचकिचाती थी, लेकिन बाद में यह सहज हो गया।



# दे दे प्यार दे 2 में फिर जमेगी अजय रकुल की जोड़ी

अजय देवगन इस साल एक से बढ़कर एक फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। अभी कुछ दिन पहले हमें पता चला कि देवगन को उनकी 2018 की फिल्म रेड के सीक्वल के लिए चुना गया है। अब जानकारी मिली है कि वह एक और सीक्वल दे दे प्यार दे 2 के लिए तैयारी कर रहे हैं। 2019 की फिल्म दे दे प्यार दे सबसे पसंदीदा कॉमेडी में से एक थी। साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्म और रकुल प्रीत सिंह के साथ देवगन की रोमांटिक केमिस्ट्री ने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। दे दे प्यार दे 2 की स्टारकास्ट फिल्म दे दे प्यार दे का बजट 50 करोड़ रुपये था, और इसने बॉक्स ऑफिस पर 143 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की, जो कि अजय देवगन की साल 2019 की बड़ी सफलता थी। रोमांटिक-कॉमेडी एक लव ट्राइएंगल थी। ताजा रिपोर्ट की मानें तो अजय देवगन अब दे दे प्यार दे के सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं, जो जून 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं, सीक्वल में तब्बू और रकुल प्रीत सिंह भी फिर से नजर आएंगी। इसमें कोई शक नहीं कि तीनों के साथ यह बेहद हंसी का सफर होने वाला है।


**दे दे प्यार दे की कहानी**

दे दे प्यार दे में मुख्य किरदार आशीष (अजय देवगन) द्वारा अपने से बहुत छोटी आयशा (रकुल प्रीत सिंह) के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार करने में और परिवार के जरिए इसे स्वीकार किए जाने में आने वाली चुनौतियों को दर्शाया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, अगली कड़ी में इस विषय पर विस्तार से चर्चा होने की उम्मीद है। आयशा के परिवार की अपनी बेटी से उम्र में काफी बड़े व्यक्ति के साथ रिश्ते पर प्रतिक्रियाएं होंगी।

**अजय देवगन का वर्कफ्रंट**

अजय देवगन इन दिनों सिंघम अगेन और रेड 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। दिलचस्प बात यह है कि निर्माता मई 2024 के अंत तक दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इसके तुरंत बाद जून के शुरुआती हफ्ते में अजय देवगन दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। यह 54 साल के स्टार की अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा और अनुभव को साबित करता है, क्योंकि वह कुछ ही दिनों में एक्शन शैली से कॉमेडी शैली में अपना दमखम दिखाएंगे।

# फिल्म लुका छुपी ने मुझे नई पहचान दी



कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म लुका छुपी ने अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं। इसे लेकर एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उनकी यह फिल्म 2018 में उनकी ब्लॉकबस्टर सोनू के टीटू की स्वीटी के बाद रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उन्हें पहचान दी। पोस्ट में कार्तिक ने लुका छुपी का एक सीन शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, फिल्म लुका छुपी ने अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के ठीक बाद रिलीज हुई, इसने मुझे पहचान दी। लुका छुपी की पूरी टीम और दर्शकों का धन्यवाद। फिल्म में एक्ट्रेस कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी कार्तिक के किरदार गुड्डु के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रिपोर्टर है। उसे रश्मी से प्यार हो जाता है और वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगते हैं। फिल्म की सिर्फ स्क्रिप्ट ही नहीं, पोस्टर लगवादो बाजार में, कोका कोला, फोटो और लौंग लाची जैसे गाने भी लोकप्रिय हुए। इन दिनों कार्तिक के पास कई फिल्में हैं। उनके पास कबीर खान की चंदू चैंपियन, भूल भुलैया 3, आशिकी 3 और कई अन्य प्रोजेक्ट हैं।

# स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की याद दिलाती है सारा अली खान की ऐ वतन मेरे वतन

सारा अली खान अभिनीत फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर कुछ अलग तरीके से लॉन्च किया गया। प्राइम वीडियो के साथ करण जौहर ने इस फिल्म की कहानी बताते हुए इसे सामने लाया। फिल्म में एक्ट्रेस 22 साल की उषा का किरदार निभाती नजर आएंगी। जिन्होंने क्विट इंडिया मूवमेंट में एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाकर देश के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा दिखाई थी। टीजर एक मिनट 32 सेकंड का है। करण जौहर एक पुराने संग्रहालय में खड़े नजर आ रहे हैं जहां एक बोर्ड भी दिखाई दे रहा है जिस पर ऐ वतन मेरे वतन लिखा हुआ है। टीजर में एक पुराने रेडियो रिसीवर को भी देखा जा सकता है। वीडियो में निर्देशक-निर्माता को यह कहते हुए दिखाया गया है, 1942 में अंग्रेज क्विट इंडिया मूवमेंट को बेरहमी से कुचल रहे थे। लेकिन फिर आई उषा, 22 साल की उम्र में उषा ने हमारी जंग में एक नई जान भरी,अंग्रेजों को चकमा देते हुए अपनी जान पर खेलकर एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाया। ऐ वतन मेरे वतन में मिलिए उषा से जिनके रेडियो ने अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया था। उषा की कहानी मुझे हमारे कई युवा, गुमनाम नायकों की याद दिलाती है।

उषा मेहता की बहादुरी की प्रेरक कहानी के बारे में बताते हुए करण ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की कहानी राजी में आलिया भट्ट द्वारा अभिनीत भूमिका के बारे में भी बात की। इसके साथ ही करण ने शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा द्वारा अभिनीत कैप्टन विक्रम बत्रा (पीवीसी) का भी जिक्र किया, जिन्होंने दुश्मन के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सारा के अलावा सचिन खेडेकर, स्पर्श श्रीवास्तव, अभय वर्मा, एलेक्स ओ नील और आनंद तिवारी मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें इमरान हाशमी भी नजर आएंगे।





# जान्हवी कपूर ने किया स्टैंड-अप कॉमेडी में डेब्यू

जान्हवी कपूर ने स्टैंड-अप कॉमेडी में अपना डेब्यू किया है। उनके स्टैंड-अप करने का पर्पज लोगों को मानव पैपिलोमावायरस संक्रमण के बारे में जागरुक करना है। उन्होंने सभी को हंसाकर इस बड़ी बीमारी के बारे में बहुत ही आसानी से लोगों को जागरुक किया। एक्ट्रेस ने बताया कि ये बीमारी इंटीमेसी के दौरान स्किन टच होने पर फैलती है। एक्ट्रेस ने कहा कि इसमें हाथ मिलाने जैसा टच शामिल नहीं है। यहां बात इंटीमेसी टच की हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वायरस से कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। ये महिलाओं और पुरुषों दोनों को हो सकता है। जान्हवी ने बताया कि वायरस अपने साथ बड़ी बीमारी लेकर आता है। इससे बचने का एक सबसे बड़ा तरीका है वैक्सीन लगवाना। वहां मौजूद लोगों को एक्ट्रेस ने समझाया कि अगर आप किसी को डेट कर रहे हैं, तो वो लोग वैक्सीन जरुर लगवाएं। जान्हवी कपूर को आखिरी बार नितेश तिवारी की फिल्म 'बवाल' में देखा गया था, जिसमें वरुण धवन भी थे। वो शशांक खेतान की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में एक बार फिर वरुण के साथ नजर आएंगी। उनके पास पाइपलाइन में राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' भी हैं। जान्हवी जूनियर एनटीआर के साथ 'देवारा' में भी एक्टिंग कर रही हैं, ये फिल्म तेलुगु में बनाई जा रही है।

# एक्ट्रेस ममिता बैजू ने डायरेक्टर बाला पर लगाए गंभीर आरोप

मलयालम एक्ट्रेस ममिता राजू का आरोप है कि डायरेक्टर बाला उन्हें डांटते और पीटते थे। ममिता बैजू ने बताया कि वह बाला की फिल्म वनंगान में काम रही थीं पर बीच में छोड़ दी।ममिता बैजू ने एक इंटरव्यू में आपबीती सुनाई है और बताया कि सेट पर क्या कुछ हुआ था। मलयालम फिल्मों की एक्ट्रेस ममिता बैजू ने डायरेक्टर बाला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ममिता पहले बाला के साथ उनकी फिल्म वनंगान में काम कर रही थीं, पर बाद में उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी। ममिता बैजू ने बताया कि बाला उन्हें सेट पर डांटते थे और मारपीट भी करते थे। वनंगान में ममिता बैजू को बतौर लीड हीरोइन साइन किया गया था। फिल्म में हीरो सूर्या था। लेकिन बाद में दोनों ही स्टार्स ने फिल्म बीच में छोड़ दी। ममिता बैजू ने कहा, फिल्म में विलादिचम्पातु नाम की कोई चीज है, और इसे देखकर मैंने पूछा कि क्या मैं यानी फिल्म में मेरा किरदार लंबे समय से इसकी प्रैक्टिस कर रहा है या क्या इसे ऐसे दर्शाया गया है जैसे वह पहली बार इसकी प्रैक्टिस कर रही है। मुझे बताया गया कि मेरे किरदार को व्यापक अनुभव वाला दिखाया गया है। तो ऐसी स्थिति में मुझे तो माहिर होना चाहिए ना? क्योंकि परफॉर्म करते वक्त आपको ड्रम बजाते हुए गाना होता है और यह एक खास अंदाज में भी होता है। ममिता बैजू ने आगे बताया, फिर बाला ने मुझसे एक महिला की ओर इशारा किया, जो एक विलादिचम्पातु कलाकार थी। बाला ने मुझसे कहा कि मैं उसे वह परफॉर्म करते हुए देखूं। जैसे ही मैंने देखा तो उन्होंने कहा ठीक है और फिर अनाउंस कर दिया कि हम टेक के लिए जा रहे हैं। मैं हैरान थी और इसके लिए तैयार नहीं थी। ममिता बैजू ने फिर कहा, मुझे यह भी समझ नहीं आया कि वो क्या गा रहे थे। इसे सीखने के लिए मुझे तीन बार कोशिश करनी पड़ी। इस बीच उन्होंने मुझे कई बार डांटा भी। उन्होंने मुझे पहले ही बता दिया था कि वह ऐसे ही होंगे और गलत बातें कहेंगे और डांटेंगे। उन्होंने मुझे सलाह दी थी कि मैं इसे गंभीरता से न लूं, भले ही उस समय बुरा लग सकता है। इसलिए, सेट पर रहते हुए मैंने इसके लिए मानसिक रूप से तैयारी कर ली थी। वह मुझे पीटते भी थे। सूर्या सर को इसके बारे में (बाला के तरीकों के बारे में) पहले से ही पता था क्योंकि वह पहले भी साथ काम कर चुके थे। तो, उनका तालमेल अच्छा था, और मैं इसमें नई थी।



संक्षिप्त समाचार

## पोलार्ड ने पाकिस्तान को दिखाया ठेंगा पीएसएल के बीच पहुंच गए भारत



**नईदिल्ली,एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग कार्यक्रम के लिए भारत पहुंच गए हैं। पोलार्ड एक दिन पहले तक पाकिस्तान के कराची में थे। वह पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में कराची किंग्स की तरफ से खेल रहे हैं। 29 फरवरी को कराची किंग्स का क्वेटा ग्लेडियेटर्स के साथ मैच था। इस मैच के बाद वह 1 मार्च को देर शाम गुजरात के जामनगर पहुंचे हैं। हालांकि माना यह जा रहा था कि पोलार्ड पाकिस्तान सुपर लीग में व्यस्तता के कारण शायद वह प्री वेडिंग कार्यक्रम में नहीं आ पाएंगे, लेकिन उनकी टीम कराची किंग्स का अगला मैच 3 मार्च को है। ऐसे में उन्होंने भारत का आने का फैसला किया है।

आईपीएल से संन्यास ले चुके हैं पोलार्ड

बता दें कि कायरन पोलार्ड इंडियन प्रीमियर लीग में लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के खेल चुके हैं। पोलार्ड ने कई बार अकेले दम पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि आईपीएल में पिछले कुछ सीजन से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था जिसके कारण उन्होंने इस लीग से ही उन्होंने संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

## श्रीलंका ने चला बड़ा दांव, 3 साल बाद इस खिलाड़ी की हुई टीम में वापसी



**कोलंबों, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक तीन महीने पहले श्रीलंकाई टीम ने अपने स्क्वॉड में एक बड़ा बदलाव किया है। स्क्वॉड में उस खिलाड़ी को जगह दी गई है जो पिछले तीन साल से टीम से बाहर चल रहा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि विकेट कीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला है। डिकवेला ने श्रीलंकाई टीम के लिए आखिरी टी20 2021 में खेला था। उन्हें कुसल परेरा की जगह स्क्वॉड में जगह दी गई है जो बीमारी के चलते बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि परेरा श्वसन संक्रमण से पीड़ित हैं। डिकवेला बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले शनिवार को बाकी टीम के साथ जुड़ेंगे। टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका का यह एक दिलचस्प फैसला है और उनका ये फैसला यह बताता है कि डिकवेला टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में से एक हैं।

हार्दिक पांड्या के समर्थन में उतरे पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा, कहा-

# जब कोई गलती नहीं की तो सजा क्यों मिले



**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या को केंद्रीय अनुबंध देने के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के फैसले का समर्थन किया। बीसीसीआई ने 28 फरवरी, बुधवार को 2023-24 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा की। हार्दिक को ग्रेड ए श्रेणी में शामिल किया गया था और श्रेयस अय्यर और इशान किशन जैसे खिलाड़ियों को अनुबंध से बाहर कर दिया गया था।


सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने बीसीसीआई के कदम पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि पंड्या ने विश्व कप 2023 में चोट लगने के बाद से न तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है और न ही घरेलू क्रिकेट, तो उन्हें केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड में क्यों शामिल किया गया। यह बात सही भी है कि पांड्या ने पिछले कुछ साल में नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया है। हालांकि पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बीसीसीआई के फैसले का बचाव किया। अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हार्दिक को प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह भारत की टेस्ट टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं।

आकाश चोपड़ा ने कहा कि हार्दिक पंड्या का मामला बहुत सरल है और अगर उसने कोई गलती नहीं की है तो आप उसे सजा क्यों देंगे?



वह रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेल रहा हैऔर किसी भी टेस्ट सीरीज के लिए बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए यदि आप टेस्ट के लिए ऑडिशन नहीं दे रहे हैं, तो कोई भी आपको प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने के लिए नहीं कहेगा। आप चार दिवसीय मैच क्यों खेलेंगे जब आपके शरीर में इतने ओवर फेंकने की ताकत नहीं है और चोट की समस्या है।

हार्दिक का बचाव करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि आइए क्रोनोलॉजी को थोड़ा समझने की कोशिश करें। इससे आपके दिमाग में यह बात साफ हो जाएगी कि उनके लिए अलग नियम क्यों रखा गया है और उन्हें ईशान और श्रेयस के साथ शामिल करना गलत क्यों है। वह अक्टूबर-नवंबर में विश्व कप के दौरान चोटिल हो गए थे उस वक्त सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खत्म हो गई थी। वह उस समय भारत के लिए विश्व कप खेल रहे थे। बड़ौदा ने विजय हजारे ट्रॉफी में आखिरी मैच 5 दिसंबर को खेला था और उस समय वह फिट और उपलब्ध नहीं थे। वह कहीं भी अभ्यास नहीं कर रहे थे लेकिन एनसीए में अपनी चोट से उबर रहे थे।



## पापा का सीना चौड़ा तो मां के चेहरे पर खुशी... बेटे ध्रुव जुरेल ने माता-पिता को दिया खास गिफ्ट

**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल इस वक्त चर्चा में बने हुए हैं। उनकी इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट के बाद से जमकर सरहाना हो रही है। वहीं अब जुरेल ने अपने परिवार के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। मौजूदा समय में भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैच की रोमांचक टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। रोहित सेना ने शुरुआती 4 टेस्ट में ही 3-1 से अजेय बढ़त लेकर सीरीज अपने नाम कर ली है। भारत ने रांची टेस्ट जीतकर इस सीरीज पर कब्जा किया। वहीं रांची टेस्ट में टीम इंडिया की जीत में सिर्फ दूसरा टेस्ट ही खेल रहे ध्रुव जुरेल ने अहम भूमिका निभाई। उनकी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग ने सबका दिल जीत लिया। जुरेल ने 2 टेस्ट में ही सबको अपना दीवाना बना लिया। अब उनकी हर जगह प्रशंसा हो रही है। हालांकि अब जुरेल ने अपने माता-पिता के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसे देख आप इमोशनल भी हो सकते हैं।

23 साल के ध्रुव जुरेल ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने माता-पिता के साथ दो फोटो शेयर की है। उन तस्वीरों में जुरेल अपने माता-पिता के बीच में बैठे हैं। उनके पिता के हाथ में एक अवॉर्ड था। दरअसल, वो अवॉर्ड ध्रुव जुरेल का था जो उन्हें रांची टेस्ट के बाद मिला था। वो अवॉर्ड जुरेल ने लाकर अपने पिता के हाथ में दिया। बराबर में बैठी उनकी मां भी काफी ज्यादा खुश लग रही थी। बता दें कि जुरेल ने रांची टेस्ट की पहली पारी में 149 गेंद का सामना कर 90 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी, जिसमें 6 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके अलावा दूसरी इनिंग में ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन बनाए और भारत को मैच जिताकर ही वापस ड्रेसिंग रूम में लौटे। जुरेल को उनके इस शानदार प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। जुरेल दूसरे टेस्ट में ही पूरी तरह से छा गए।

## युवराज सिंह ने चुनाव लड़ने की खबरों को बताया अफवाह, फैंस ने कहा- बढ़िया फैसला लिया है

**नईदिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के आते-आते कई बड़े नाम राजनीति का रुख कर लेते हैं। इन दिनों कई क्रिकेटर्स और नेताओं के लोकसभा चुनावों के लड़ने की अफवाहें हैं। इस लिस्ट में भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह का नाम भी शामिल हैं। हालांकि इस वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी ने इसे गलत बताया है।



मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि युवराज सिंह लोकसभा चुनाव में पंजाब के गुरदासपुर से लड़ने वाले हैं। इस सीट से पहले सनी देओल चुनाव लड़े थे और जीते थे। यह भी कहा जा रहा था कि बीजेपी चाहता है कि इस बार युवराज सिंह वहां से चुनाव लड़ें। दावा यह भी किया गया कि युवराज सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकारी से मुलाकात की थी।

युवराज सिंह ने खबरों से किया इनकार

युवराज ने सभी दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति से जुड़ने की इच्छा नहीं है। वह समाज के लिए काम करना चाहते हैं लेकिन इसके लिए राजनीति में उतरना जरूरी नहीं है। युवराज सिंह ने कहा, 'मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। मैं गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मैं लोगों की मदद करना चाहता हूं। मैं यह काम अपनी फाउंडेशन यूवी कैन के जरिए करूंगी। अपने स्तर पर किसी को ऐसा करने की कोशिश करनी होगी।'

फैंस युवराज सिंह के इस फैसले से काफी खुश हैं। एक यूजर ने लिखा, 'शुक्रिया युवी। शानदार फैसला। हम सब आपसे प्यार करते हैं। राजनीति में मत आना।' एक अन्य फैन ने लिखा, 'शुक्रिया युवी, हम राजनीति के कारण एक स्पोर्ट्स हीरो को खोना नहीं चाहते।'

## आयरलैंड ने रचा इतिहास, टेस्ट में पहली जीत के साथ भारत-न्यूजीलैंड जैसी दिग्गज टीमों को छोड़ा पीछे

**अबुधाबी, एजेंसी।** आयरलैंड क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट मैच में 6 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। आयरलैंड की टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। आयरलैंड को साल 2017 में आईसीसी ने टेस्ट नेशन दर्जा दिया था। इसके बाद से टीम ने कुल 7 टेस्ट मैच खेले जिसमें उसे सभी में हार मिली, लेकिन 8 वें मैच में टीम ने अफगानिस्तान को हराकर पहली जीत का स्वाद चखा है। इस जीत के साथ ही आयरलैंड ने भारत और न्यूजीलैंड जैसी धाकड़ टीमों को पीछे छोड़ दिया है, जो मौजूदा समय में विश्व क्रिकेट पर राज कर रही है। आयलैंड छठी ऐसी टीम बनी है जो 10 मैच से पहले टेस्ट में जीत हासिल करने में सफल रही है।

### भारत को 25वें टेस्ट में मिली थी जीत

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच 1932 में खेला था, लेकिन टीम इंडिया को लाल गेंद क्रिकेट में पहली जीत का स्वाद 25 वें मैच में मिली थी। इस लिहाज से आयरलैंड की टीम भारत से काफी आगे है। इसके अलावा न्यूजीलैंड की टीम सबसे अधिक मैचों में के बाद पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड ने अपने 45वें मैच में पहली जीत हासिल की थी।



आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। अफगानिस्तान की टीम की अपनी पहली पारी में 155 रन ही बना सकी। इसके जवाब में आयरलैंड ने 263 रन बनाकर 108 रन की मजबूत बढ़त बना ली। ऐसे में अफगानिस्तान को मैच की तीसरी पारी में एक बड़ी चुनौती मिल गई।

अफगानिस्तान अपनी दूसरी पारी में जब बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी तो वह आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ 218 रन बनाकर ढेर गई। ऐसे में आयरलैंड को मैच में जीत के लिए सिर्फ 111 रनों का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने सिर्फ 4 विकेट गंवाकर हासिल लिया।

# अडानी की टीम लगातार तीसरा मैच हारी

यूपी वॉरियर्स ने 6 विकेट से हराया

**बैंगलुरू, एजेंसी।** सोफी एकलेस्टन (20 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद ग्रेस हैरिस की 33 गेंद में 60 रन की नाबाद पारी के बूते यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग 2024 मैच में शुक्रवार,1 मार्च को गुजरात जायंट्स को छह विकेट से शिकस्त दी। यूपी वॉरियर्स ने गुजरात की टीम को पांच विकेट पर 142 रन पर रोकने के बाद 15.4 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। यूपी वॉरियर्स की यह चार मैचों में दूसरी जीत है। गौतम अडानी की टीम गुजरात की यह तीन मैचों तीसरी हार है।

प्लेयर ऑफ द मैच हैरिस ने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (14 गेंद में नाबाद 17) के साथ 30 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी की। उन्होंने डब्ल्यूपीएल में पदार्पण कर रही श्रीलंका की अनुभवी चमारी अटापट्टू (11 गेंद में 17 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 36 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली ने 21 गेंद में सात चौके की मदद से 33 रन बनाकर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलायी। गुजरात जायंट्स के लिए तनुजा कंवर ने 23 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले फोबे लिचफील्ड (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन कर तेजतर्रार साझेदारी कर टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई,लेकिन यूपी ने



बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया।

यूपी वॉरियर्स के लिए एकलेस्टन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। राजेश्वरी गायकवाड को एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने तीसरे ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ चार चौके जड़ अपने इरादे जाहिर कर दिये। पांचवें ओवर में तनुजा ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाली किरण नवगिरे की आठ गेंद में 12 रन की पारी को खत्म किया। अटापट्टू ने इसी ओवर में चौके के साथ खाता खोला। कैथरीन ब्राइस ने इसके बाद हीली को आउट कर गुजरात को बड़ी सफलता दिलायी।

तनुजा ने नौवें ओवर में अटापट्टू को आउट किया हैरिस ने क्रीज पर आते ही इस ओवर में दो चौके जड़कर दबाव को कम किया। उन्होंने पदार्पण कर रही मन्नत कश्यप के के ओवर में दो चौके और छक्का जड़ रन गति को तेज किया। तनुजा ने नौवें ओवर में अटापट्टू से दो चौका खाने के बाद इस दिग्गज बल्लेबाज को चलता किया। हैरिस ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैदान के चारों ओर चौके जड़े। उन्होंने 14वें ओवर में गार्डनर की गेंद पर दर्शनीय छक्का जड़ा। इसी ओवर में दीप्ति ने आखिरी दो गेंदों पर दो चौके लगाये।

हैरिस ने 15वें ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ दो चौके जड़ 30 गेंद में गुजरात के खिलाफ तीसरा अर्धशतक पूरा किया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर वुलफार्ट ने दूसरे ओवर में अंजली सरवानी के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी एकलेस्टन ने मूनी की 16 गेंद में 16 रन की पारी को खत्म किया। इस विकेट के बाद यूपी के गेंदबाजों ने रन गति पर अंकुश लगाया और इसका फायदा उन्हें 10वें ओवर में वुलफार्ट के विकेट के साथ मिला।

वुलफार्ट ने एकलेस्टन की गेंद पर आउट होने से पहले 26 गेंद में चार चौके लगाये। हरलीन देओल जहां तेजी से रन बनाने में संघर्ष कर रही थी तो वहीं क्रीज पर आयी लिचफील्ड ने 11वें ओवर में अटापट्टू के खिलाफ दो चौके जड़ दिये। राजेश्वरी ने हरलीन की 24 गेंद में 18 रन की पारी को खत्म किया। लिचफील्ड को इसके बाद 15वें ओवर में जीवनदान मिला।एकलेस्टन की गेंद पर दीप्ति शर्मा ने उनका आसान कैच टपकाया। उन्होंने 16वें ओवर में ग्रेस हैरिस के खिलाफ चौका जड़कर इसका जश्न मनाया। इसी ओवर में गार्डनर ने पारी का पहला छक्का जड़ टीम के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। लिचफील्ड ने 17वें ओवर में दीप्ति के खिलाफ छक्का लगाकर गार्डनर के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। 19वें ओवर में एक्लेस्टन की गेंद पर रिवर्स स्कूप शॉट खेलने की कोशिश में गर्डनर गेंद को अटापट्टू के हाथों में खेल बैठी।

विमेंस प्रीमियर लीग

## फैन ने आरसीबी की श्रेयंका पाटिल को दिया शादी का प्रपोजल, डगआउट में खिलाड़ियों की नहीं रुकी हंसी

विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने धमाकेदार शुरुआत की है। स्मृति मंधाना के नेतृत्व वाली टीम ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। मंगलवार को आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करके गुजरात जाइंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। आरसीबी की टीम ने 45 गेंद शेष रहते ये लक्ष्य हासिल कर लिया है और पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। बैंगलोर की पारी के दौरान एक फैन ने प्लेकार्ड पर श्रेयंका पाटिल को शादी के लिए प्रपोजल दिया था, कैमरे पर प्लेकार्ड दिखते ही आरसीबी के खेमे में खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए।



भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल जारी सीजन में ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकीं हैं। लेकिन वह दोनों मैचों में टीम का हिस्सा रहीं हैं। बैंगलोर की पारी के 7वें ओवर में टीवी पर कुछ फैंस दिखाई दिए, जिसमें से एक ने प्लेकार्ड ले रखा था, जिस पर लिखा क्या तुम मुझसे शादी करोगी श्रेयंका पाटिल। प्लेकार्ड जैसे ही टीवी पर दिखा डगआउट में बैठे आरसीबी के खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए। मैच की बात करें तो स्मृति मंधाना ने 27 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए।

## संक्षिप्त समाचार

### मानव मन एक पहेली, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- असंख्य वजहों से कोई कर सकता है आत्महत्या



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मानव मन एक पहेली है और असंख्य वजहों से कोई महिला या पुरुष आत्महत्या कर सकते हैं। कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ 24 साल पहले अपनी मकान मालकिन का उत्पीड़न करके आत्महत्या करने को मजबूर करने के आरोपित को बरी कर दिया। बेला एम त्रिवेदी और उज्जल भुयन की खंडपीठ ने कहा कि ऐसा हमेशा नहीं हो सकता कि कोई व्यक्ति आत्महत्या करे और उन परिस्थितियों में फंसे व्यक्ति का उससे कुछ लेना-देना हो। इस मामले में आत्महत्या के लिए शैक्षणिक नतीजों में निराशा, कॉलेज के माहौल में दमन, खासकर छात्रों को दरकिनार किया जाना या फिर नौकरी न मिलना या वित्तीय संकट आत्महत्या की वजह कुछ भी हो सकता है। सर्वोच्च अदालत ने कहा, उल्लेखनीय है कि इस मामले में एक पूर्व किरायेदार ने अपनी मकान मालकिन को बहन के बच्चे को स्कूल छोड़कर लौटने के दौरान शादी का प्रस्ताव दिया। युवती के मना करने पर उसने उसकी बहन के परिवार को तबाह करने की धमकी दी और उनका शील भंग कर हत्या करने की भी धमकी दी। घबराई युवती ने घर लौटकर फोन पर अपनी बहनों को इस बारे में जानकारी दी और छह जुलाई, 2000 को जहर खाकर जान दे दी थी।

### पहली बार वायुसेना के चार यूनिट को एक साथ मिलेगा प्रेसिडेंटस कलर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आठ मार्च को हिंडन वायुसेना स्टेशन में बल की चार यूनिट को राष्ट्रपति के मानक और रंग (कलर) पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। भारतीय वायुसेना के इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब चार यूनिटों को एक साथ इन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति मानक और रंग पुरस्कार किसी भी सशस्त्र बल इकाई के लिए सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। इन चयनित इकाइयों को यह सम्मान पिछले 25 वर्षों के दौरान उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार शांति और युद्ध, दोनों के दौरान इन इकाइयों की परिचालन उत्कृष्टता, समर्पण और प्रमाणित योगदान की एक स्वीकृति है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 45 स्क्वाड्रन व 221 स्क्वाड्रन को राष्ट्रपति मानक और 11 बेस रिपेयर डिपो व 509 सिग्नल यूनिट को राष्ट्रपति रंग पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति का मानक सम्मान 45 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन और 221 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन शुभांकन प्राप्त करेंगे।

### कभी भी आ सकती है भाजपा की पहली लिस्ट, कमजोर सीटों पर तैनात किए प्रभारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस वीकेंड में लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा कर सकती है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की मैराथन बैठक में नाम तय कर लिए गए हैं। ये बैठक शुक्रवार सुबह तक चली थी। इस लिस्ट में कुछ हाई-प्रोफाइल नाम शामिल होने की संभावना है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ वे निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल हो सकते हैं जहां पार्टी पिछली बार हार गई थी। सत्तारूढ़ दल यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जिन सीटों पर वह पिछली बार जीतने में असफल रही थी, वहां उसके उम्मीदवारों को प्रचार करने और मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय मिले।

# सरकार ने किए 39125 करोड़ के पांच रक्षा करार; खरीदी जाएंगी मिसाइल, एयरो-इंजन, रडार समेत कई उपकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश की सैन्यशक्ति बढ़ाने के साथ ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी सिलसिले में केंद्र सरकार ने एक और कदम बढ़ाते हुए मेक इन इंडिया के तहत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों, मिग-29 लड़ाकू विमानों के इंजन, रडारों समेत विभिन्न रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए शुक्रवार को 39,125.39 करोड़ रुपये के पांच करार किए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव गिरधर अरमाने की उपस्थिति में इन रक्षा सौदों पर हस्ताक्षर किए गए। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच इन सौदों से चीन पर नकेल कसा जा सकेगा। स्वदेश में ही रक्षा उपकरणों का उत्पादन होने से विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। रक्षा उपकरणों के लिए विदेश पर निर्भरता कम होगी।

पांच करार में दो करार ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के
पांच करार में दो करार ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) के साथ किए गए हैं। ब्रह्मोस मिसाइलों को खरीदने के लिए 19,518.65 करोड़ रुपये का करार किया गया है। भारतीय



नौसेना के प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए इन मिसाइलों का इस्तेमाल होगा। इस परियोजना से नौ लाख कार्यदिवस में रोजगार मिलेगा।

बीएपीएल के साथ किया गया दूसरा अनुबंध 988 करोड़ रुपये की लागत से -ब्रह्मोस से लैस पोत खरीदने के लिए बीएपीएल के साथ किया गया है। यह नौसेना इससे समुद्र या जमीन पर सुपरसोनिक गति से हमला कर सकती है। इस प्रोजेक्ट से सात-आठ सालों तक 60 हजार कार्यदिवस का रोजगार मिलेगा। गौरतलब है कि ब्रह्मोस मिसाइलों को लद्दाख में भी तैनात करने की योजना है।

मिग-29 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-33 एयरो इंजन की खरीद के सौदे पर रक्षा क्षेत्र की प्रमुख सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ करार किए गए। इस परियोजना की लागत 5,249.72 करोड़ रुपये होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एयरो इंजन का उत्पादन एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा। ये इंजन मिग-29 में नई जान फूंक देंगे। इनका निर्माण रूस ओईएम की ट्रांसफर आफ टेक्नोलाजी (टीओटी) लाइसेंस के जरिये होगा। भविष्य में भी इसकी मरम्मत और विस्तार में कोई दिक्कत नहीं होगी।

लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के साथ दो समझौते किये गए हैं, जिसके तहत क्लोज-इन वेपन सिस्टम (सीआइडब्ल्यूएस) और उच्च क्षमता वाले रडार की खरीद की जाएगी। सीआइडब्ल्यूएस की खरीद पर 7,668.82 करोड़ रुपये और रडार की खरीद पर 5,700 करोड़ रुपये की लागत आएगी। क्लोज-इन हथियार प्रणाली कम दूरी की मिसाइलों और दुश्मन के विमानों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए रक्षा युद्ध प्रणाली है।

**पांच साल तक की परियोजना:** पांच साल की इस परियोजना के दौरान हर साल 2400 लोग इस काम में लगेंगे। उच्च क्षमता वाले रडार में निगरानी के अत्याधुनिक फीचर हैं। यह वायुसेना की वायु रक्षा क्षमता को बढ़ाएगा। निजी क्षेत्र के हाथों बनने वाली भारत में यह पहली रडार प्रणाली होगी। इससे प्रति वर्ष पांच साल तक औसतन एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

## कांग्रेस का चुनाव अभियान अगले हफ्ते से होगा शुरू; पार्टी ने भाजपा को जवाब देने की बनाई खास रणनीति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव आयोग आने वाले दिनों में कभी भी चुनावी तारीखों का एलान कर सकता है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी अगले हफ्ते लोकसभा चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू कर सकती है। अभियान में कांग्रेस विभिन्न आयु समूहों को लक्ष्य बनाकर उनसे जुड़ने की कोशिश करेगी। समाचार एजेंसी एएनआई ने पार्टी सूत्रों के हवाले से बताया कि पार्टी ने प्रचार सामग्री और होर्डिंग्स के लिए दो बड़ी कंपनियों को हायर किया है। पार्टी पहली बार अपनी मीडिया रणनीति में नए प्रयोग करने जा रही है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के केंद्रीकृत मीडिया अभियानों का जवाब देने के लिए कांग्रेस छोटे स्तर पर स्थानीय अभियान शुरू करेगी। वहीं, कांग्रेस किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का वादा करने वाले होर्डिंग्स भी लगाएगी। इससे पहले किसानों के दिल्ली चलो मार्च के दौरान पार्टी ने केंद्र की सत्ता में आने पर किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की घोषणा की थी। कांग्रेस अपना घोषणापत्र किसानों और युवाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार करेगी। सूत्रों के मुताबिक, घोषणापत्र राहुल गांधी के नारे जितनी आबादी, उतना हक के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। बता दें कि कांग्रेस ने सत्ता में आने पर देशव्यापी जाति जनगणना करवाने का वादा किया है। साथ ही दावा किया है कि यह अलग-अलग समुदायों के लोगों के लिए उनकी जनसंख्या के आधार पर नीति-निर्माण में सहायक बनेगा।

## टोपी, टी-शर्ट, टाइट ड्रेस पहनी तो नहीं मिलेगी एंट्री अबू धाबी का हिन्दू मंदिर आमजन के लिए खुला

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर को शुक्रवार को आम जनता के लिए खोल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी को पत्थर से निर्मित अबू धाबी के इस पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया था। मंदिर प्रबंधन ने अपनी वेबसाइट पर मंदिर में आने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें ड्रेस कोड से लेकर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के नियम बताए गए हैं।

मंदिर की वेबसाइट पर बताए गए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, टी-शर्ट, टोपी और टाइट फिटिंग ड्रेस पहनकर आने वालों को मंदिर में एंट्री नहीं दी जाएगी। गाइडलाइंस में कहा गया है कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश से पहले गर्दन, कोहनी और टखनों के बीच के शरीर के क्षेत्र को ढककर रखना होगा। गाइडलाइंस में कहा गया है, टोपी, टी-शर्ट और आपत्तिजनक डिजाइन वाले अन्य कपड़ों की अनुमति नहीं है। जालीदार या आर-पार दिखने वाले और टाइट-फिटिंग कपड़े न पहनें।

गाइडलाइंस में मंदिर प्रांगण में पालतु पशुओं को भी प्रवेश नहीं देने की बात कही गई है। इसके अलावा मंदिर परिसर में बाहरी भोजन और पेय की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, मंदिर परिसर के भीतर ड्रोन कैमरे या ड्रोन सख्त वर्जित हैं। गाइडलाइंस के मुताबिक मंगलवार से रविवार तक मंदिर सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक खुले रहेंगे। हरेक सोमवार को मंदिर आगंतुकों के लिए बंद रहेगा। यह मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दान में दी है। इस मंदिर का निर्माण नागर शैली में किया गया है। इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में स्वंयसेवक उमेश राजा के अनुसार, 20 हजार टन से अधिक चूना पत्थर के टुकड़ों को राजस्थान में तराशा गया और 700 कंटेनर में अबू धाबी लाया गया। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने 'एक्स' पर कहा, ''प्रतीक्षा समाप्त हुई!





## हजारों की संख्या में जमा समर्थकों ने नवलनी को दी अंतिम विदाई, माता-पिता भी हुए शामिल

**मास्को , एजेंसी।** क्रेमलिन की चेतावनी के बाद भी शुक्रवार को हजारों की संख्या में समर्थक एलेक्सी नवलनी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वे नवलनी-नवलनी के नारे लगा रहे थे। कुछ चिल्ला रहे थे आप डरे नहीं थे, हम भी नहीं हैं। मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं छोड़ा जाएगा। इस दौरान आसपास कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। उन्हें मास्को में बोरिसोव्स्की कब्रिस्तान में दफनाया गया। अंतिम यात्रा में उनकी मां ल्यूडमिला और पिता अनातोली शामिल हुए। रूस से बाहर होने के कारण उनकी पत्नी और बच्चे इसमें शामिल नहीं हुए। भीड़ के बीच कई लोगों ने हाथों में फूलों के गुच्छे ले रखे थे। कई राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विरोध में नारे लगा रहे थे। नवलनी के समर्थक अंतिम यात्रा का लाइव प्रसारण कर रहे थे। स्थानीय मीडिया ने इसे काफी कम कवरेज दिया। इसमें भाग लेने वालों में अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी सहित पश्चिमी राजनयिक, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बोरिस नादेजदीन और येकातेरिना डंटसोवा भी शामिल थे। उनकी पत्नी यूलिन ने पुतिन और मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन पर सार्वजनिक अंतिम संस्कार को रोकने की कोशिश का आरोप लगाया।

**कई लोगों को लिया गया हिरासत में:** इस बीच, सीएनएन ने कहा है कि शुक्रवार को एलेक्सी नवलनी के अंतिम संस्कार में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अन्य 22 लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल होने से पहले हिरासत में ले लिया गया।

## अफगानिस्तान में अंडरग्राउंड स्कूल चला रहीं महिलाएं

**काबुल , एजेंसी।**
अफगानिस्तान की धरती पर तालिबान के शासन में 33 साल की रोया अजीमी 2022 से लड़कियों के लिए अंडरग्राउंड स्कूल चला रही हैं। उनके साथ 6 अन्य महिलाएं 9 से 18 साल की करीब 150 लड़कियों को पढ़ाती हैं।

एक बार तालिबान की धार्मिक मामलों की समिति के लोगों ने स्कूल में घुसने की कोशिश भी की थी। लेकिन आस-पड़ोस के पुरुषों ने इसे सिर्फ लड़कियों का सिलाई स्कूल बताकर उन्हें रोक लिया। इसके बाद रोया को स्कूल बंद करना पड़ा था, लेकिन यह जानते हुए कि वे कभी भी पकड़ी जा सकती हैं, उन्होंने स्कूल शुरू किया। पकड़े जाने पर दूसरी बैक-अप इमारत ढूंढ़ रखी है। इतने जोखिमों के बाद भी रोया का कहना है कि वह डरी नहीं हैं। वे कहती हैं- पढ़ाना धर्म, विश्वास, संस्कृति या लोगों के विरुद्ध नहीं है। यह गर्व का काम है।

### बुरका पहने रखने की शर्त पर पढ़ाई करने की छूट मिली थी

खुद रोया को भी शिक्षा पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। रोया के चाचा नहीं चाहते थे कि वे पढ़ाई करें। रोया की मां ने चाचा को राजी करवाया और हमेशा बुरका पहने रखने की शर्त पर उन्हें पढ़ाई करने की छूट मिली। रोया ने फारसी साहित्य में पढ़ाई की है।

### तालिबान ने 2022 में लड़कियों की शिक्षा पर बैन लगाया था

अफगानिस्तान की तस्वीर 2021 में बदलना शुरू हुई। 15 अगस्त 2021 को तालिबान यहां दोबारा काबिज हुआ था। सत्ता पर काबिज होने के बाद तालिबान ने कठोर इस्लामी शासन से राहत देने की बात कही थी। फिर भी महिलाओं पर कई प्रतिबंध लगाए गए।

21 दिसंबर 2022 को सरकार ने लड़कियों की शिक्षा पर बैन लगा दिया था। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में जाने नहीं दिया गया। महिलाओं के अकेले लंबी यात्रा करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। महिलाएं केवल उसी तय दिन पब्लिक गार्डन और पार्कों में जा सकती हैं, जिस दिन पुरुष वहां नहीं जाते। मई 2022 में अफगानिस्तान के सुप्रीम लीडर और तालिबान चीफ हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने महिलाओं को सार्वजनिक जगहों पर खुद को पूरी तरह से ढंकने का आदेश दिया था।



### महिला शिक्षा पर ओआईसी की कोशिशें नाकाम

पिछले साल यानी जनवरी 2023 में इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन का एक डेलिगेशन काबुल पहुंचा था। ओआईसी मेंबर्स अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत पर वुमन एजुकेशन शुरू करने का दबाव डाल रहे थे। तालिबान हुकूमत ने ओआईसी के मेंबर कंट्रीज से कहा दिया कि उन्हें इस मामले में सब्र से काम लेना चाहिए। तालिबान हुकूमत और ओआईसी डेलिगेशन के बीच महिला शिक्षा को लेकर कोई डील नहीं हो सकी।

## पाकिस्तान में पीएमएल-एन के सरदार अयाज सादिक बने स्पीकर

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में इमरान खान समर्थकों के विरोध के बीच शुक्रवार को नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता सरदार अयाज सादिक को स्पीकर और बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता गुलाम मुस्तफा शाह को डिप्टी स्पीकर चुन लिया गया। अब रविवार को प्रधानमंत्री और नौ मार्च को राष्ट्रपति का चुनाव किया जाएगा। पीएमएल-एन के नेता सादिक को कुल 291 मतों में से 199 और उनके प्रतिद्वंद्वी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआइसी) के आमिर डोगर को मात्र 91 वोट मिले। सादिक तीसरी बार इस पद के लिए चुने गए हैं। डिप्टी स्पीकर चुने गए शाह को 197 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एसआइसी के जुनैद अकबर को 92 मत प्राप्त हुए। अगले चरण में अब शनिवार से प्रधानमंत्री चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी जो रविवार को पूरी होगी। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का दूसरी बार प्रधानमंत्री चुना जाना तय है क्योंकि पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन ने उन्हें नामित किया है। नौ मार्च को राष्ट्रपति के चुनाव में पीपीपी के नेता और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को फिर से चुने जाने की पूरी संभावना है।

## थाइलैंड ने भारत विरोधी बयान देने वाले राजदूत को हटाया

**बैंकाक, एजेंसी।**
भारत के विरोध के बाद थाईलैंड ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की बैठक से अपनी राजदूत पिमचनोक वोंकोर्पोन पिटफील्ड को वापस बुला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी जगह अब थाईलैंड के विदेश सचिव बैठक में शामिल होंगे।

दरअसल, डब्ल्यूटीओ में मंत्री स्तर का सम्मेलन यूएई के अबु धाबी में चल रहा है। इसमें कृषि पर चर्चा के दौरान थाईलैंड ने आरोप लगाया कि भारत पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम के लिए सब्सिडी पर अनाज खरीदकर उसे एक्सपोर्ट कर देता है। यह व्यापार नियमों के खिलाफ है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, थाईलैंड के इन आरोपों को अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया समेत कई विकसित देशों ने समर्थन भी किया। इसके बाद भारत ने विरोध में उन बैठकों को बॉयकॉट किया, जिनमें थाईलैंड मौजूद था। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि भारत सरकार ने देश में मौजूद थाईलैंड के राजदूत के सामने भी मामले में विरोध जताया है। भारत की तरफ से बैठक में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने डब्ल्यूटीओ चीफ नगोजी ओकोन्जो-इविआला, अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के मंत्रियों के सामने विरोध भी जताया। गोयल ने कहा- भारत डब्ल्यूटीओ में कनसेंसस बनाने में अहम भूमिका निभाता आया है लेकिन कुछ देश इसे तोड़ रहे हैं। भारत डब्ल्यूटीओ के न्याय सिद्धांतों पर कायम है। हम चाहते हैं कि यहां लिए गए सभी फैसले भारत के किसानों और मछुआरों के हित में हों।



### अधिकारी ने कहा- थाईलैंड के राजदूत ने गलत तथ्य बताए

भारतीय अधिकारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा- थाईलैंड की राजदूत की ओर से दिए गए तथ्य गलत हैं। भारत में चावल की जितनी पैदावार होती है, उसका 40 प्रतिशत ही फूड सिक्योरिटी के लिए सब्सिडी पर दिया जाता है। बाकी का चावल, जिन्हें सरकारी एजेंसियां नहीं खरीदती हैं, उसे ही एक्सपोर्ट किया जाता है। बता दें कि डब्ल्यूटीओ ने सब्सिडी को लेकर एक सीमा तय कर रखी है। दरअसल, डब्ल्यूटीओ मानता है कि किसानों या स्थानीय उत्पादकों को सब्सिडी देना गलत है। इससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार पर असर पड़ता है। डब्ल्यूटीओ के सब्सिडी नियमों के मुताबिक, कोई भी विकासशील देश अपने यहां पैदा हुए चावल का कुल 10 प्रतिशत ही सब्सिडी के तौर पर दे सकते हैं। विकसित देशों के लिए यह सीमा 5 प्रतिशत है।

**भारत ने 2023 में टूटे और गैर-बासमती चावल का एक्सपोर्ट बैन किया:** 2018 से 2022 तक भारत दुनिया में चावल एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश रहा। दूसरे नंबर पर थाईलैंड और तीसरे पर विएतनाम था। भारत ने साल 2022 में 2.22 करोड़ टन चावल एक्सपोर्ट किया था।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 02-03-2024 21:48 Page 1



# अत्याधुनिक लो-रा-वैन-आधारित टॉक्सिक गैस निगरानी प्रणाली का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** कार्यस्थल पर गैस सुरक्षा की दृष्टिकोण से रियल टाइम टॉक्सिक गैस (कार्बन मोनोऑक्साइड) सिस्टम प्लांट के लिए काफी अहम है। इसे देखते हुए प्लांट में एक अत्याधुनिक लोरावन-आधारित टॉक्सिक गैस निगरानी प्रणाली स्थापित की गई है जिसका उदघाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। उद्घाटन के मौके पर अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-सीसीएस), मुख्य महाप्रबंधक (एचएसएम) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक(क्वालिटी) मनोहर लाल, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) वी के सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) एम पी सिंह , मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) गुलशन कुमार, महा प्रबंधक (सीओ सी सी) के एन झा और संयंत्र के वरीय अधिकारीगण एवं गैस मॉनिटरिंग सिस्टम के विशेषज्ञ मेसर्स सेंसॉप्स टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के वरुण राज एच एस और दीपक कुमार भी उपस्थित थे।

मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) गुलशन कुमार ने इस इनोवेटिव प्रोजेक्ट की पृष्ठभूमि और इसके दीर्घकालिक अपेक्षित लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ऊर्जा प्रबंधन विभाग की डिजिटल रणनीति के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि टॉक्सिक गैस निगरानी की यह प्रणाली इंटरनेट ऑफ थिंग्स गेटवे के माध्यम से पूरे संयंत्र में उपयोग होने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड गैस मॉनिटर सिस्टम के डाटा को एकीकृत करती है। यह तकनीक क्लाउड-आधारित रियल टाइम कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की निगरानी प्रणाली की सुविधा प्रदान करता है जिससे गैस सुरक्षा से जुड़े कर्मियों को महत्वपूर्ण स्थानों की सक्रिय निगरानी करने और तेजी से सुधारात्मक कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

कार्यस्थल में सुरक्षा पर बल देते हुए अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। यह परियोजना अधिक सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह संयंत्र में चल रहे डिजिटलीकरण प्रयासों का एक हिस्सा है और अन्य औद्योगिक सुविधाओं के लिए एक मॉडल है। इस परियोजना के प्रभारी, सौरभ सिंह सहायक महा प्रबंधक (ईएमडी) ने परियोजना से होने वाले प्रमुख लाभों के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली से रियल टाइम निगरानी और अलर्ट शामिल हैं जो संभावित गैस रिसाव का तत्काल पता लगाने, त्वरित प्रतिक्रिया और शमन की सुविधा प्रदान करता है। यह प्रणाली सक्रिय सुरक्षा का उपाय उपलब्ध कराती है जिसकी मदद से संभावित खतरों को रोका जा सकता है। यह प्रणाली डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रवृत्ति विश्लेषण और सुरक्षा प्रोटोकॉल को अनुकूलित करने के लिए उपयोगी डेटा प्रदान करती है जिसपर आधारित उन्नत निर्णय से गैस सुरक्षा प्रबंधन में सुधार होता है। बीएसएल की पूरी गैस सुरक्षा टीम, जिसका नेतृत्व एएस नंदी, जीएम (ईएमडी), आशीष बघेल, उप प्रबंधक (ईएमडी), रवि राज, एस रैना,समीर, संजीव, डी के सिंह, रमेश और अन्य अधिकारियों ने परियोजना के सुचारू क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ डीईओ ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग द्वारा आगामी 04 मार्च को प्रस्तावित सोशल मीडिया अभियान की जानकारी दी। कहा कि अभियान का उद्देश्य आम जन/मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम है या नहीं आनलाइन माध्यम अथवा संबंधित मतदान केंद्र पर बीएलओ के माध्यम से प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम जांच कर संतुष्ट होने पर मतदाता सूची/वोटर इंफारमेशन स्लिप की प्रति के साथ सेल्फी/फोटो लेकर अपने -अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि पर हैशटैग उपयोग करते हुए पोस्ट करना है।

## मतदाताओं को एपिक के अलावा अन्य विकल्पों की दी गयी जानकारी

अगर किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा दर्ज नाम में कोई त्रुटि/संशोधन है तो मौके पर ही बीएलओ को फार्म भरकर जमा करेंगे। आन स्पाट मतदाता सूची में नाम दर्ज करने/संशोधित करने का कार्य किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बताया कि ईलेक्ट्रोल फोटो पहचान पत्र (ईपीक) के अलावा भारत निर्वाचन आयोग ने 12 अन्य दस्तावेज मान्य किया है। जिसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड, सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है। इसकी जानकारी मतदाताओं को दें,ताकि ईपीक नहीं होने के बाद भी वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप), नेशनल पीपुल्स पार्टी, सीपीआइएम,आजसू,बीएसपी,राजद आदि पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जविप्र दुकानदारों ने ली मतदाता प्रतिज्ञा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को चास प्रखंड सभागार में स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री प्रभाष दत्ता ने सभी जविप्र दुकानदारों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया।

नोडल पदाधिकारी ने मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सभी ने उक्त बातों को दोहराया।

उधर,चास प्रखंड सभागार में 04 मार्च को प्रस्तावित सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाने को लेकर जिले के सभी जविप्र) दुकानदारों के साथ बैठक की। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो ने 04 मार्च को प्रस्तावित सोशल मीडिया अभियान को सफल आयोजन को लेकर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया।

वहीं,श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा कौशल विकास केंद्र चंदनकियारी में अध्ययनरत छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। चुनाव का पर्व,देश का गर्व मतदान में सहभागिता निभाने की अपील की। सभी को मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया।

जेएसएलपीएस की सखी दीदीओं ने स्लोगन लिखी मेंहदी लगाकर ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। मेहंदी से सखी दीदीओं ने अपने हाथों पर मतदान मेरा अधिकार - वोट डालने जाना है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,वोट हमारा है अधिकार करें नहीं इसको बेकार आदि संदेश दिया।

# धनबाद के 53 वें उपायुक्त के रूप में माधवी मिश्रा ने ग्रहण किया पदभार

## लोस चुनाव की तैयारियों पर रहेगा फोकस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने आज धनबाद के 53 वें उपायुक्त के रूप में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त वरूण रंजन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पदभार संभाला। निवर्तमान उपायुक्त वरुण रंजन ने नई उपायुक्त को शुभकामनाएं दी।

पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी। चुनाव की तैयारियों पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस रहेगा। साथ ही कहा कि अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन, आयुष्मान भारत योजना सहित राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की तीव्र गति से प्रगति करेंगे।

उपायुक्त ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इससे विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया जा सकेगा। वहीं निवर्तमान उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि उनका कार्यकाल संतोषपूर्वक रहा। सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर पहुंचने का सौभाग्य मिला।

उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन और जनता के सहयोग से कई बड़े पर्व त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। अपने कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से धनबाद में कई काम किए। साथ ही कहा कि मीडिया सहित अन्य माध्यमों से कई समस्याओं की जानकारियां मिलती रही। उसके समाधान की दिशा में कई कारगर कदम उठाए। धनबाद में उपायुक्त के रूप में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा।

इसके बाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की और उनका परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# ठगी करने वाले तीन चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** लोन देने के नाम पर ठगी करने वाले तीन अपराधियों को चास पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। गिरफ्तार अपराधी सभी बोकारो के रहने वाले हैं। उनके पास से कई सामानों को भी जप्त किया गया है। चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली सूचना मिली थी की चास थानान्तर्गत शांति नगर में कुछ संदिग्ध किराये के एक मकान में रह रहे हैं। वे लोग फर्जी पहचान पत्र एवं दस्तावेज तैयार कर आम लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठग रहे हैं।

उक्त सूचना के आलोक में छापामारी दल का गठन किया गया, जिनके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शांतिनगर स्थित नयन कुमार के मकान में किराये पर रहने वाले अबिनाश कुमार के कमरा में छापमारी किया गया, जहां उनके अलावे एक अन्य व्यक्ति रवि कुमार सहनी उपस्थित पाये गये। उक्त दोनों व्यक्ति एवं कमरा की तलाशी लेने पर ठगी से संबंधित कई दस्तावेज बरामद हुआ। तत्पश्चात उक्त दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उन दोनों की निशानदेही पर छापामारी करते हुए उनदोनों के अन्य दो साथी राहुल सिंह एवं गोलु कुमार को चन्द्रा टॉकीज के पास से ठगी करने हेतु प्रयोग में लाये जा रहे ए०टी०एम०, बैंक खाता, सिम कार्ड एवं अन्य दस्तावेज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अबिनाश कुमार पूर्व में भी ठगी के अन्य तीन कांडों में जेल जा चुके है।गिरफ्तार अपराधियों के पास से मोबाईल 05 पीस , पासबुक 12 पीस, एटीएम 43 पीस,बैंक चेकबुका- पीस 5,पैन कार्ड 08 पीस,आधार कार्ड 17 पीस, वोटर आई० कार्डः- 01 पीस सिम कार्डः- 18 पीस 8. पेन ड्राईक 01 पीस,वाहन रजिस्ट्रेशन कार्डः- 01 ,11 बायोमेट्रिक मशीन-01 पीस, लैपटॉप चार्जर 01 पीस बरामद हुआ।

# ड्यूटी में कोताही की सजा मिली डीडीसी को?

**रांची।** धनबाद में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण सरकार ने कार्रवाई करते हुए डीसी वरुण रंजन को पद से हटा दिया है। माधवी मिश्रा धनबाद की नई उपायुक्त बनाई गई हैं।

बताया जाता है कि वरुण रंजन की गलती के कारण धनबाद में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीऑफ नहीं कर पाए थे। सीऑफ के लिए जाने के क्रम में एक वाहन खराब हो गया था, जबकि दूसरा वाहन डीसी समय पर उपलब्ध नहीं करा सके। पीएम और सीएम के जाने के बाद शाम होते-होते वरुण के तबादले का आदेश आ गया।

माधवी रांची में झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर थीं। वह 2015 बैच की आइएएस अधिकारी हैं। वह रामगढ़ में डीसी तथा हजारीबाग में नगर निगम आयुक्त पद पर रह चुकी हैं। वह लखनऊ की रहनेवाली हैं।

# 4 मार्च से शुरू होने वाले सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाने की डीईओ ने की अपील

## डीईओ सह डीसी ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों/पीएसयू को दिया दिशा- निर्देश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग द्वारा आगामी 04 मार्च 2024 को प्रस्तावित सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने बैठक की।

बैठक में सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं जिले में स्थापित विभिन्न पब्लिक सेक्टर इकाईयों (पीएसयू) के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। मौके पर पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार,उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, डीपीएलआर मेनका,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि कई बार ऐसा होता है,कि मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण मतदान दिवस के दिन मतदान करने से कोई मतदाता वंचित रह जाता है। ऐसा नहीं हो,इसी उद्देश्य को लेकर मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड सरकार ने 04 मार्च को सोशल मीडिया अभियान रखा है।

आम जन/ मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम ऑनलाइन माध्यम अथवा अपने मतदान केंद्र पर बीएलओ के माध्यम से प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम जांच कर संतुष्ट होने पर मतदाता सूची/वोटर इंफारमेशन स्लिप की प्रति के साथ सेल्फी/फोटो लेकर अपने - अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि पर हैशटैग उपयोग करते हुए पोस्ट करेंगे।

उक्त तिथि सोमवार को सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे। अगर किन्हीं का नाम मतदाता सूची में नहीं है,किसी का स्थानांतरण हो गया है या फिर किसी के नाम में कोई त्रुटि है,तो मौके पर उपलब्ध बीएलओ से फार्म 06/फार्म 07 एवं फार्म 08 लेकर भरकर अविलंब मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी वरीय पदाधिकारियों को उनके अधिनस्त अधिकारियों/ कर्मियों एवं पब्लिक सेक्टर इकाईयों के प्रतिनिधियों को अधिकारियों/ कर्मियों/श्रमिकों एवं उनके परिजनों के साथ कार्यशाला/बैठक कर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इस संदेश को पहुंचाने और अभियान में सहभागिता निभाते हुए सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाने का अपील किया।

मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारी/ कर्मियों को मोबाइल गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कराते हुए मोबाइल नंबर,विवरणी एवं ईपीक नंबर से मतदाता सूची में दर्ज नाम की जांचने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बैठक में सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी, बीडीओ/सीओ, जिला स्तरीय पदाधिकारी, निजी कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# बीएलओ से समन्वय स्थापित कर मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराएं सुविधा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ/सीओ के साथ बैठक की। बैठक में 04 मार्च 20224 को प्रस्तावित सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाने, अभियान को लेकर बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) को अवगत कराने को कहा। उन्हें विस्तृत जानकारी देने को कहा। ताकि वह आमजन/ मतदाताओं को इसकी जानकारी दे सकें। उक्त तिथि को सभी बीएलओ मतदान केंद्र पर पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6,फॉर्म 7 एवं फॉर्म 8 रखेंगे। अभियान के दिन सभी ईआरओ झ एईआरओ मतदान केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी बीडीओ/सीओ को बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान केंद्रों में अश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) सुनिश्चित करने को कहा। कहा कि छोटे - मोटे कार्यों के निष्पादन को लेकर सभी बीएलओ को राशि उपलब्ध कराई जा रही है। बीएलओ द्वारा एएसडी (अब्सेंट/ शिफ्टेड या डेड) एवं 85 प्लस वरिष्ठ नागरिकों/दिव्यांग मतदाताओं का हाउस टू हाउस सर्वे किया जाना है। इसके लिए सभी को विस्तृत मार्गदर्शन/प्रशिक्षण दें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ/सीओ को सखी मतदान केंद्र,यूथ मैनेज मतदान केंद्र आदि को चिन्हित करने। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कतारबद्ध करने एवं उपलब्ध सहूलियत को सुनिश्चित करने में सहयोग करने के लिए स्वयं सेवकों को चिन्हित करने को कहा। कलस्टर/मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों के भोजन आदि की व्यवस्था विद्यालय की माता समिति/मुख्यमंत्री दाल भात केंद्रों आदि के साथ टैग कर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी/डीईओ - डीएसई को मतदान केंद्रों के आस -पास साफ -सफाई,मतदान केंद्रों के पानी टंकी की साफ-सफाई आदि सुनिश्चित करने को कहा।

बीडीओ/सीओ - पुलिस पदाधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित चेक पोस्ट पर गहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। कहा कि आस - पास के होटल/ढ़ाबों में भी उत्पाद टीम के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए धारा 107 एवं 116 के तहत कार्रवाई करने वालों की अद्यतन सूची तैयार करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने समन्वय के साथ बीडीओ झ सीओ/थाना प्रभारी/पुलिस पदाधिकारियों को काम करने का निर्देश दिया। निर्वाचन के सभी दायित्वों के निष्पादन में गंभीरता बरतने को कहा।

# चुनाव में भाजपा 11 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। वहीं, भाजपा ने झारखंड के कई प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है।

बता दें कि भाजपा 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया। उम्मीदवारों की पहली सूची में 34 केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष शामिल हैं। हजारीबाग से इस बार भाजपा ने मनीष जायसवाल को टिकट दिया है। वहीं, गोड्डा से निशिकांत दूबे को टिकट दिया गया है। जमशेदपुर लोकसभा सीट से विद्युत वरण महतो को भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

इसके अलावा दुमका से सुनील मरांडी, कोडरमा से अन्नापूर्णा देवी, सिंहभूम से गीता कोड़ा, खूंटी से अर्जुन मुंडा को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

वहीं, रांची लोकसभा सीट से संजय सेठ को टिकट दिया गया है। साथ ही लोहरदगा से समीर उरांव को टिकट मिला है। पलामू से बीडी राम और राजमहल सीट से तालामरांडी को टिकट मिला है।

## रिश्वत लेते धराया

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की टीम ने चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी व्यांजन मिंज उर्फ मेंजामिन कुजूर को शुक्रवार की दोपहर सात हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। वह म्यूटेशन के एवज में रिश्वत ले रहा था।

शिकायतकर्ता सुनीत उरांव चान्हो के रघुनाथपुर स्थित कोको नवाटोली के रहने वाले हैं। उन्होंने एसीबी में लिखित शिकायत की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि छह फरवरी 2024 को उन्होंने सनिया उरांव से पांच डिसमिल जमीन खरीदी थी।

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com**